**सुविचार**
माता के समान सुख देने वाली कौन है? उत्तम विद्या। देने से क्या बढ़ती है? उत्तम विद्या।
शंकराचार्य

Daily
# THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
Published from Ranchi

Ranchi ● Thursday, 02 November 2023 ● Year : 01 ● Issue : 284 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com E-Paper : epaper.thephotonnews.com



12
टाइगर 3 में सलमान को पूरी टक्कर...

**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | : | 63,591.33 |
| निफ्टी | : | 18,989.15 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,800 |
| चांदी | : | 77.00 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

**BRIEF NEWS**

### 15 नवंबर को रांची आएंगे पीएम, तैयारियां जोरों पर

**RANCHI :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 नवंबर झारखंड स्थापना दिवस और जनजातीय गौरव दिवस के मौके पर रांची आएंगे। इस मौके पर होने वाले कार्यक्रम को लेकर तैयारियां जोरों पर है। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर मुख्य सचिव सुखदेव सिंह ने राज्य के आला अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को भी विस्तार से चर्चा की गयी। साथ ही उनके रोड शो पर चर्चा हुई है। रांची एयरपोर्ट से प्रधानमंत्री सड़क मार्ग से होते हुए बिरसा मुंडा स्मृति पार्क तक पहुंचेंगे। वे खूंटी में भगवान बिरसा की जन्मस्थली उलिहातू भी पहुंचेंगे। बिरसा मुंडा स्मृति पार्क में मोदी 20 से 25 मिनट तक का समय बिता सकते हैं। इसके बाद उनके राजभवन जाने की चर्चा है। यहां प्रधानमंत्री 15 से 20 मिनट वह रुक सकते हैं।

### हीरानंदानी-देहाद्राई को क्रॉस एग्जामिन करने की मांग

**NEW DELHI :** संसद में सवाल के बदले पैसे (कैश फॉर क्वेरी) लेने के मामले में टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने बिजनेसमैन दर्शन हीरानंदानी और सुप्रीम कोर्ट के वकील जय अनंत देहाद्राई को क्रॉस एग्जामिन करने की मांग की है। महुआ ने 31 अक्टूबर को लोकसभा की एथिक्स कमेटी को लेटर लिखा। इसमें टीएमसी सांसद ने कहा- हीरानंदानी और देहाद्राई ने मेरे खिलाफ लगाए आरोपों का सबूत नहीं दिया है। इसलिए मैं दोनों को क्रॉस एग्जामिन करने के अपने अधिकार का इस्तेमाल करना चाहती हूं। कैश फॉर क्वेरी मामले में महुआ 2 नवंबर को एथिक्स कमेटी के सामने पेश होंगी। 31 अक्टूबर को दिल्ली रवाना होने से पहले महुआ ने कहा- 2 नवंबर को सारे झूठ ध्वस्त कर दूंगी। अगर मैंने एक भी रुपया लिया होता, तो भाजपा तुरंत मुझे जेल में डाल देती। भाजपा मुझे संसद से सस्पेंड कराना चाहती है। सच तो यह है कि वे मेरा बाल भी बांका नहीं कर सकते।

### बारूदी सुरंग विस्फोट में सेना के तीन जवान घायल

**POONCH :** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा के पास बुधवार को एक बारूदी सुरंग विस्फोट में सेना के तीन जवान घायल हो गए। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार मेंढर सेक्टर के फगवारी गली इलाके में गश्त के दौरान यह विस्फोट हुआ। अधिकारियों ने बताया कि घायलों को नजदीकी चिकित्सा सुविधा केंद्र में ले जाया गया और बाद में उनमें से दो को विशेष उपचार के लिए राजौरी के एक सैन्य अस्पताल में रेफर किया गया है। अधिकारियों ने कहा कि घुसपैठ रोधी बाधा प्रणाली के हिस्से के रूप में आगे के क्षेत्र बारूदी सुरंगों से भरे हुए हैं जो कभी-कभी बारिश के कारण बह जाते हैं जिसके परिणामस्वरूप इस प्रकार की दुर्घटनाएं होती हैं।



## पति की लंबी आयु के लिए महिलाओं ने किया करवाचौथ

**RANCHI :** राजधानी समेत देशभर में बुधवार को करवाचौथ का त्योहार बड़े हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। महिलाओं ने भगवान से पति की लंबी उम्र कामना किया। करवाचोथ का त्योहार ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर शहरी क्षेत्रों में देखने को मिला। ग्रामीण स्त्रियों से लेकर आधुनिक महिलाओं तक सभी करवाचौथ का व्रत बडी श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाती दिखीं। शास्त्रों के अनुसार यह व्रत कार्तिक मास के कृष्णपक्ष की चंद्रोदय व्यापिनी चतुर्थी के दिन करना चाहिए। पति की दीघार्यु एवं अखंड सौभाग्य की प्राप्ति के लिए इस दिन भालचंद्र गणेश जी की अर्चना की जाती है। करवाचौथ में भी संकष्टीगणेश चतुर्थी के जैसे महिलाएं दिन भर उपवास रखकर रात में चंद्रमा को अर्घ्य देने के उपरांत ही भोजन करती नजर आई।

# जेट एयरवेज की 538 करोड़ की प्रॉपर्टी जब्त

## बैंक फ्रॉड केस में ईडी ने की कार्रवाई

**AGENCY NEW DELHI :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बैंक फ्रॉड के एक मामले में जेट एयरवेज के फाउंडर नरेश गोयल और पांच अन्य के खिलाफ कार्रवाई की है। ईडी ने इस मामले में 538 करोड़ रुपए की प्रॉपर्टी जब्त की है। कुर्क की गई संपत्तियों में विभिन्न कंपनियों और व्यक्तियों के नाम पर 17 आवासीय फ्लैट और बंगले और कॉमर्शियल कैंपस शामिल हैं। इससे पहले ईडी ने 31 अक्टूबर को नरेश गोयल समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था। यह मामला केनरा बैंक में 538 करोड़ रुपए के फ्रॉड (मनी लॉन्ड्रिंग) से जुड़ा है। इसी मामले में ईडी ने नरेश गोयल को 1 सितंबर को गिरफ्तार किया था। वह फिलहाल मुंबई स्थित आर्थर रोड जेल में कैद हैं। केनरा बैंक ने आरोप लगाया था कि जेट एयरवेज की फोरेंसिक ऑडिट में पाया गया कि जेट ने अपने से जुड़ी कपंनियों यानी 'रिलेटेड कंपनियों' को 1,410.41 करोड़ रुपए ट्रांसफर किए। ऐसा कंपनी के अकाउंट से पैसा निकालने के लिए किया गया। गोयल परिवार के पर्सनल खर्चे - जैसे स्टाफ की सैलरी, फोन बिल और व्हीकल एक्सपेंस, सब जेट एयरवेज से ही होते थे।

# धनबाद में 14 साल बाद अभूतपूर्व बंद


## 500 करोड़ के कारोबार का हुआ नुकसान

**PHOTON NEWS DHANBAD :** अपराध के खिलाफ धनबाद जिला में बाजार बंद अभूतपूर्व रहा। साल 2009 में इसी तरह का आक्रोश यहां पर दिखा था। उस समय यहां कई व्यापारियों की हत्या एवं रंगदारी के लिए लगातार घटनाएं घट रही थी। उस समय भी यहां धनबाद बंद हुआ था। आज लगभग 14 वर्ष बाद धनबाद उसी स्थिति में पहुंच गया है। धनबाद में गिरते कानून व्यवस्था को लेकर धनबाद व्यापारी वर्ग में अनिश्चित कालीन आह्वान किया है। इस दौरान धनबाद के विभिन्न क्षेत्र हीरापुर, पुराना बाजार, बैंक मोड़, झरिया, केंदुआ, पटकी, बरवड्डा, गोविंदपुर, निरसा और धनबाद टोटो संघ द्वारा इस बंदी का पूर्ण समर्थन किया। पहले दिन अभूतपूर्व हड़ताल रहा। दिन भर सारी दुकानें बंद रहीं। पूरा कारोबार ठप हो गया। करवा चौथ पर पांच सौ करोड़ का कारोबार होता था लेकिन व्यापारी अपना व्यापार बंद कर घरों में बैठे रहें। शाम को उपायुक्त और सीनियर एसपी ने चैंबर के अधिकारियों के साथ बैठक की और उनसे आग्रह किया कि वे बंद वापस ले लें। लंबी बैठक के बाद चैंबर ने बंद वापस ले लिया है। यानी कल से धनबाद के सभी बाजार खुल जाएंगे। जनजीवन सामान्य हो जाएगा। व्यवसायी और चैंबर ऑफ कॉमर्स के अधिकारियों के साथ बैठक हुई। पुलिस की लगातार हो रही कार्रवाई से उन्हें अवगत कराया गया।

**पहले दिन बंद रही दुकानें, सड़को पर पसरा रहा सन्नाटा**

**डीसी-एसएसपी से वार्ता के बाद अनिश्चितकालीन बंद वापस**

- देर रात पुलिस ने व्यवसायी को गोली मारने वाले अपराधी छोटू अंसारी को किया गिरफ्तार
- अपराधी ने पुलिस पर किया हमला, जवाबी कार्रवाई में अपराधी के पैर में लगी गोली
- अपराधियों के हमले से बरोरा के थानेदार नंदुपाल घायल
- पूरी रात पुलिस ने की कार्रवाई, पकड़े गये सात अपराधी




### रेस हुई पुलिस, सात को दबोचा

बढ़ते अपराध और पुलिस की निष्क्रियता के खिलाफ व्यवसायियों के धनबाद बंद की घोषणा के बाद पुलिस रेस हुई। पुलिस ने अबतक सात अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार अपराधियों में छोटू अंसारी, रेहान राजा, मोनू, साहिल, राहुल सिंह, पिंटू कुमार महतो और विकास कुमार सिंह शामिल है। तीन की पहले गिरफ्तारी की गई। इनके पास से दो पिस्टल, 7 गोली, एक बाइक, दो मोबाइल बरामद की गई। एसपी के अनुसार इन तीनों अपराधियों से पूछताछ के दौरान पता चला कि बैंक मोड़ थाना क्षेत्र में व्यवसायी पर गोलीबारी की घटना में कुल चार अपराधियों ने मिलकर घटना को अंजाम दिया था। छोटू अंसारी ने गोली चलाई थी। जबकि रेहान राजा हथियार का सप्लाई किया था। मोनू मोटरसाइकिल चला रहा था। वही साहिल रेकी का काम कर रहा था। जानकारी मिलने क बाद पुलिस ने बैंक मोड़ में सरेशाम व्यवसायी दीपक अग्रवाल को गोली मारने वाले अपराधी छोटू अंसारी को गिरफ्तार किया। इस क्रम में अपराधी ने पुलिस से हथियार छीन कर हमला करने की कोशिश की, इस क्रम में जवाबी कार्रवाई में अपराधी छोटू अंसारी के पैर में गोली लगी, जबकि बरोरा थानेदार नंदुपाल भी घायल हो गये। अपराधियों की अहले सुबह तक चली धर-पकड़ के बाद बुधवार को दिन में एसएसपी संजीव कुमार ने संवाददाता सम्मेलन कर पूरे मामले की जानकारी दी।

**व्यापारियों की हर तरह से मदद करेंगे**

एसएसपी संजीव कुमार ने भी कहा कि अगर व्यापारियों को लगता है कि उनको किसी तरह का डर है, तो वह बिना किसी संकोच के पुलिस से संपर्क करें। अगर कोई धमकी देता है, तो उसके खिलाफ पुलिस में शिकायत करें। आरोपियों के खिलाफ पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने कई चेक पोस्ट बनाए हैं, वहां पुलिस को डिप्लॉय किया है। इसकी जानकारी चैंबर के सभी पदाधिकारियों को दी गई। एसएसपी ने कहा कि पुलिस से जो भी सहयोग व्यापारियों को या जनता को चाहिए, वह देने के लिए तैयार हैं।

# भारत-बांग्लादेश संबंधों का नया अध्याय, मोदी व हसीना ने 3 परियोजनाओं का किया उद्घाटन

## शेख हसीना ने दोस्ती को मजबूती देने के लिए पीएम का जताया आभार

- भारत-बांग्लादेश के बीच अगरतला-अखौरा अंतरराष्ट्रीय रेलवे लिंक का शुभारंभ
- प्रधानमंत्री मोदी बोले- भारत और बांग्लादेश के संबंध निरंतर छू रहे नई ऊंचाइयां



परियोजनाओं ऑनलाइन उद्घाटन करते पीएम मोदी व शेख हसीना।

**AGENCY NEW DELHI :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए त्रिपुरा के अगरतला और बांग्लादेश के ब्राह्मणबारिया जिले के अखौरा के बीच भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय रेल मार्ग का उद्घाटन किया। संयुक्त रूप से जिन तीन भारतीय सहायता प्राप्त विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया उनमें अखौरा अगरतला क्रॉस-बॉर्डर रेल लिंक, खुलना-मोंगला पोर्ट रेल लाइन और मैत्री सुपर थर्मल पावर प्लांट की यूनिट- क्क शामिल हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने इस मौके पर कहा कि यह बहुत खुशी की बात है कि हम एक बार फिर भारत-बांग्लादेश सहयोग की सफलता का जश्न मनाने के लिए एक साथ जुड़े हैं। हमारे संबंध निरंतर नई ऊंचाइयां छू रहे हैं। पिछले 9 वर्षों में हमने मिलकर जितना काम किया है, इतना काम कई दशकों में भी नहीं हुआ था। हमने बॉर्डर पर शांति, सुरक्षा और स्थिरता की बहाली के लिए दशकों से लंबित भूमि सीमा समझौता किया और समुद्री सीमा को भी सुलझाया। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के लोगों की साझा अपेक्षाओं और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए हमने इंफ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टिविटी के विकास पर विशेष बल दिया। पिछले 9 वर्षों में 3 नई बस सेवाएं शुरू की गई हैं। इससे ढाका-अगरतला-शिलांग-गुवाहाटी और कोलकाता को आपस में जोड़ा गया है। मोदी ने कहा, पिछले वर्षों में तीन नई रेल सेवाएं शुरू की गईं। 2020 से भारत और बांग्लादेश के बीच कंटेनर और आंशिक ट्रेनें चल रही हैं। पिछले नौ वर्षों में यात्रियों और माल के परिवहन के लिए अंतदेर्शीय जलमार्ग विकसित किए गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमारे कनेक्टिविटी पहल ने कोविड महामारी के दौरान लाइफलाइन का काम किया। ऑक्सीजन एक्सप्रेस ने 4 हजार टन से ज्यादा तरल चिकित्सा ऑक्सीजन भारत से बांग्लादेश पहुंचाई। हमने सबका साथ-सबका विकास की हमारी अप्रोच को बांग्लादेश जैसे अपने निकटतम पड़ोसी मित्र के लिए भी प्रासंगिक माना है।

# 5000 रुपये घूस लेते एएसआई गिरफ्तार

## दुकमा के जामा थाना में है पदस्थापित

**DUMKA :** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने बुधवार की दोपहर पांच हजार रुपया घूस लेते हुए जामा थाना के सहायक अवर निरीक्षक गोपाल प्रसाद साह को धर दबोचा। वह जब्त ऑटो को छोड़ने के लिए उत्तम कुमार से पैसे ले रहा था। एसीबी आरोपित को साथ लेकर घर की तलाशी ले रही है। एसीबी के अनुसार, उत्तम कुमार का तीन माह पहले ऑटो जब्त हुआ था। मोटरयान निरीक्षक ने जुमार्ना लेने के बाद वाहन को मुक्त कर दिया। दो माह पहले उत्तम वाहन छुड़ाने के लिए जामा थाना गया तो एएसआई ने 15 हजार रुपये की मांग की। एक माह पहले उत्तम ने किसी तरह से दस हजार रुपया दे भी दिया। इसके बाद भी एएसआई पांच हजार रुपये के लिए लगातार परेशान कर रहा था। उत्तम ने इसकी जानकारी एसीबी को दी। जैसे ही युवक ने एएसआई को रुपये दिया तो पहले से एक्टिव एसीबी की टीम ने उसे रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल, आरोपित से टीम के पदाधिकारी पूछताछ कर रहे हैं।

# नक्सली कमांडर रविंद्र गंझू की संपत्ति अटैच

## भारी मात्रा में हथियार बरामदगी का मामला

**CRIME REPORTER RANCHI :** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने भाकपा माओवादी कमांडर की संपत्ति अटैच कर ली है। एनआईए की टीम ने बुधवार को नक्सली कमांडर रविंद्र गंझू की लातेहार जिले के चंदवा थाना क्षेत्र के हेसला मौजा के बांझीटोला स्थित घर को जब्त किया है। एनआईए ने लोहरदगा जिले के बुलबुल जंगल से भारी मात्रा में हथियार बरामदगी मामले में दर्ज कांड संख्या आरसी 02/2022 मामले में यह कार्रवाई की है। एनआईए जांच में पता चला की रविंद्र गंझू ने लेवी के पैसे से इस घर का निर्माण कराया था। रविंद्र के ऊपर झारखंड सरकार की ओर से 15 लाख और एनआईए ने 5 लाख का इनाम घोषित किया है। लोहरदगा जिले के पेशरार थाना क्षेत्र स्थित बुलबुल जंगल में 45-60 नक्सली बॉक्साइट माइंस क्षेत्र सहित क्षेत्र में सक्रिय सुरक्षा बलों के खिलाफ घटनाओं को अंजाम देने के इरादे से जुटे थे। सूचना पर पहुंची पुलिस से मुठभेड़ भी हो गया था।

**शहर हो या गांव, हर ओर हॉकी का खुमार, सुदूरवर्ती गांवों में भी देखे जा रहे मैच**

# एशियन हॉकी में जलवा बिखेर रहीं राज्य की बेटियां

**PHOTON NEWS RANCHI :** पूरे राज्य और देश में झारखंड महिला एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी का खुमार सर चढ़ कर बोल रहा है। अन्य राज्यों से लोग टीम इंडिया का उत्साह बढ़ाने रांची आ रहे हैं। साथ ही राज्य के शहर हो या सुदूरवर्ती गांव हर ओर एक अलग सा उत्सव और उत्साह नजर आ रहा है। तभी तो दो दिन पूर्व खूंटी स्थित अड़की क्षेत्र के सुदूरवर्ती गांव की महिला हॉकी खिलाड़ियों ने रांची आकर अंतरराष्ट्रीय मैच को देखा।

**सिमडेगा, खूंटी और गुमला में उत्साह :** झारखंड महिला एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम में खेल रही खूंटी की निक्की प्रधान, सिमडेगा की सलीमा टेटे और संगीता कुमारी के गांव में उत्साह का माहौल है। निक्की प्रधान, सलीमा टेटे के करंगा गुड़ी और संगीता कुमारी के गांव में हर दिन शाम ढलते ही पूरे गांव के लोग बड़े से स्क्रीन पर मैच का लुफ्त लेते हैं। कोई खुशी से झूमता है तो कोई गांव की बेटी को आशीर्वाद देते हुए भारतीय टीम की जीत की कामना करता है।




### बेटियों के परिजन देख रहे मैच

मुख्यमंत्री के निर्देश पर भारतीय टीम में शामिल झारखंड की तीन बेटियों के परिजनों को मैच देखने के लिए आमंत्रित किया गया है। निक्की प्रधान के परिजनों ने मैच देखा भी है। सलीमा टेटे और संगीत कुमारी के परिजन भी अन्य गांव वालों के साथ मैच देखने आयेंगे। इसके लिए व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही राज्य के विभिन्न खेल प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित खेल की बारीकियों से अवगत होने स्टेडियम पहुंच रहे हैं।

### एलईडी स्क्रीन के लाखों दर्शक

झारखंड महिला एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी का फीवर राज्य के हर उम्र के लोगों में चढ़ा हुआ है। राज्य के विभिन्न जिलों में लगे एलईडी पर मैच का हो रहा सीधा प्रसारण ने इनकी उत्सुकता को और बढ़ा दिया है। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा मोबाइल एलईडी वैन के जरिए भी चैंपियंस ट्रॉफी के मैच दिखाए जा रहे हैं, जहां एलईडी स्क्रीन नहीं हैं, वहां जिला प्रशासन द्वारा बड़े स्क्रीन पर मैच का प्रसारण किया जा रहा है। रांची में स्टेडियम के बाहर मोरहाबादी मैदान में बने टाइम स्क्वायर में भी लोग मैच का आनंद ले रहे हैं।

**एक और बड़े हॉकी टूर्नामेंट की मेजबानी को झारखंड तैयार**

आगामी जनवरी माह में झारखंड में एक और अंतरराष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, जिसमें से प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाली टीम सीधे ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करेगी। अब इस सप्ताह हॉकी झारखंड के इतिहास में एक नया इतिहास जुड़ने जा रहे हैं। पहली बार झारखंड में इस सप्ताह तीन नवंबर को हॉकी इंडिया की वार्षिक आम सभा आयोजित की जा रही है, जिसमें पूरे भारत के 28 राज्यों के अध्यक्ष, महासचिव और हॉकी इंडिया के एक्टिव पदाधिकारी सहित कुल 84 हॉकी के प्रशासक भाग लेंगे। यह जानकारी हॉकी झारखंड की ओर से दी गई है और कहा गया कि बीते 10 सालों में हॉकी झारखंड ने कई कीर्तिमान स्थापित किए हैं।

### पुलिस की हत्या व हमले के आरोप में 44 लोग हिरासत में

**IMPHAL :** मणिपुर पुलिस ने बुधवार को 44 लोगों को हिरासत में लिया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इसमें से 32 लोग म्यांमार के नागरिक हैं। इन पर एक दिन पहले टेंग्नौपाल जिले के मोरेह इलाके में पुलिस अफसर की हत्या और पुलिस कमांडो टीम पर हमला करने का आरोप है। दरअसल, मणिपुर में मंगलवार को सुरक्षाबलों पर फायरिंग की दो घटनाएं हुईं। पहला मामला टेंग्नौपाल जिले के मोरेह इलाके का है, जिसमें एक पुलिस अफसर चिंगथाम आनंद कुमार की जान चली गई। इस घटना के बाद पुलिस टीम पर हमला हुआ, जिन्हें पुलिस अफसर की मौत के बाद इलाके में तैनाती के लिए भेजा गया था। इसमें 3 पुलिसकर्मी घायल हो गए। इन दो घटनाओं के बाद सुरक्षाबलों ने इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया और पूछताछ के लिए संदिग्ध लोगों को गिरफ्तार किया है। मणिपुर में आरक्षण को लेकर कुकी और मैतेई समुदाय के बीच 3 मई से हिंसा शुरू हुई थी। हिंसा की घटनाओं में अब तक 180 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। वहीं 1100 से ज्यादा लोग घायल हैं।

# झारखंड और छत्तीसगढ़ सीमा पर बढ़ी चौकसी

## चुनाव को लेकर अर्लट मोड में पुलिस

- छत्तीसगढ़ में सात नवंबर को पहले चरण का होगा मतदान
- छत्तीसगढ़ चुनाव में नक्सली बड़े बाधक

**CRIME REPORTER RANCHI :** आदिवासी बहुल और नक्सल प्रभावित राज्यों झारखंड और छत्तीसगढ़ में पुलिस की चौकसी बढ़ा दी गई है। ऐसा छत्तीसगढ़ में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर किया गया है। दोनों राज्य मिलकर एक साथ नक्सलियों के खिलाफ जॉइंट अभियान भी चला रहे हैं, ताकि छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में नक्सली बाधक न बने। छत्तीसगढ़ में सात नवंबर को पहले चरण का मतदान होगा। ऐसे में झारखंड पुलिस पूरी तरह से अलर्ट मोड में है। झारखंड पुलिस के छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव को लेकर अलर्ट होने के पीछे कई वजहें हैं। दरअसल, झारखंड के सिमडेगा, गुमला, चाईबासा और गढ़वा जैसे जिलों की सीमाएं सीधे छत्तीसगढ़ से जुड़ी हुई हैं। छत्तीसगढ़ के नक्सली अक्सर खुद को सुरक्षित करने के लिए झारखंड आ जाते हैं और जब झारखंड में दबाव बढ़ता है तब छत्तीसगढ़ की और कूच कर जाते हैं। छत्तीसगढ़ चुनाव में भी नक्सली बड़े बाधक हैं। ऐसे में झारखंड और छत्तीसगढ़ पुलिस के बैठक में तय किया गया था कि दोनों राज्य मिलकर नक्सलियों के खिलाफ मोर्चा लेंगे। लिए गए निर्णय के आधार पर ही झारखंड से सटे छत्तीसगढ़ के सभी सीमाओं पर पुलिस अलर्ट हो गई है।

# विवादित भूमि बना रणक्षेत्र पुलिस ने किया लाठीचार्ज

## मापी करने गई पुलिस को ग्रामीणों के विरोध का करना पड़ा सामना



ग्रामीणों पर लाठीचार्ज करती पुलिस। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS PALAMU :** पलामू के गढ़वा जिले के रमना थाना क्षेत्र का बहियार मोड़ बुधवार को रणक्षेत्र में तब्दील हो गया। न्यायालय के आदेश पर विवादित भूमि की मापी करने गए प्रशासन को दूसरे पक्ष के विरोध का सामना करना पड़ा। देखते-देखते प्रशासन और दूसरे पक्ष के लोगो में झड़प शुरू हो गई। लोगों को तितर-बितर करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा।

चर्चा है कि इस दौरान दो राउंड हवाई फायरिंग भी पुलिस को करनी पड़ी। हालांकि, इसकी पुष्टि नहीं हुई है। दूसरे पक्ष के आक्रोश को देख कर पुलिस प्रशासन को पीछे हटना पड़ा। झड़प में न्यायालय के द्वारा प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी के अलावे पुलिस निरीक्षक रतन कुमार सिंह, एसआई रामकांत यादव, पुलिस बल के जवान राकेश कुमार, संजय कुमार, नागेंद्र कुमार जबकि दूसरे पक्ष के कुलदीप उरांव घायल हैं। सभी घायलों का प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया गया है।

दूसरे पक्ष के हरिहर उरांव के मुताबिक 12 से अधिक महिला-पुरुष भी घायल हुए हैं, जिनका इलाज निजी चिकित्सालय में किया गया। घटना के बाद विवादित स्थल पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए रमना थाना के अलावे विशुनपुरा, श्रीबंशीधर नगर, मेराल थाना के साथ पुलिस लाइन से भी जवान को बुला लिया गया है।

उल्लेखनीय है कि प्रेमनाथ उरांव वगैरह तथा हरिहर उरांव वगैरह में चल रहे केश नंबर 3/2023 में प्रेमनाथ उरांव के पक्ष में फैसला आने के बाद दखल-दहानी कराने प्रशासन गया था।

# कांके प्रखंड के मन्हा मैदान में पांच दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ



फुटबाल टूर्नामेंट के उद्घाटन पर उपस्थित लोग। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS RANCHI :** रांची के कांके प्रखंड स्थित मन्हा मैदान में आदिवासी युवा विकास फुटबॉल टूर्नामेंट के बैनर तले पांच दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट का शुभारंभ बुधवार को किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जीप सदस्य सह आजसु जिला कार्यकारी अध्यक्ष हकीम अंसारी, कांके प्रखंड उप प्रमुख अंजय बैठा, पिथोरिया थाना प्रभारी अभय कुमार ने फुटबॉल पर किक मारकर और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टूर्नामेंट का शुरूआत किया। टूर्नामेंट समिति के अध्यक्ष लखन उरांव ने जानकारी देते हुए बताया कि इस टूर्नामेंट में 16 टीमें भाग ले रही हैं। 5 नवंबर को टूर्नामेंट के फाइनल मैच का आयोजन किया जाएगा।

टूर्नामेंट में प्रोत्साहन के रूप में विजेता टीम को एक बड़ा ट्रॉफी और नगद 1 लाख रुपया, उपविजेता को छोटा ट्रॉफी और नगद 70 हजार रुपए का इनाम दिया जाएगा, तीसरा और चौथा विजेता को 20-20 हजार रुपए की राशि देकर सम्मानित की जाएगी। वहीं हर मैच में मेन ऑफ द मैच और अंत में मेन ऑफ द सीरीज दी जाएगी।

मौके पर अथिति के रूप में पहुंचे हकीम अंसारी ने कहा कि इस तरह के आयोजन से छोटे-छोटे गांव से आज खिलाड़ी उभर कर निकल रहे हैं और नेशनल, इंटरनेशनल तक अपनी प्रतिभा का जलवा बिखेर रही है। आज रांची में महिला एशियन हॉकी टीम में भी झारखंड के तीन खिलाड़ी खेल रही है। वह भी एक छोटे गांव से ही निकली हुई है। वहीं उप प्रमुख अजय बैठा ने कहा कि कांके प्रखंड से भी नेशनल लेवल में खिलाड़ी आज फुटबॉल खेल रही है। हमारी हमेशा से कोशिश रहती है कि, ग्रामीण क्षेत्रो की खिलाड़ियों की प्रतिभा को एक सही मंच दे कर आगे तक ले जाना।

## BRIEF NEWS

### बोकारो में चेन छिनतई का आरोपी गिरफ्तार

**BOKARO :** शहर थाना पुलिस ने चेन छिनतई के मामले के एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। साथ ही उसके पास से चोरी की गई 6 ग्राम सोने की चेन के साथ एक काला रंग के बजाज पल्सर मोटरसाइकिल भी बरामद हुआ है। इस संबंध में सिटी डीएसपी कुलदीप कुमार ने पत्रकार वार्ता में बताया कि 19 सितंबर को सेक्टर 3ए के आवास संख्या 767 निवासी संतोष कुमार बरनवाल की पत्नी से सोने के चेन छीन ली गई थी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपित पिंडराजोरा थाना क्षेत्र के मोहनडीह गांव निवासी शहादत अंसारी है। इसके खिलाफ बोकारो के विभिन्न थानों में कुल पांच मामले दर्ज हैं। आरोपित ने संलिप्तता स्वीकार किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### अधिकारियों ने ली मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की जानकारी

**KHUNTI :** मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर बुधवार को खूंटी प्रखंड कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित सभी बीएलओ और सुपरवाइजर उपस्थित थे। बैठक के दौरान निर्वाचन कार्यों से संबंधित चर्चा की गई। इस दौरान बीएलओ द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी अधिकारियों ने ली। साथ ही निर्देश दिए गए कि सक्रियता के साथ कार्य करें और उचित पर्यवेक्षण सुनिश्चित करायें। मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत 27 अक्टूबर से नौ दिसंबर 2023 तक मतदाता सूची में अपना निबंधन, सुधार एवं पुनरीक्षण अवश्य करवाएं। सभी पात्र नागरिक, जो एक अक्टूबर 2024 को या पहले 18 वर्ष के हो जायेंगे, फॉर्म 6 भरकर मतदाता सूची में पंजीकरण करायें।

### कोडरमा में 10 टन ढिबरा लदा ट्रक जब्त, चालक गिरफ्तार

**KODERMA :** वन विभाग की टीम ने डोमचांच रेंजर रविंद्र कुमार के नेतृत्व में मंगलवार रात ढिबरा लदे एक ट्रक को जब्त किया है। वाहन को डोमचांच मसनोडीह जंगल से जब्त किया गया। इस मामले में वाहन चालक को गिरफ्तार किया गया। रेंजर रविंद्र कुमार ने बताया कि चालक का नाम अजय मेहता ग्राम मसनोडीह है। गाड़ी में 10 टन ढिबरा लोड था, जिसकी कीमत दो लाख रुपये से ज्यादा है।

### लोहरदगा में संदिग्ध हालात में मिला किशोरी का शव हत्या की आशंका

**LOHARDAGA :** राजकीय उत्क्रमित उर्दू उच्च विद्यालय चरहु में कक्षा 8 में पढ़ने वाली 14 वर्षीय नाबालिग का शव बुधवार को संदिग्ध हालात में मिला। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार निरहू निवासी नाबालिग मंगलवार को विद्यालय गई हुई थी। वह मध्याह्न भोजन के बाद विद्यालय से कहीं गायब हो गई। उसके घर नहीं लौटने पर परिजनों ने काफी खोजबीन की। बुधवार सुबह उसका शव निरहू करंज मोड़ के समीप सड़क किनारे देखा गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने शव के पास मोबाइल बरामद की है।

**नागवंशियों की राजधानी नवरतन गढ़ में पुरातात्विक खुदाई शुरू**

# झारखंड के इतिहास को मिलेगा एक नया आयाम : कर्ण सत्यार्थी



खुदाई कार्य का शुभारंभ करते अधिकारी। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS GUMLA :** राष्ट्रीय संरक्षित स्मारक नवरतन गढ़ में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने पुरातात्विक खुदाई की शुरूआत की। उपायुक्त ने इसके लिए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अधिकारियों को धन्यवाद दिया। साथ ही शुभकामनाएं भी दी। उन्होंने कहा कि इस नए पुरातात्विक के सफल खुदाई से भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को एक नया आयाम मिल सकता है। साथ ही गुमला जिला के इस स्मारक को वर्ल्ड हेरिटेज साइट्स में भी शामिल करने की संभावना बन सकेगी।

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण रांची मंडल के सहायक पुरातत्वविद डॉक्टर मोहम्मद अजहर साबिर ने यहां किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि झारखंड में नवरतन गढ़ एक ऐसा राष्ट्रीय संरक्षित स्मारक है जो कई तरह के स्मारक अपने अंदर समेटे हुए है। इस स्मारक की खुदाई और संरक्षण की आवश्यकता है ताकि इसके अंदर से नागवंशी राजाओं के इतिहास को देश और दुनिया के सामने लाया जा सके।

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के रांची मंडल के अधीक्षक पुरातत्वविद डॉक्टर राजेंद्र देहुरी ने जिले के अधिकारियों का अभिनंदन करते हुए यहां होने वाले कामों का खाका पेश किया।

# राज्यस्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में पलामू के खिलाड़ियों ने जीते 12 पदक



प्रतियोगिता में शामिल खिलाड़ी। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS PALAMU :** खेलो झारखंड-2023 के अंतर्गत 27 से 31 अक्टूबर तक रांची के खेलगांव में राज्यस्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता आयोजित हुई। अंडर 14, 17 एवं 19 में बालक तथा बालिका वर्ग के लिए यह प्रतियोगिता आयोजित हुई। इस प्रतियोगिता में पलामू जिले से विभिन्न स्पधाओं में खिलाड़ियों ने कुल 12 पदक अपने नाम किए। सात स्वर्ण, दो रजत एवं तीन कांस्य पदक प्राप्त किए।

जिला स्तर पर आयोजित एथलेटिक्स प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले 81 खिलाड़ियों (42 छात्र और 39 छात्राएं) ने इसमें भाग लिया था। पलामू जिले से खिलाड़ियों के साथ 6 शिक्षकों को भी भेजा गया था।

गोल्ड जितने वाले पलामू के खिलाड़ियों में अंडर- 14 शॉर्टपुट में बीसीसी मिशन की सुहानी सिंह, अंडर- 17 डिस्कस थ्रो में बीसीसी मिशन गर्ल्स हाईस्कूल आबादगंज की शिवानी कुमारी, अंडर- 17 शॉर्टपुट में गर्ल्स प्लस टू हाईस्कूल मेदिनीनगर की आर्या सिंह, अंडर-17 जेविलिन थ्रो में गिरिवर प्लस टू हाईस्कूल के हेमंत कुमार, अंडर-17 डिस्कस थ्रो में गिरिवर प्लस टू हाईस्कूल के ही एमडी इरफान अली, अंडर- 19 पांच हजार मीटर रेस में संत इगुनिशियस हाईस्कूल कुंडपानी रामगढ़ के वाल्टर कंडुलना, अंडर- 17 शॉटपुर्ट में गिरिवर प्लस टू हाईस्कूल के आर्यन कुमार शामिल हैं।

सिल्वर जितने वाले खिलाड़ियों में अंडर 19-जेविलिन थ्रो में राजकीय कृत प्लस टू हाईस्कूल तरहसी के गोविंद कुमार एवं अंडर- 19-1500 मीटर रेस में संत इगुनिशियस हाईस्कूल कुंडपानी रामगढ के वाल्टर कंडुलना के नाम शामिल हैं। इसी तरह ब्राउंज जितने वालों खिलाड़ियों में अंडर-19 ट्रिपल जंप में गिरिवर प्लस टू हाईस्कूल के आर्यन कुमार, अंडर-19 हाई जंप में राजकीय कृत प्लस टू हाईस्कूल लेस्लीगंज के आलोक कुमार सिंह एवं अंडर-17 तीन हजार मीटर रेस में राजकीय कृत हाईस्कूल चराईं-छतरपुर की रानी कुमारी शामिल हैं।

# राजमहल परियोजना में कोल इंडिया का 49 वां स्थापना दिवस मनाया गया

## परियोजना के मैनेजर सतीश मुरारी ने ध्वज फहरा कर की कार्यक्रम की शुरुआत

**PHOTON NEWS GODDA :** जिले में कार्यरत ईसीएल की राजमहल परियोजना में बुधवार को कोल इंडिया का 49वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर ओसीपी कार्यालय के प्रांगण में राजमहल परियोजना के ओसीपी मैनेजर सतीश मुरारी ने कोल इंडिया का ध्वज फहरा कर कार्यक्रम की शुरूआत की एवं सभी कर्मियों को कोल इंडिया के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक अंबिका प्रसाद पंडा के संदेश को पढ़ कर सुनाया। इसमें कोल इंडिया परिवार के तमाम अधिकारियों एवं कर्मियों के सुख शांति एवं समृद्धि की कामना की।

उन्होंने बताया कि आज ही के दिन 1975 मे कोल इंडिया की स्थापना की गई थी। राजमहल परियोजना कोल इंडिया में अपना पूर्व से स्थान बनाए हुए हैं, इस लक्ष्य को आगे तक बरकरार बनाए रखने का प्रयास जारी है, हमअपने लक्ष्य को पूरा कर एक मिसाल कायम करेंगे ।

उन्होंने संदेश में यह भी बताया कि देश एक नए कालखंड अमृत काल में प्रवेश किया है और नए भारत की ओर कदम बढ़ाया है। आगामी वर्षों में एक विकसित सशक्त और आत्मनिर्भर भारत निर्माण में भारत की श्रम शक्ति मुख्यतः कोयला जगत की बहुत बड़ी भूमिका रहेगी। हमें अपने राष्ट्रीय कर्तव्य का शान है और हम अपने कर्तव्य पथ पर निरंतर अग्रसर हैं। परियोजना प्रभावित क्षेत्र के लोगों के लिए सुलभ समावेशी किफायती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने के लिए वचनबद्ध है। इसके लिए इसीएल के द्वारा आसपास के क्षेत्र के जरूरतमंद व्यक्तियों को उनके दरवाजे पर मुफ्त चिकित्सा और स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं प्रदान करने के लिए पूर्व से चल रही मोबाइल मेडिकल इकाई के के माध्यम से परियोजना प्रभावित के 40 गांव में निशुल्क स्वास्थ्य सुविधा प्रदान कर रही है।

शताक्षी महिला मंडल द्वारा महिला सशक्तिकरण एवं जनकल्याण के अनेक उत्कृष्ट कार्यक्रम किए जा रहे हैं ।गांव-गांव में जरूरतमंद को कई प्रकार की सेवाएं प्रदान की जा रही है। साथ ही जनकल्याण के लिए व्हीलचेयर वितरण सिलाई प्रशिक्षण एवं सिलाई मशीन का वितरण जरूरतमंदों को किया जा रहा है ।इसीएल के सहयोग से गोड्डा जिला में 307.44 करोड रुपए की लागत से 300 बेड के मल्टी स्पेशलिस्ट अस्पताल का निर्माण किया जा रहा है जो गोड्डा जिला के निवासियों के लिए उपयोगी साबित होगा।

श्रावणी मेला के दौरान देवघर में इसीएल द्वारा 20 दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया। स्थापना दिवस के अवसर पर ईसीएल द्वारा निरंतर अर्जित की जा रही कामयाबी में पूर्ण सहयोग के लिए कोयला मंत्रालय कोल इंडिया लिमिटेड श्रमिक संगठन के प्रतिनिधियों पश्चिम बंगाल तथा झारखंड राज्य सरकार एवं उनके प्रशासनिक अधिकारियों पुलिस प्रशासन सिआईएसएफ कंपनी के समस्त श्रमिकों कर्मचारियों और अधिकारियों के साथ कंपनी के सभी अंशधारकों ,उपभोक्ताओं आपूर्तिकताओं, मीडिया कर्मियों, शुभचिंतकों तथा शताक्षी महिला मंडल के प्रति आभार प्रकट किया।

### कुआं में डूबने से हुई चौकीदार की मौत जांच में जुटी पुलिस

**LOHARDAGA :** कुडू थाना क्षेत्र के क्षेत्र के गरबू टोला निवासी चौकीदार सुरेंद्र राम की बुधवार को कुआं में डूबने से मौत हो गई। सूचना के बाद पहुंची कुडू पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच में जुट गई है। बताया जाता है कि चौकीदार सुरेंद्र राम अपने घर से थोड़ी दूर आगे स्थित कुंआ में किसी काम से गया हुआ था। इसी बीच फिसलकर कुएं में जा गिरा। कुआं की तरफ से गुजर रहे ग्रामीणों की नजर कुएं के समीप पड़े चप्पल पर हुई तो इसकी सूचना आसपास के ग्रामीणों को दी गई। सूचना के बाद जब ग्रामीण कुआं के समीप पहुंचे तो सुरेंद्र राम की लाश कुएं के ऊपर तैर रही थी। इसकी सूचना कुडू पुलिस को दी गई। सूचना के बाद थाना प्रभारी विश्वजीत कुमार सिंह मौके पर पहुंचे तथा शव को कब्जे में कर कुडू थाना लेकर पहुंचे। थाना प्रभारी विश्वजीत कुमार सिंह ने बताया कि सुरेंद्र राम कुडू थाना क्षेत्र के सलगी का चौकीदार था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पर्यटक स्थल के रूप में विकसित होगा रानी ताल डैम, आयुक्त ने लिया जायजा




डैम का निरीक्षण करते आयुक्त मनोज जायसवाल। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS PALAMU :** प्रमंडलीय आयुक्त मनोज जायसवाल ने जिला मुख्यालय से सटे चैनपुर प्रखंड के रानी ताल डैम की प्राकृतिक सौंदर्य की अनुपम छटा की प्रशंसा की। आयुक्त ने कहा कि मेदिनीनगर शहर के नजदीक रानी ताल डैम को पर्यटक स्थल के ग्रुप में विकसित होने से शहरवासियों को बेहतर पिकनिक स्पॉट मिलेगा। वे बुधवार को रानी ताल डैम पहुंचे थे।

उन्होंने कहा कि पर्यटकों को इतनी सुंदर जगह का लुत्फ उठाना चाहिए। रानी ताल डैम को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किये जाने को लेकर रूपरेखा तैयार की जा रही है। इसे विकसित होने एवं पर्यटकीय सुविधा के विस्तार से स्थानीय ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध हो सकेगा। ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। स्थानीय लोग सबल हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि डैम आने वाली सड़क को भी दुरुस्त किया जाएगा, पर्यटकों को यहां आने में सुविधा घ्होगी।

उन्होंने कहा कि पलामू प्रमंडल के जिलों में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। सरकार पर्यटन संवर्धन पर कार्य कर रही है। पर्यटन स्थलों पर पर्यटकीय सुविधा एवं अन्य जन सुविधाओं का विस्तार होने से लोगों को फायदा होगा। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक सुंदरता के बीच बने पर्यटक स्थल ऑन पर पर्यटक पहुंचने के लिए उत्साहित एवं रोमांचित रहते हैं।

**बालू के मुद्दे पर समाहरणालय परिसर में दिहाड़ी मजदूर यूनियन की महापंचायत**

# झारखंड में बालू का संकट पैदा कर उसे माफिया और ठेकेदारों के हवाले किया गया : राजीव कुमार




महापंचायत में शामिल मजदूर यूनियन के लोग। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS PALAMU :** एटक से संबद्ध झारखंड राज्य दिहाड़ी मजदूर यूनियन के बैनर तले बुधवार को बालू के सवाल पर समाहरणालय परिसर में मजदूर महापंचायत लगी, जहां वक्ताओं ने राज्य सरकार से बालू के सवाल पर चुप्पी तोड़ने और बालू सबके लिए सस्ता व सर्वसुलभ कराने की मांग की।

इसके पूर्व मजदूरों की एक रैली शिवाजी मैदान से शुरू होकर शहर के मुख्य मार्गों का भ्रमण करते हुए कचहरी परिसर पहुंची। रैली में शामिल मजदूर हाथों में लाल झंडा और तख्तियां लिए नारेबाजी करते हुए चल रहे थे। महापंचायत की अध्यक्षता दिहाड़ी मजदूर यूनियन के जिला अध्यक्ष गौतम कुमार और संचालन महासचिव राजीव कुमार ने किया।

मौके पर एटक के राज्य सचिव राजीव कुमार ने कहा कि विगत ढाई सालों से झारखंड में बालू का कृत्रिम संकट पैदा कर बालू को माफिया और ठेकेदारों के हवाले कर दिया गया है। एनजीटी और कोर्ट के द्वारा रोक हटाने के बावजूद भी पलामू में बालू का उठाव शुरू नहीं किया गया है लेकिन पुलिस प्रशासन और माफिया के गठजोड़ से बालू बड़े लोगों को आसानी से उपलब्ध हो रहा है। निर्माण कार्य ठप है, जिससे मजदूर रोजगार की तलाश में पलायन कर रहे हैं। छड़, सीमेंट ईटा छर्री बेचने वाले दुकानदारों पर भी दोहरी मार पड़ रही है।

उन्होंने कहा कि बालू सबको मिले, सस्ता मिले। बालू की उपलब्धता सर्वसुलभ हो और बालू से माफियागिरी बंद हो तभी मजदूर यूनियन चुप बैठेगी। सरकार और प्रशासन को आगाह करने के लिए मजदूर महापंचायत लगायी गयी। इसके बाद भी बालू संकट का कोई स्थाई समाधान नहीं हुआ तो छठ बाद मजदूर सड़क पर उतरकर उग्र आंदोलन करेंगे। विधि व्यवस्था का संकट उत्पन्न कर दिया जाएगा।

इनके अलावा बिजली कामगार यूनियन से जुड़े एटक के राज्यस्तरीय नेता बैजनाथ सिंह, अखिल भारतीय किसान सभा के केडी सिंह, इप्टा के राष्ट्रीय सचिव शैलेंद्र कुमार, भाकपा माले के जिला सचिव आरएन सिंह, रविंद्र भुइयां, मजदूर नेत्री सुषमा मुरमा, ममता देवी आदि ने भी महापंचायत को संबोधित किया।

इस दौरान हजारों की संख्या में महिला-पुरुष मजदूर एवं किसान मौजूद रहे।

# लोकहित अधिकार पार्टी की 'न्याय यात्रा' का शुभारंभ, रथ को हरि झंडी दिखाकर किया रवाना



रथ को हरि झंडी दिखाकर रवाना करते लोग। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS RANCHI :** लोकहित अधिकार पार्टी के 'न्याय यात्रा' का शुभारंभ बुधवार को कांके स्थित सुकुरहुट्टू रिंग रोड से की गई। मौके पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष सह रांची लोकसभा प्रभारी हरिनाथ साहू ने हरि झंडी दिखा कर रथ को रवाना किया। इस दौर पार्टी उपाध्यक्ष हरिनाथ साहू ने कहा कि लोकहित अधिकार पार्टी शोषित, उपेक्षित और अपने अधिकारों से वंचित लोगों में सजगता लाने के लिए आज 1 नवम्बर से 22 दिसंबर तक के लिए सामाजिक न्याय यात्रा करने का निर्णय लिया गया है। इस दौरान हर गांव कस्बा में सभा कर लोगों को निशुल्क शिक्षा एवं चिकित्सा के साथ सामाजिक न्याय का जन जागरण अभियान चलाया जाएगा। वही मौके पर मौजूद पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू ने कहा कि अब तक राज्य में भाजपा, कांग्रेस, झामुमो, आजसु सभी दलों ने राज्य को लूटने का काम किया है। हमारी पार्टी चाहती है कि जिसकी जितनी आबादी उतनी भागीदारी सुनिश्चित हो। आबादी के अनुसार उसे उतना हक मिलना चाहिए। आज देश के 3 प्रतिशत लोग पूरे देश मे राज कर रहा है। इन सभी मुद्दों के साथ आगामी 2024 चुनाव में लोकहीत अधिकार पार्टी राज्य के सभी 14 लोकसभा सीटों पर अपनी प्रत्याशी उतारेगी।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी मो. अजहर आलम, जिलाध्यक्ष प्रमोद प्रसाद गुप्ता, जिला समिति के पदाधिकारी मुकुल नायक, जनक प्रजापति, सुनीता उरांव, सुनीता मुंडा, रीना देवी मुंडा, पार्वती देवी, कंचन रानी, देवपुजन ठाकुर, डा. दानेश्वर साहू, दीपक चौरसिया, सत्यानंद उरांव, गणेश लोहार रामानंद ठाकुर, संजय लोहरा,अजित साहू, लालू महतो समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

**BRIEF NEWS**

### रांची सिविल कोर्ट के वकील शशांक ने की आत्महत्या

**RANCHI :** रांची के एक अधिवक्ता ने आत्महत्या कर ली है। जिस वकील ने आत्महत्या की है उसका नाम शशांक मिश्रा है। पिछले वर्ष ही इसकी शादी हुई थी। शशांक मिश्रा रांची सिविल कोर्ट में प्रैक्टिस कर रहा था। मृतक अधिवक्ता अरगोड़ा थाना क्षेत्र के माही रेस्टूरेंट के पास रहते थे। मंगलवार रात ही उसने जहर पी ली थी। पुलिस को घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में ले कर जांच शुरू कर दी है। घटना की जानकारी मिलने के बाद रांची सिविल कोर्ट के कई वकील रिम्स पहुंचे।

### बाबूलाल मरांडी का छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश प्रवास आज

**RANCHI :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी दो नवंबर से 10 नवंबर तक छत्तीसगढ़ एवं मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में चुनाव प्रचार करेंगे। मरांडी दो से सात नवंबर तक छत्तीसगढ़ में चुनाव प्रचार अभियान में शामिल होंगे जबकि आठ से 10 नवंबर तक मध्यप्रदेश में विभिन्न विधानसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करेंगे। यह जानकारी प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक ने दी।

### प्राकृतिक आपदा से क्षतिग्रस्त मकानों को मुआवजा भुगतान की स्वीकृति

**RANCHI :** जिले में प्राकृतिक आपदा (अतिवृष्टि) से क्षतिग्रस्त मकानों की पूर्ति के लिए जिला प्रशासन मुआवजा देगा। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने बुधवार को अंचल क्षेत्र ईटकी एवं नामकुम से कुल चार प्रभावितों को मुआवजा भुगतान की स्वीकृति प्रदान की है। अंचल अधिकारी, ईटकी के आवेदन के अनुसार प्राकृतिक आपदा (अतिवृष्टि) से प्रभावित आवेदक मदीना खातुन एवं अन्य सभी ईटकी, रांची के कच्चा मकान की आंशिक क्षति का आकलन कर 3200 रुपये की दर से क्षतिपूर्ति की कुल राशि 9600 रुपये की अनुदान स्वीकृति प्रदान की गई है।

### कार्मिक सचिव के लेटर से विभाग में कामकाज ने पकड़ी रफ्तार

**RANCHI :** कार्मिक विभाग की चिट्ठी से विभाग के अधिकारियों-कर्मियों में हड़कंप मची हुई है। महीनों से चिट्ठी, आवेदन दबाये बैठे अधिकारी तेजी से अब उसके निपटारे में लगे हुए हैं। दरअसल, कार्मिक सचिव प्रवीण टोप्पो ने विभाग अंतर्गत सभी सेक्शन में पत्र लिखा है और उनके पास भेजे गये लेटर और उसके निष्पादन व पेंडिंग के बारे में डिटेल मांगा है। सचिव जानना चाहते हैं कि विभाग में आखिर कौन से मामले कितने दिनों तक पेंडिंग रखे गये हैं या निष्पादित कर दिए गये हैं। सचिव की इस चिट्ठी से सभी प्रशाखाओं में हड़कंप है।

atom美 ATOMY INDIA
RANCHI TEAM WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24
Roshpa Roshpa Tower,
Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

# MLA इरफान अंसारी के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक बरकरार

## जवाब दाखिल करने के लिए शिकायतकर्ता ने कोर्ट से मांगा समय

**SPECIAL REPORTER RANCHI :** झारखंड हाई कोर्ट ने एसटी-एससी एक्ट से जुड़े दुमका की विशेष अदालत में जामताड़ा विधायक इरफान अंसारी के खिलाफ चल रहे शिकायतवाद केस में विधायक इरफान अंसारी के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक बरकरार रखी है। मामले की सुनवाई बुधवार को जस्टिस एसके द्विवेदी के कोर्ट में हुई। सुनवाई के दौरान शिकायतकर्ता सुनीला देवी की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए कोर्ट से समय की मांग की गई। कोर्ट ने मामले के अगली सुनवाई 28 नवंबर निर्धारित की है। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने शिकायतकर्ता को नोटिस जारी किया था। कोर्ट ने एक सितंबर को मामले में विधायक के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक लगाई थी। विधायक इरफान अंसारी के खिलाफ जामताड़ा में धरना प्रदर्शन के दौरान जाति सूचक शब्द का इस्तेमाल करने एवं गाली गलौज करने का आरोप लगाते हुए सुनीला देवी ने शिकायतवाद दर्ज करायी थी। जामताड़ा की निचली अदालत ने मामले में संज्ञान लिया था। शिकायतवाद में कहा गया था कि वर्ष 2022 में विधायक इरफान अंसारी अपने समर्थकों के साथ धरना स्थल पर पहुंचे थे और जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए गली-गलौज किया और उनके टेंट और तंबू को उखाड़ कर फेंक दिया था। बाद में यह मामला जामताड़ा की निचली अदालत से दुमका की विशेष अदालत में ट्रांसफर हो गया था, जहां यह मामला अभी लंबित है। याचिकाकर्ता इरफान अंसारी की ओर से शिकायतवाद को निरस्त करने एवं अदालत द्वारा लिये गये संज्ञान आदेश को निरस्त करने का आग्रह हाई कोर्ट से किया गया है।




### असिस्टेंट प्रोफेसर नियुक्ति मामले में अवमानना याचिका दाखिल

**RANCHI :** असिस्टेंट प्रोफेसर नियुक्ति (हो भाषा) प्रक्रिया का रिजल्ट नहीं जारी किये जाने के खिलाफ एक बार फिर झारखंड हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया है। इसी वर्ष मई माह में झारखंड हाईकोर्ट की एकल पीठ ने झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) को यह आदेश दिया था कि असिस्टेंट प्रोफेसर नियुक्ति के लिए लिये गये इंटरव्यू का रिजल्ट 31 जुलाई तक जारी किया जाये। इस आदेश के कई महीने बीत जाने के बाद भी जेपीएससी ने रिजल्ट जारी नहीं किया, जिसके बाद सरस्वती गगराई ने बुधवार को हाई कोर्ट में अवमानना याचिका दाखिल की है। याचिकाकर्ता ने अपनी याचिका में कहा है कि मार्च 2022 में असिस्टेंट प्रोफेसर नियुक्ति के लिए इंटरव्यू लिया गया था लेकिन इंटरव्यू की प्रक्रिया खत्म होने और हाई कोर्ट द्वारा रिजल्ट जारी करने का आदेश पारित किये जाने के बाद भी रिजल्ट जारी नहीं किया गया। याचिकाकर्ता सरस्वती गगराई की ओर से अधिवक्ता सुभाषिश रसिक सोरेन हाई कोर्ट में पक्ष रखेंगे।

## कर्मचारियों के ट्रांसफर का अधिकार कुलपति को नहीं

**RANCHI :** तृतीय वर्ग के कर्मियों के ट्रांसफर आदेश के खिलाफ दायर अंबरीश कुमार व मुग्धा तिवारी की अलग-अलग याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी की अदालत ने रांची विश्वविद्यालय के कुलपति द्वारा जारी ट्रांसफर आदेश को निरस्त कर दिया। अदालत ने कहा कि एक कॉलेज से दूसरे कॉलेज में तृतीय वर्ग के कर्मचारियों के ट्रांसफर का अधिकार कुलपति को नहीं है। सुनवाई के दौरान बैद्यनाथ ठाकुर बनाम रांची विश्वविद्यालय व अन्य मामले में पारित आदेश का हवाला दिया गया । बताया गया कि विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को शिक्षकेत्तर कर्मचारियों को एक अंगीभूत कॉलेज से दूसरे अंगीभूत



कॉलेज में स्थानांतरित करने का कोई अधिकार क्षेत्र नहीं है। प्रार्थी की ओर से चार जुलाई 2023 को रांची विश्वविद्यालय के कुलपति के ट्रांसफर आदेश को निरस्त करने का आग्रह किया गया है। बता दें की शिक्षकेत्तर कर्मी मुग्धा तिवारी को डोरंडा कॉलेज से रांची वीमेंस कॉलेज तथा लेखापाल अंबरीश कुमार को रांची वीमेंस कॉलेज से डोरंडा कॉलेज ट्रांसफर किया गया था। जिसे हाई कोर्ट में चुनौती दी गई थी।

## राज्य में आज छाए रहेंगे बादल, गिरेगा तापमान

### कहीं-कहीं हल्की बारिश की संभावना

**PHOTON NEWS RANCHI :** गुरुवार से राज्य के कुछ हिस्सों में बादल छाये रहने की संभावना है। इसमें मुख्य रूप से राज्य के पूर्वी हिस्से शामिल हैं। जहां दिन के समय बादल छाये रहेंगे। जिससे इन हिस्सों में धूप की कमी देखी जायेगी। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से इस संबध में जानकारी दी गयी है। जिसमें बताया गया है कि 2 नवंबर को राज्य के अधिकांश हिस्सों में बादल छाये रहेंगे। इसमें दुमका, जामताड़ा, गोड्डा, पाकुड़, धनबाद, जमशेदपुर, सरायकेला खरसावां समेत अन्य जिले शामिल हैं। संभावना है कि इन जिलों में कहीं-कहीं हल्की बारिश भी हो सकती है। हालांकि राजधानी रांची में मौसम पूरी तरह से साफ रहेगा। मौसम विभाग के मुताबिक अन्य हिस्सों में सुबह के समय धुंध और दिन में धूप का प्रभाव देखने को मिलेगा।

तापमान की बात करें तो आने वाले पांच दिनों तक राज्य के अधिकतम तापमान में बदलाव की संभावना नहीं है। जबकि न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की जायेगी। बादल छाये रहने के कारण सुबह और शाम के वक्त ठंड का असर अधिक महसूस किया जायेगा। इस दौरान तापमान में पांच डिग्री तक की गिरावट दर्ज की जायेगी। विभाग की मानें तो 7 नवंबर तक तापमान में कमी महसूस की जायेगी। इस दौरान अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस तक रहने की संभावना है। वहीं न्यनूतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है।

**किस जिले का कैसा रहेगा मौसम**

धनबाद में भी दो नवंबर को आसमान में हल्के बादल छाये रहेंगे। मौसम विभाग ने तापमान में कमी आने व ठंड का अहसास होने की संभावना जतायी है। वहीं दिन में धूप व बादल रहने का अनुमान है। बोकारो में मौसम विभाग के अनुसार दो नवंबर को आसमान पूरी तरह से साफ रहेगा। चाईबासा, जमशेदपुर और सरायकेला क्षेत्र में बुधवार को आसमान साफ रहेगा। पलामू और लातेहार में अधिकतम तापमान में गिरावट व न्यूनतम तापमान में वृद्धि हुई है। अधिकतम तापमान में 0.3 डिग्री सेल्सियस की कमी और न्यूनतम तापमान में 2.0 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी दर्ज की गयी है। चतरा, पलामू, गोड्डा में बुधवार को आसमान साफ रहेगा। धूप खिली हुई रहेगी। अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य रहेगा।

## भारत एक है और एक रहेगा : राज्यपाल

### आठ राज्यों के स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए सीपी राधाकृष्णन



राजभवन के बिरसा मंडप में लोगों का अभिवादन स्वीकार करते गवर्नर।

**PHOTON NEWS RANCHI :** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि भारत एक है और एक रहेगा। हम एक रहकर निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर हैं। हम एक रहकर मानवता की भावना को पल्लवित और पुष्पित कर सकते हैं। राज्यपाल बुधवार को आठ राज्यों आन्ध्र प्रदेश, कर्नाटक, हरियाणा, केरल, पंजाब, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, तमिलनाडु और पांच केंद्रशासित प्रदेशों चंडीगढ़, दिल्ली, पुडुचेरी, लक्षद्वीप और अंडमान एवं निकोबार के स्थापना दिवस के अवसर पर राजभवन के बिरसा मंडप में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत में अलग-अलग भाषाएं बोली जाती हैं लेकिन सभी एक दूसरे की भाषा और भावना का सम्मान करते हैं। एकता के साथ-साथ विश्व-बंधुत्व की भावना हमारी सबसे बड़ी ताकत है। इसका परिचय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कोरोना महामारी के समय दिया। जब विश्व के विभिन्न देशों को निःशुल्क कोविड टीका प्रदान किया गया। उनके नेतृत्व में हमारी अर्थव्यवस्था नित्य-नया मुकाम हासिल कर रहा है। राज्यपाल ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने अल्पायु में मानवता के प्रति जो धर्म निभाया, उसे विश्व सदियों तक याद रखेगा। आज हमारा सबसे बड़ा कर्तव्य है कि समाज की मुख्य धारा से वंचित लोगों की सेवा करें। उन्होंने कहा कि लोग अपनी भाषा, संस्कृति के साथ अन्य की भी भाषा, संस्कृति जानने का प्रयास करें एवं उनका आदर और सम्मान करें। कार्यक्रम में विभिन्न प्रदेशों के लोक गीत एवं लोक नृत्य की प्रस्तुति की गई। इस दौरान राज्यपाल ने सभी के सुख-समृद्धि की कामना की और विभिन्न प्रदेशों के लोगों सम्मानित भी किया।

## राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के विधायक कमलेश सिंह ने हेमंत सोरेन सरकार से वापस लिया समर्थन

### 3.25 करोड़ जनता की आकांक्षाओं पर खरा नहीं उतरी राज्य सरकार

**PHOTON NEWS RANCHI :** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के विधायक कमलेश कुमार सिंह ने हेमंत सोरेन सरकार से समर्थन वापस ले लिया है। वे राज्य के हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं। उन्होंने बुधवार को धुर्वा स्थित आवासीय कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस में इसकी घोषणा की। इस संबंध में उन्होंने राज्यपाल को भी लिखित रूप में बताया है। कमलेश सिंह ने कहा कि हुसैनाबाद को जिला बनाने की मांग के मुद्दे पर उन्होंने चार सालों तक समर्थन दिया। खुद 2019 के चुनाव के बाद यूपीए के नेता उनके पास लिखित में समर्थन मांगने आए थे लेकिन जिस मुद्दे पर सपोर्ट किया था, उस पर डेडलाइन 31 अक्टूबर



प्रेस कांफ्रेंस कर जानकारी देते विधायक कमलेश कुमार सिंह।

तक समय देने के बावजूद गंभीरता नहीं दिखाई। अब ऐसे में इस सरकार को समर्थन देना संभव नहीं। कमलेश ने कहा कि वे 2019 के विधानसभा चुनाव में हुसैनाबाद से निर्वाचित हुए थे। इसके बाद हेमंत सोरेन के नेतृत्व में गठित सरकार को समर्थन दिया था लेकिन यह सरकार राज्य की 3.25 करोड़ जनता की आकांक्षाओं पर खरा नहीं उतरी। ऐसे में वे लाचार और निराश होकर हेमंत सरकार से तत्काल प्रभाव से समर्थन वापस ले रहे हैं। कमलेश ने कहा कि हुसैनाबाद को जिला का दर्जा देने के अलावा बालू घाटों की बंदोबस्ती करने, पलामू जिले के पांच अंचलों के त्रुटिपूर्ण सर्वे के आनलाइन इंट्री को ठीक करने व अधिकारियों की पदस्थापना की मांग लगातार सीएम से की गई लेकिन चार सालों तक सिर्फ आश्वासन मिला। मार्च 2021 में तत्कालीन पार्टी लीडर शरद पवार को हुसैनाबाद को जिला बनाने के लिए चर्चा हुई थी। उन्होंने आश्वस्त किया था कि हेमंत सरकार जल्द ही इस पर काम करेगी। इसके अलावा कई बार एनसीपी की ओर से मुख्यमंत्री को लिखित रूप में हुसैनाबाद को जिला बनाने को पत्र लिखा।

**दीवाली में हवाई यात्रा हुई महंगी, कोलकाता से रांची का किराया सबसे कम**

## बड़े शहरों से रांची आना हुआ खर्चीला, सीधी फ्लाइट में 25, कनेक्टिंग के लिए लग सकते 50 हजार रुपये

**PHOTON NEWS RANCHI :** देश के तमाम बड़े शहरों से दीवाली मनाने रांची आने वालों को 25 से 50 हजार रुपए तक हवाई यात्रा के लिए खर्च करने पड़ सकते हैं। दीवाली और यात्रा की बुकिंग को देखते हुए विभिन्न विमानों का किराया आम दिनों से तीन गुना तक महंगा हो गया है। 12 नवंबर को दिवाली है। इससे पहले 11 नवंबर का किराया किसी भी बड़े शहर से आने के लिए काफी महंगा हो गया है। देश के छह बड़े शहरों की बात करें तो सबसे कम किराया कोलकाता से रांची आने का लग रहा है। इसका किराया 5,164 रुपए है। इसके अतिरिक्त दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, हैदराबाद आदि से आने के लिए 10 से 25 हजार तक लग सकते हैं। सम्राट टूर एंड ट्रेवल्स के ऑनर महेश मूंजाल ने बताया कि अब तो सीधी फ्लाइट की बुकिंग ही बड़ी मुश्किल से हो पा रही है। इंडिगो की फ्लाइट से अगर दिपावली के दो दिन पहले आना चाहते हैं तो लगभग 26 हजार रुपए लगेंगे। 12 नवंबर की तो सीधी फ्लाइट में सीट ही नहीं मिल पा रहा है। अब कोई कनेक्टिंग फ्लाइट से 10 नवंबर को मुंबई से रांची आना चाहता है तो उसे 40 हजार से 70 हजार रुपए तक देने पड़ सकते हैं। त्योहार में घर आने के लिए अधिक पैसे खर्च करने न पड़े इसलिए लोग एडवांस्ड बुकिंग का सहारा ले रहे हैं। इसके बाद भी सामान्य दिनों की अपेक्षा दो गुना किराया देना हो रहा है। आठ से 11 नवबर के बीच दिल्ली से रांची आनेवाले विमान सेवाओं का किराया 13,670 से लेकर 16,400 रुपए में उपलब्ध है।

**प्रमुख शहरों से रांची का किराया**

- मुंबई से रांची इंडिगो : 25,870
- बेंगलुरू से रांची इंडिगो : 19,930
- दिल्ली से रांची इंडिगो : 13,600
- चेन्नई से रांची इंडिगो : 10,402
- कोलकाता से रांची इंडिगो : 5,164
- हैदराबाद से रांची इंडिगो : 12,192

## ऑफर लेटर के नाम पर नौकरी देने का नाटक कर रही सरकार : आदित्य

**PHOTON NEWS RANCHI :** भाजपा प्रदेश महामंत्री और सांसद आदित्य साहू ने बुधवार को राज्य सरकार को कटघरे में खड़ा किया। उन्होंने ऑफर लेटर वितरण पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि आज राज्य में लाखों पद खाली हैं। विद्यालयों में शिक्षक नहीं हैं। कॉलेज में प्राध्यापक नहीं। अस्पताल में चिकित्सक और नर्स नहीं हैं। सरकारी कार्यालयों में कर्मचारी नहीं हैं लेकिन मुख्यमंत्री इससे ध्यान भटकाने के लिए ऑफर लेटर के नाम पर युवाओं को नौकरी देने



भाजपा सांसद आदित्य साहू ।

का नाटक कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष पांच लाख नौकरी नहीं तो बेरोजगारी भत्ता के बड़े वायदे के साथ सत्ता पर बैठे हेमंत सोरेन अब चार साल बीतने पर बेरोजगारी भत्ता से भी कम मासिक राशि पर पत्र वितरण कर रहे। उन्होंने कहा कि ऐसे ऑफर लेटर वितरण कार्यक्रम के लिए मुख्यमंत्री करोड़ों रुपये विज्ञापनों पर खर्च कर रहे। करोड़ों रुपये कार्यक्रम आयोजित करने में खर्च किए जा रहे। उन्होंने कहा कि यह कैसा ऑफर लेटर है, जिसमें एक परिवार की दाल रोटी भी नहीं चलाई जा सकती। आखिर ऐसा दिखावा करके सरकार क्या बताना चाहती है। सरकारी नौकरी की प्रतीक्षा में कितने बेरोजगारों की उम्र निकल गई। लाखों रुपये खर्च कर हजारों युवकों ने तकनीकी पढ़ाई की।

**केंद्र के नीतियों की वजह से बढ़ रही महंगाई, देश की सरकार सिर्फ जुमलेबाजी करने में व्यस्त**

## राजस्थान में 17, मध्यप्रदेश में चार और छत्तीसगढ़ में तीन सीटों पर माकपा लड़ेगी चुनाव : वृंदा करात

**PHOTON NEWS RANCHI :** माकपा पोलित ब्यूरो सदस्य और झारखंड प्रभारी वृंदा करात ने कहा कि पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव में माकपा राजस्थान में सीपीआई के साथ मिलकर 17 सीटों पर चुनाव लड़ेगी जबकि मध्यप्रदेश में चार और छत्तीसगढ़ में तीन सीटों पर चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के नीतियों की वजह से महंगाई बढ़ रही है। प्याज के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। केंद्र




पार्टी के प्रदेश कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस कर पत्रकारों से बातचीत करतीं करात।

सरकार सिर्फ जुमलेबाजी कर रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार से पार्टी ने मांग किया है कि सामाजिक, आर्थिक स्थिति और जाति के साथ जनगणना करायें।

करात बुधवार को रांची के मेन रोड स्थित पार्टी के प्रदेश कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ समय में केंद्र सरकार की छवि धूमिल हुई है। एक ओर जहां केंद्र सरकार गैर भाजपा शासित प्रदेशों में जबरन अपने नियम लागू कर रही है, वहीं गैर भाजपा शासित प्रदेशों की फंडिंग रोकने जैसे मामले सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि इजरायल फिलिस्तीन युद्ध के दौरान भी सरकार का दोहरा चेहरा सामने आया है। भारत ने यूनाइटेड नेशन्स की जनरल असेंबली में वोट नहीं किया जबकि अलग-अलग पटल पर समय-समय पर भारत की ओर से बयान जारी किया गया है कि भारत आतंक विरोधी है। फिर जनरल असेंबली में वोट नहीं करना उचित नहीं। उन्होंने कहा कि कई राज्यों में केंद्र सरकार की ओर से दबाव बनाने और फंडिंग रोकने की बात सामने आ रही है। राज्य में भी जनता स्मार्ट मीटर और इसकी त्रुटियों से परेशान है। जानकारी हुई है कि केंद्र के दबाव में हेमंत सरकार स्मार्ट मीटर लगा रही है।

### राज्य के सरकारी स्कूलों में प्राइमरी के विद्यार्थियों के लिए पीटीएम सात तक

**RANCHI :** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के निदेर्शानुसार झारखंड के सभी सरकारी स्कूलों में एक से सात नवंबर तक कक्षा एक से पांच तक के बच्चों के लिए अभिभावक शिक्षक बैठक (पीटीएम) का आयोजन किया जाना है। बैठक में शिक्षकों द्वारा अभिभावकों को प्रयास, प्रोजेक्ट रेल, एफएलएन, बाल विवाह, हर्ष जोहार, पीओसीएसओ आदि विषयों के बारे में जानकारी दी जायेगी। विद्यालयों द्वारा अभिभावक शिक्षक बैठक की शुरूआत भी एक नवंबर से किया जा चुका है। कक्षा छह से 12 के बच्चों के लिए अभिभावक शिक्षक बैठक का आयोजन आठ नवंबर से 18 नवंबर तक किया जाएगा। अभिभावक शिक्षक बैठक के बाद सभी जिलों में परिषद द्वारा दिए गए गूगल फॉर्म को भरकर देना अनिवार्य होगा।

**एसीबी के हाथ अब तक खाली**

## अमर बाउरी व उसकी पत्नी के प्रॉपर्टी का नहीं मिल रहा रिकॉर्ड

**CRIME REPORTER RANCHI :** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) भाजपा विधायक दल के नेता और नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी की संपत्ति का ब्यौरा जुटाने में लगी है। लेकिन अब तक उसके हाथ खाली हैं। पुख्ता जानकारी के मुताबिक, एसीबी को अब तक एक भी ऐसी अचल संपत्ति की जानकारी नहीं मिली है, जो अमर कुमार बाउरी या उनकी पत्नी कल्याणी देवी के नाम पर खरीदी गयी हो। बता दें कि एसीबी ने रजिस्ट्री ऑफिस से अमर कुमार बाउरी और उनकी पत्नी के नाम पर कितनी अचल संपत्ति खरीदी गयी है, इसकी जानकारी मांगी है। वहीं एसीबी ने दोनों के पैन नंबर भी रजिस्ट्री ऑफिस को दिये हैं। एसीबी से पत्र मिलने के बाद रांची के सभी रजिस्ट्री ऑफिस में करीब एक सप्ताह रिकॉर्ड खंगाले गये। लेकिन फिलहाल ऐसे कोई दस्तावेज नहीं मिले, जिसमें अमर कुमार बाउरी या उनकी पत्नी का नाम दर्ज हो। बता दें कि हेमंत सरकार की कैबिनेट के आदेश के बाद रघुवर दास सरकार में शामिल पांच पूर्व मंत्रियों के खिलाफ एसीबी ने पीई दर्ज की है। इसके साथ ही झारखंड हाईकोर्ट में वर्ष 2020 में पंकज कुमार यादव ने रघुवर सरकार में मंत्री रहे नीलकंठ सिंह मुंडा, नीरा यादव, अमर बाउरी, लुइस मरांडी और रणधीर सिंह की संपत्ति की जांच के लिए एक जनहित याचिका दाखिल की है।

BRIEF NEWS

## मुंबई होमी भाभा स्टेट यूनिवर्सिटी की टॉपर बनी राउरकेला की हितांखी



**ROURKELA :** राउरकेला की छात्रा हितांखी त्रिपाठी ने शहर का नाम रोशन किया है। मुंबई स्थित डॉ. होमी भाभा ने स्टेट यूनिवर्सिटी, राज्य विश्वविद्यालय के अधीन विज्ञान के प्रसिद्ध संस्थान इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस के रसायन विज्ञान विभाग में 10 सीजीपीए में से 9.97 सीजीपीए स्कोर कर यूनिवर्सिटी टॉपर होने का गौरव हासिल किया है। हितांखी डीएवी पब्लिक स्कूल में 10वीं और 12वीं पास की है। रावेना रेभेंसा विश्वविद्यालय से 8.7 सीजीपीए के साथ स्नातक की उपाधि प्राप्त की। इसके बाद वे इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस पढ़ाई करने गई, जहां टॉपर हुई है। वर्तमान में एनआईटी राउरकेला में केमिकल इंजीनियरिंग विभाग में पीएचडी कर रही हैं। इस सफलता के लिए हितांखी के माता और पिता सामाजिक कार्यकर्ता डीएन त्रिपाठी और राउरकेला नगरपालिका की पूर्व चेयरमैन रश्मीबाला मिश्र बधाई मिल रही है।

## युवा कांग्रेस ने दुकान आवंटन में अनियमितता का लगाया आरोप



**ROURKELA :** युवा कांग्रेस राउरकेला ने डीएवी चौक के पास जेल रोड में वेंडिंग जोन में दुकान आवंटन में अनियमितता का आरोप लगाया है। इस संबंध में पीसीसी सचिव प्रबोध दास, युवा कांग्रेस कार्यकर्ता शिबू दीप के नेतृत्व में युवा कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल आरएमसी आयुक्त डॉ. शुभंकर महापात्र से मिला और उनसे मामले पर गौर करने का अनुरोध किया, ताकि वास्तविक लाभार्थियों को वेंडिंग जोन में दुकान मिल सके।

## पुलिस अधिकारियों को दी गयी विदाई




**SUNDARGARH :** सुंदरगढ़ पुलिस परिवार ने अतिरिक्त एसपी सुरेंद्र कुमार माझी, कांस्टेबल दुबराज माझी, कांस्टेबल मिशेल टेटे और कांस्टेबल पीटर लुगुन को सरकारी सेवा से सेवानिवृत्त होने पर विदाई दी। इस दौरान कर्तव्य के प्रति उनके समर्पण, समर्पण और ईमानदारी का सम्मान करते हुए और उनके सुखी और स्वस्थ सेवानिवृत्ति जीवन की कामना करते किए।

# एनसेंबल वलहल्ला तीन से पांच नवंबर तक, उस्ताद अमित त्रिवेदी व कॉमेडियन निशांत सूरी देंगे प्रस्तुति

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** बिजनेस स्कूल एक्सएलआरआई के विद्यार्थियों के वार्षिक कार्यक्रम एनसेंबल वलहल्ला के 24वें संसकरण की तैयारी शुरू हो गयी है। यह वार्षिक सांस्कृतिक, खेल और प्रबंधन उत्सव की शुरूआत3 नवंबर से होगी जबकि 5 नवंबर को इसका समापन होगा। इस तीन दिवसीय वार्षिक कार्यक्रम में देश भर के 45 से अधिक बी स्कूलों के छात्र-छात्राएं हिस्सा लेंगे। वहीं इसमें 30 से अधिक स्पपधाएं होंगी। इस वर्ष एनसेंबल वलहल्ला का थीम ह्वअनंत काल की गूंजह्व है। संस्थान की ओर से बताया गया कि इसका उद्घाटन दो अक्टूबर को टाटा ऑडिटोरियम में किया जाएगा। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि एचसीएल टेक्नोलॉजीज के पूर्व सीईओ एवं संपर्क फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष विनीत नायर शामिल होंगे। नायर एक्सएलआरआई यहां संस्थान के छात्र-छात्राओं संबोधित करेंगे। इस महोत्सव में 25 से अधिक प्रमुख कार्यक्रम शामिल होंगे, जिनमें ह्वद नेक्स्ट जेन लीडर,ह्व ह्वस्ट्राइक ऑर यील्ड,ह्व ह्ववॉर ऑफ विट्सह्व आदि शामिल है। इन रोमांचक प्रतियोगिताओं के अलावा महोत्सव में एक आइडिया




शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों के दिग्गज समृद्ध बातचीत में शामिल होंगे। इस वर्ष के मुख्य वक्ता बिश्वपति सरकार हैं।

**जानें कार्यक्रम के बारे में :** वलहल्ला कार्यक्रम की बात करें तो यह संस्कृति, खेल और प्रबंधन के क्षेत्र में व्यापक प्रदर्शन के लिए जाना जाता है, जिसमें प्रतियोगिताओं के साथ ही प्रतिभाओं की श्रृंखला देखने को मिलती है। प्रतिभागी इसमें रणनीति, मानव संसाधन, सामाजिक कारणों, परामर्श, रणनीति, कला और नृत्य आदि गतिविधियों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हैं। यह कार्यक्रम इस बार ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों तरह से होगा।

**कौन कौन से कार्यक्रम आयोजित होंगे :** इस कार्यक्रम में कई पैनल भी शामिल होंगे। स्टॉकलोपीडिया के मोहित और मयूना जैन तथा हर्ष और हेतवी कामदार के साथ फाइनांस पर एक पैनल डिस्कशन होगा। वहीं इंटरट्रेनर पैनल में सौम्या टंडन और श्रेया मेहता शामिल होंगी। सीएचआरओ पैनल में महिंद्रा के एचआर प्रमुख विनय अग्रवाल, अरविंद ग्रुप में सीएचआरओ असीम जगदाले शामिल होंगे। अंत वन असिस्ट के सीईओ सुब्रत पाणि, किर्नी में एचआर प्रमुख राखी मलिक और चेटचैट की सीईओ और बायजूज में मार्केटिंग की पूर्व प्रमुख चेतना वशिष्ठ व्यापार जगत के विभिन्न पहलुओं पर जानकारी प्रदान करेंगी।

**उस्ताद अमित त्रिवेदी देंगे अपनी प्रस्तुति :** इस वर्ष उत्सव का सबसे प्रतीक्षित हिस्सा प्रो-शो ऑफलाइन होगा, जिसकी एक्सएलआरआई में लाइव प्रदर्शन की सुविधा रहेगी। 3 नवंबर को प्रसिद्ध बैंड इंडियन ओसियन की ओर से मनोरंजन किया जायेगा। उसके बाद 4 नवंबर को स्टैंड-अप कॉमेडियन निशांत सूरी और 5 नवंबर को ग्रैंड फिनाले होगा संगीत उस्ताद अमित त्रिवेदी अपनी प्रस्तुति देंगे।

## निगम से सड़क मरम्मत करने की मांग



**ROURKELA :** सामाजिक कार्यकर्ता प्रशांत सेठी के नेतृत्व में टांगरपाली के बुरुडी गांव के निवासियों ने टांगरपाली चौक से बुरुड़ी तालाब तक सड़क की खराब स्थिति को लेकर आरएमसी आयुक्त डॉ शुभंकर महापात्र से मुलाकात की। यहां कोई स्ट्रीट लाइट नहीं है, जिससे ग्रामीणों को अधिक परेशानी होती है। प्रतिनिधियों ने आरएमसी आयुक्त से सीसी रोड बनाने और स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था करने के लिए आवश्यक कदम उठाने का अनुरोध किया।

# निराश्रित लोगों को रैन बसेरा तक ले जाने में निगम विफल

## साढ़े दस बजे के बाद प्रवेश करने की अनुमति नहीं

**PHOTON NEWS ROURKELA :** इस्पात नगरी में सर्दी दस्तक दे चुकी है। आने वाले दिनों में पारा गिरेगा और उसी हिसाब से ठंड बढ़ेगी। बेघर लोग रैन बसेरों में जाने के बजाय रेलवे स्टेशनों, बस अड्डों, सड़कों के किनारे, दुकानों के सामने सोना पसंद करते हैं। वास्तव में, राउरकेला नगर निगम (आरएमसी) निराश्रित लोगों को व्यापक रूप से जागरूकता करने के बाद भी चल रही समस्या का समाधान करके रैन बसेरों तक ले जाने में विफल रही है। निराश्रित के आश्रय स्थलों पर न आने के पीछे कई कारण हैं। श्रय स्थल 10:30 बजे बंद कर दिया जाता



रैन बसेरा छोड़ फुटपाथ पर सोते लोग। • फोटोन न्यूज

है। साढ़े दस बजे के बाद प्रवेश करने की अनुमति नहीं है।

आरएमसी ने शहरी क्षेत्रों के निराश्रित लोगों और अन्य राज्यों के दिहाड़ी मजदूरों को आश्रय प्रदान करने के लिए शहर के विभिन्न हिस्सों में 4 रैन बसेरे स्थापित किए हैं। इन आश्रयों का निर्माण पावर हाउस रोड, प्लांटसाइट, न्यू बस स्टैंड और राउरकेला सरकारी अस्पताल (आरजीएच) में किया गया है। प्रत्येक आश्रय स्थल में 50 लोग आश्रय ले सकते हैं। इसका उद्देश्य राउरकेला में बेघर रिक्शा चालकों, कचरा चुनने वाले, भिखारियों आदि को रात को सुरक्षित आश्रय प्रदान करना था। यहां आश्रय स्थल में भोजन, पेयजल आपूर्ति, विशेष भंडारण सुविधाएं, स्वच्छ शौचालय, आवश्यक प्रकाश व्यवस्था, अग्नि सुरक्षा उपकरण, प्राथमिक चिकित्सा किट, मच्छर नियंत्रण उपकरण, कंबल, गद्दे, सीसीटीवी आदि होंगे। निराश्रित इन सुविधाओं का निःशुल्क लाभ उठा सकते हैं। लेकिन ये सेवाएं अब एक तमाशा बनकर रह गई हैं।

# विधायक ने सुनी लोगों की समस्याएं ऑन द स्पोट किया समाधन

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** टोंटो प्रखंड के लिसिया में झामुमो का अपना कार्यालय खुलने के बाद जनता दरबार लगना शुरू हो गया। चूंकि यहां कार्यालय खुलने के बाद निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रत्येक बुधवार को विधायक दीपक बिरुवा यहां मौजूद रहेंगे और जनता की समस्या को सुनेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बुधवार को विधायक दीपक बिरुवा टोटो प्रखंड स्थित अपने कार्यालय पहुंचे हुए थे। यहां लोगों की समस्याएं सुनी और कई समस्याओं का समाधान ऑन द स्पॉट कराया।

इस दौरान ग्रामीणों ने विधायक के समक्ष स्वास्थ्य, पेयजल व बिजली से संबंधित समस्याएं रखते हुए उनका समाधान करने की मांग की। विधायक ने फोन कर



जनता दरबार में लोगों की समस्या सुनते विधायक दीपक बिरुवा। • फोटोन न्यूज

संबंधित विभाग के अधिकारियों को समस्याओं का समय पर समाधान करने के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। विधायक ने अधिकारियों से कहा कि वे लोगों की सामूहिक समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करें। इसके अलावा विधायक ने झामुमो पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। बैठक में कार्यकर्ताओं को कई दिशा निर्देश दिए।

बैठक में झामुमो के पूर्व जिला प्रवक्ता बुधराम लागुरी, 20 सूत्री टोंटो प्रखंड अध्यक्ष मुन्ना सुंडी, जिला परिषद सदस्य नारायण तुबिद, तुराम बिरुली, दिनेश कुम्हार, संजय दास, राजीव हांसदा, पूर्व प्रमुख मंगल तुबिद समेत अन्य मौजूद थे।

# अपराध पर अंकुश लगाने के लिए सड़क पर पुलिस, पैदल गश्ती शुरू

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** जिला पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए कार्रवाई शुरू की गई है। इसके तहत शहरी इलाकों के थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र में पैदल गश्त करेंगे। इसके लिए सिटी एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने निर्देश जारी किया है। बुधवार को खुद सिटी एसपी साकची गोलचक्कर पहुंचे और इस अभियान की शुरूआत की। इस दौरान किनारे खड़े ऑटो चालकों को फटकार लगाईं गई और जुर्माना वसूला गया। उनके साथ साकची थाना प्रभारी संजय कुमार व थाना के पुलिस बल मौजूद थे। सिटी एसपी ने बताया कि लोगों में पुलिस के प्रति सुरक्षा का भाव बढ़ाने और असामाजिक तत्वों में भय का माहौल पैदा करने के उद्देश्य से यह अभियान शुरू किया जा रहा है। इसके तहत सभी थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र में सप्ताह में दो से तीन दिन एक से डेढ़ किलोमीटर पैदल



साकची में गश्त लगाती पुलिस। • फोटोन न्यूज

गश्त करेंगे। इसके लिए पहले से ही एक माह का समय-सारिणी एसपी कार्यालय से जारी कर दिया जाएगा। फिलहाल शहर के कुल 153 स्थानों को चिन्हित किया गया है, जहां पुलिस पैदल गश्त करेगी।

**स्कूल-कॉलेज के आसपास होगी गश्ती :** एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने बताया कि पैदल गश्ती की परंपरा लगभग समाप्त हो चुकी है। अब इसे फिर से शुरू करते हुए रूटिंग गश्त के अलावे इस पर विशेष रूप से जोर दिया जा रहा है। अड्डाबाजी वाले स्थल, संवेदनशील स्थानों के अलावे स्कूल-कॉलेज के आसपास थाना प्रभारी गश्त करेंगे। आमजन से भी फीडबैक मिलने पर उक्त इलाके में पुलिस पहुंचेगी और पैदल मार्च करेगी। थाना प्रभारी अपने-अपने इलाकों में ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने से लेकर अतिक्रमण हटाने तक की कार्रवाई करेंगे। इसके लिए संबंधित विभाग से भी मदद ली जायेगी।

# सुहागिनों ने रखा करवा चौथ का व्रत पति के लंबी उम्र की कामना की

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** जिला मुख्यालय समेत ग्रामीण क्षेत्रों अखंड सुहाग का प्रतीक करवा चौथ का पर्व बुधवार को श्रद्धा, उत्साह और परंपरा के साथ मनाया गया। इस दौरान सुहागिनों ने पति की लंबी उम्र व सुहाग की रक्षा के लिए निर्जला व्रत रखा। पूरे दिन निर्जला व्रत कर शाम में सोलह श्रृंगार कर महिलाओं ने सामूहिक रूप से करवा चौथ की पूजा की। इस दौरान किसी ने शादी के जोड़े में सज-संवरकर पूजा की तो किसी ने गहरे लाल रंग के परिधान पहनकर चुनरी ओढ़कर पूजा की। इस मौके पर महिलाओं ने निर्जला उपवास रख कर चौथ माता की कथा सुनी, चांद को देखकर अर्घ्य दिया और छलनी से चांद को देख कर चौथ माता से अपने पति की लंबी आयु की कामना की। देर रात चांद का दीदार कर और पतियों के हाथों से जल ग्रहण करने के बार सुहागिनों



करवा चौथ की पूजा करती महिलाएं। • फोटोन न्यूज

ने व्रत तोड़ा। इससे पहले दिनभर भूखी प्यासी रहकर व्रत का संकल्प निभाया।

**कई जगहों पर जुटीं सुहागिन महिलाएं :** खासकर नवविवाहिताओं में व्रत को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। व्रत को लेकर युवतियों व महिलाओं ने अपने हाथों में मेंहदी रचाई तथा सोलह श्रृंगार कर दिनभर निर्जल और निराहार रही। शाम को भगवान शिव-पार्वती, गणेश, कार्तिकेय एवं चन्द्र भगवान की पूजा अर्चनाकर कथा सुनी तथा चंद्रमा की पूजा कर अर्घ्य। इस मौके पर पतियों ने अपनी पत्नियों को उपहार भेंट किया। शहर के काशीडीह स्थित दुर्गा मंदिर, रिफ्यूजी कालोनी स्थित श्रीकृष्ण मंदिर व गोलमुरी स्थित पशुपतिनाथ मंदिर में उत्तर प्रदेश व पंजाबी समाज की महिलाओं ने करवा चौथ की कथा सुनी। वहीं, गरमनाला स्थित आर्य समाज ट्रस्ट के प्रांगण में भी सुहागिन महिलाएं जुटीं, कथा सुनी और पुरोहित के मार्गदर्शन में पूजा की।

## चार दिवसीय स्व कांडे राम गोप मेमोरियल फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन

# पुरुष में पगला बासा एफसी व महिला में धड़कन एफसी जमशेदपुर बनी चैंपियन

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं में प्रतिभा की कमी नहीं है। इसे देखते हुए झारखंड के हेमंत सोरेन की सरकार पंचायत व प्रखंड स्तर पर फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन कर युवाओं को आगे बढ़ने का मौका प्रदान कर रही है। यह बातें पूर्ति स्पोर्टिंग क्लब कुडुबेड़ा की ओर से आयोजित स्व कांडे राम गोप मेमोरियल चार दिवसीय फुटबाल प्रतियोगिता का फाइनल सह समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि रूप में उपस्थित विधायक दीपक बिरुवा अपने संबोधन में कही।

उन्होंने प्रतियोगिता के विजेता एवं उपविजेता टीमों को बधाई देते हुए कहा कि यहां के खिलाड़ी देश-विदेश में खेल कर अपना क्षेत्र का नाम रोशन किया।



पगला बासा एफसी (पुरुष) की टीम। • फोटोन न्यूज



धड़कन एफसी जमशेदपुर (महिला) की टीम। • फोटोन न्यूज

झारखंड सरकार ऐसे खिलाड़ियों को चिन्हित कर उनका भविष्य सवार रही है। इतना ही नहीं खिलाड़ियों को बेहतर मंच देने के लिए बीच-बीच में प्रतियोगिताएं भी आयोजित कर रही है। आज पढ़ाई के साथ-साथ खेल का भी काफी महत्व है। आज के युवा पीढ़ी खेल के माध्यम से भी अपना भविष्य बना रहे हैं। इसीलिए ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को अपने शरीर के ऊपर ध्यान देते हुए खेल पर ही फोकस करना चाहिए।

प्रतियोगिता के वर्ग का फाइनल मैच पगला बासा एफसी बनाम सरना टाइगर एफसी के बीच खेला गया। जिसमें पगला बासा एफसी ने सरना टाइगर को 2-0 गोल से हराकर चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया।

वहीं महिला वर्ग में ड्रेगन एफसी बनाम धड़कन एफसी के बीच खेला गया। जिसमें धड़कन एफसी जमशेदपुर की टीम ने ड्रैगन एफसी चाईबासा को पेनल्टी शूटआउट में हराकर विजेता बनी।

इसके पहले विधायक जी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के बाद गेंद को किक मार कर फाइनल मैच का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आयोजन समिति के संरक्षक कृष्ण चंद्र पुरती, लक्ष्मी नारायण पूर्ति, अध्यक्ष प्रकाश पूर्ति, उपाध्यक्ष जोजो पुरती, सचिव अजय पूर्ति, ग्रामीण मुंडा लुकना पूर्ति, बोरजो पुर्ती, जीतू बारी, सुरेश पूर्ति, सिपाही पूर्ति, सुंदर पूर्ति, सोमा, सिपाही, लोलो, बगल, राकेश, घनश्याम, मनीष समेत अन्य सदस्यों का योगदान सराहनीय रहा।

# एकतरफा मुकाबले में फ्रेंडस कोल्टस को पराजित कर प्रताप क्रिकेट क्लब पहुंचा क्वार्टर फाईनल में

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** पश्चिमी सिंहभूम जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में चल रहे एसआर रूंगटा बी डिविजन लीग के अंतर्गत बुधवार को खेले गए मैच में प्रताप क्रिकेट क्लब चाईबासा ने फ्रेंडस कोल्टस चाईबासा को एकतरफा मुकाबले में आठ विकेट से पराजित कर क्वार्टर फाईनल में अपना स्थान पक्का कर लिया है जबकि फ्रेंडस कोल्टस की टीम अपने दोनों मैच हारकर प्रतियोगिता से लगभग बाहर हो गई है।

स्थानीय बिरसा मुंडा क्रिकेट स्टेडियम मैदान पर टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए फ्रेंडस कोल्टस की की टीम ने निर्धारित 30 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 157 रन बनाए। विकेटकीपर बल्लेबाज सचिन सिंह दो चौकों एवं चार छक्कों की मदद से सर्वाधिक 46 रन बनाए और अंत तक आउट नहीं हुआ। अन्य बल्लेबाजों में यशराज




क्वार्टर फाईनल में पहुंची प्रताप क्रिकेट क्लब की टीम। • फोटोन न्यूज

एवं सुमित प्रजापति ने 34-34 रन तथा देवराज ने 10 रन बनाए।

प्रताप क्रिकेट क्लब की ओर से कैफ अब्बास ने घातक गेंदबाजी करते हुए मात्र 12 रन देकर पाँच बल्लेबाजों को पैविलियन की राह दिखाई।

जीत के लिए निर्धारित लक्ष्य को प्रताप क्रिकेट क्लब ने 22.1 ओवर में मात्र दो विकेट खोकर प्राप्त कर लिया। उद्घाटक बल्लेबाज अनीस कुमार दास ने छः चौकों एवं दो छक्कों की सहायता से 58 नाबाद रनों की पारी खेलकर टीम को जीत दिला दी। ललित बी सिंह ने 37 एवं चक्रधर ने 36 रनों की पारी खेलकर अनीस का अच्छा साथ दिया वहीं चंदन कुमार कुमार 22 रन बनाकर नाट आउट रहा।

फ्रेंडस कोल्टस की ओर से राज कुमार नायक एवं सुमित प्रजापति को एक-एक सफलता हाथ लगी।

# गोली मारने वाले की पहचान में जुटी पुलिस

## सीसीटीवी के आधार पर हो रही जांच, कुछ संदिग्धों से की जा रही पूछताछ

**सीतामढ़ी।** श्री राधा कृष्ण गोयनका कॉलेज में प्रोफेसर डॉ. रवि पाठक को गोली मारी गई थी। अपराधी ने चेंबर में घुसकर वारदात को अंजाम दिया था। मामले में पुलिस छापेमारी कर रही है। छापेमारी का दायरा सीतामढ़ी के अलावा आस पास के जिलों तक है। वारदात के बाद भागने के क्रम में कई जगहों पर अपराधी सीसीटीवी में कैद हुए थे। जिसके आधार पर पुलिस को कुछ अहम सुराग मिले हैं। चर्चा है कि अपराधी दो की संख्या में थे, लेकिन दूसरा सीसीटीवी में नहीं दिख रहा। फिलहाल पुलिस कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही। पुलिस तकनीकी और मानवीय तरीके से मामले की जांच रही है। जो कई बिंदुओं पर आधारित है। नाम न बताने की शर्त पर कॉलेज के एक कर्मी ने कहा कि टेंडर के विवाद को लेकर गोलीबारी हुई है। कॉलेज परिसर में कंस्ट्रक्शन का काम चल रहा है। कई बार अवैध निकासी लेकर विवाद भी हुआ है।





पुलिस से शिकायत नहीं की गई। जुलाई के प्रथम सप्ताह में शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव के के पाठक को स्पीड पोस्ट के माध्यम से अवैध निकासी और कार्यों में गड़बड़ी को लेकर शिकायत की गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। एसपी मनोज तिवारी ने कहा कि प्रथम दृष्टया यह मामला आपसी विवाद और कॉलेज में ठीकेदारी से जुड़ा हुआ प्रतीत हो रहा है। एक टीम गठित की गई है। टीम कई बिंदुओं पर जांच कर रही है। घायल प्रोफेसर का निजी क्लीनिक में इलाज चल रहा है। उनके होश में आने के बाद ही मामला स्पष्ट हो पाएगा। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। दीपक मूल रूप से उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ के प्रभात नगर निवासी हैं। उनके पिता दयानंद पाठक सरकारी नौकरी से रिटायर्ड हैं। उनकी मां विजया देवी और पत्नी डिप्टी गृहणी हैं। दो साल की एक बेटी है। छोटा भाई अर्पित पुणे में इंजीनियर है। दो बहनें हैं। दोनों की शादी हो चुकी है। एक बहन ऋतु दिल्ली में रहती है। दूसरी अहमदाबाद में रहती है। भाजपा के जिला अध्यक्ष मनीष कुमार गुप्ता ने कहा कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। पहले व्यवसाई, ठेकेदार और अफसर होते थे, लेकिन अब शिक्षक को भी नहीं बख्शा गया है। यह बिहार के लिए बहुत दुर्भाग्य की बात है। जब जब लालू यादव की सरकार रहती है। तब तब बिहार में अपराध चरम पर रहता है। जिस दिन बिहार में भाजपा की सरकार बन जाएगी। उसके बाद योगी राज की तरह सभी अपराधियों को चुन-चुनकर मिट्टी में मिला दिया जाएगा। पुलिस का एक मात्र काम शराब तस्करों को संरक्षण देना है। पूरे बिहार में लॉ एंड ऑर्डर नहीं है। सरकार के संरक्षण में दारू माफिया पनप रहे हैं।

# लड़की के अपहरण मामले में जामा मस्जिद का इमाम अरेस्ट



मुजफ्फरपुर। पुलिस ने एक मौलाना को गिरफ्तार किया है। उस पर एक नाबालिग लड़की का अपहरण करने का आरोप है। पुलिस गिरफ्तारी के लिए पहुंची तो वो मस्जिद में नमाज पढ़ रहा था। जैसे ही उसने नजाम खत्म की, पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। समस्तीपुर जिले में मौलाना के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। जिले के नगर थाना क्षेत्र से गिरफ्तारी हुई है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। गिरफ्तारी के बाद मौलाना ने कहा कि वो बेकसूर है। जिले के नगर थाना क्षेत्र के तिलक मैदान रोड स्थित मस्जिद के मौलाना मो. रिजवान नमाज पढ़ने के बाद मस्जिद में ही बैठे हुए थे। तभी नगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और उसे गिरफ्तार कर टाउन थाने ले गई। मौलाना की गिरफ्तारी की खबर लगते ही उनके पीछे नमाज पढ़ने वाले सैकड़ों लोग थाने पहुंच गए। घंटों थाने में गहमागहमी की स्थिति बनी रही। प्रारंभिक पूछताछ के बाद समस्तीपुर पुलिस मौलाना को अपने साथ समस्तीपुर ले गई।

दरअसल बीते 24 सितंबर को मौलाना के पैतृक गांव के पड़ोस की एक नाबालिग बच्ची का अपहरण हो गया। हथियार के बल पर अपराधियों में किशोरी का अपहरण कर लिया। जिसके बाद 1 अक्टूबर 2023 को किशोरी की मां ने समस्तीपुर जिले के कल्याणपुर थाना में एक प्राथमिकी दर्ज कराई। इसमें मौलाना का भतीजा मो. साहिल मुख्य आरोपित है। इसके अलावा मौलाना मो. रिजवान , मौलाना के भाई मो.सुलेमान, भाभी जूही खातून को आरोपित बनाया है। पुलिस सभी के गिरफ्तार के लिए छापेमारी कर रही है। मौलाना मो. रिजवान ने बताया कि यह मेरे चचेरे भतीजा और भतीजी का मसला है। मेरे भाई से मेरी बातचीत नहीं होती है। मुझे साजिश के तहत इसमें फंसाया गया है। मैंने इस संबंध में अधिकारियों को आवेदन भी दिया था। मैं बेगुनाह हूं। मुझे लड़की के बारे में कुछ भी पता नहीं है। मुझे फंसाया जा रहा है। पूरे मामले पर कल्याणपुर थाने के अपर थाना अध्यक्ष और केस की जांच कर रहे राज किशोर राम ने बताया कि किशोरी के अपहरण का केस दर्ज हुआ था।

# बहन को घरौंदा खरीदकर देने के नहीं थे 100 रुपए, दोस्तों से 50 रुपए कर्ज लेकर बनाया घरौंदा

**मुजफ्फरनगर।** 13 साल की उम्र में एक भाई के पॉकेट में 100 रुपए नहीं थे कि वह अपनी दो बहन को घरौंदा खरीदकर दे सके। बहन के जिद्द करने पर वह दोस्तों से 50 रुपए कर्ज लिया। घर में ही दो घरौंदा बनाया। जब पड़ोसियों ने देखा तो घरौंदा बनाने की डिमांड आई। जिसके बाद वह घरौंदा बनाना शुरू किया। पिछले 8 साल से इंटर का छात्र अंकित कुमार मुजफ्फरपुर में घरौंदा बना रहा है। उसके घरौंदा उत्तर बिहार के कई जिलों में भेजी जाती है। एक जमाने में बच्चों द्वारा अपने हाथ से बनाए गये मिट्टी के घरौंदा तथा उसमें रंग रोगन तथा रंगीन कागजों का आवरण दीपावली की शोभा बढ़ा देते थे। बच्चें उसमें मिठाई पटाखे आदि सामान भी रखते थे। लेकिन बदलते जमाने में जहां घरौंदा बनाने



लायक मिट्टी दुर्लभ होने लगी है। वहीं, इसका स्थान अब बाजार में बने रेडिमेड घरौंदा ने ले लिया है। मुजफ्फरपुर जिले के सिकंदरपुर रानीशती मंदिर के पास रहने वाले इंटर के छात्र अंकित कुमार पिछले आठ साल से थमाकौल से तैयार किया गया घरौंदा बना बाजार मे उतार रहे है। दीपावली की पूर्व संध्या पर लोगों द्वारा उसकी जमकर खरीदारी भी होती है। इसमें थमाकौल के घरौंदा की डिमांड सबसे अधिक थी। घरौंदा की कीमत भी ऐसी ही रखी गई है कि उसे हर वर्ग के लोग खरीद सकते है। अंकित ने बताया कि घरौंदों की कीमत 200 रुपए से लेकर 800 रुपए तक रखी गई है। दीपावली पर रेडिमेड घरौंदा निर्माण में पिछले कुछ वर्षों में तेजी आई है। इस बार अंकित ने करीब डेढ़ महीने पहले से घरौंदा का निर्माण शुरू कर दिया था। दिवाली के बाद भी उसे कई जगहों से ऑर्डर आते है। उसने कहा कि अयोध्या में बन रहे राम मंदिर का एक डमी भी बनाने का ऑर्डर आया है। जिसे वह दिवाली से दो दिन पहले बनाना शुरू करेंगे। इसके लिये थमाकौल की खरीदारी कर घरौंदा निर्माण शुरू किया। इनके बनाए घरौंदा आकर्षक तथा सस्ता होने के चलते ग्राहकों के बीच आकर्षण का केन्द्र बने हुए है। उसने बताया कि वह पिछले 8 साल से घरौंदा बना रहा है। दिवाली में वह 25 से तीस हजार रुपए कमा लेता है। जिससे घर में दिवाली अच्छी बनती है। उसने कहा कि उसके परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी। अब वह घर खर्च भी चलाता है।

# अस्पताल से मोबाइल चोरी कर भाग रहे चोर की धुनाई

पूर्णिया। जीएमसीएच के महिला वार्ड से महिला का मोबाइल चोरी कर भाग रहे बदमाश की लोगों ने पकड़कर पिटाई कर दी। महिला अपने मरीज को लेकर वार्ड में सोई थी, कि तभी मौका देख चोर वार्ड में घुसा और महिला के बेड पर रखे मोबाइल को लेकर भागने लगा। चोर को मोबाइल लेकर भागते देख महिला ने शोर मचाना शुरू किया। भागने के क्रम में लोगों ने चोर को धर दबोचा। जिसके बाद पकड़े गए चोर की लोगों ने जमकर उसकी धुनाई कर दी। चोर के पास से एक



चाकू भी बरामद किया गया है। फिलहाल चोर को हिरासत में लेकर पुलिस अपने साथ के. हाट थाना ले गई है। पकड़े गए मोबाइल चोर ने अपना नाम अमीर चांद बताया। वो अररिया के रानीगंज का रहने वाला है। मोबाइल चोर ने अपनी सफाई में कहा कि उसकी पत्नी रूही परवीन 7 महीने की गर्भवती है। वह उसी को दिखलाने ऋटउल आई थी। चोर ने बच्चा वार्ड में पत्नी के होने की झूठी कहानी बनाई। जिसके बाद लोग और भड़क गए। मोबाइल चोर की जमकर धुनाई कर दी। फिलहाल पकड़े गए चोर को पकड़कर नाइट ड्यूटी में तैनात गार्ड ने के.हाट थाना के पुलिस के हवाले कर दिया है।

# दीपावली से पहले पटना में सजा लाइट का बाजार

## 30 से 4500 रुपए तक कीमत, मेक इन इंडिया लाइट की मांग ज्यादा



**पटना ।** दीपावली के स्वागत में बाजार में तरह-तरह की लाइट उपलब्ध है। रंग-बिरंगी लाइटें और लाइट वाले झालर दुकानों में दूर से टंगे दिख रहें है। लोग घरों को सजाने के लिए इन रंगीन लाइटों को खरीद रहे हैं। पटना के चांदनी मार्केट के अलावा शहर के कई अन्य बाजारों में भी इसकी खूब डिमांड है। इस बार बाजार में चाइनीज लाइटों के साथ साथ मेक इन इंडिया वाली लाइटों का भी क्रेज काफी बढ़ गया है। इस बार बाजार में पारंपरिक चीजों को नया लुक देने की कोशिश की गई है। इसमें पानी से जलने वाले दिए, बैटरी लाइटें, छोटी डिबिया लाइट शामिल है। दुकानदारों के अनुसार इस बार बाजार में क्रिस्टल लाइट, लाइटेड झूमर, स्ट्रिप लाइट, एसएमडी लाइट, बोटल लाईट की बिक्री अन्य लाइटों के मुकाबले ज्यादा है। इस बार दिवाली के लिए 30 रुपए से 4500 की लाइटें बाजार में उपलब्ध हैं। बाजार में इस बार पानी से जलने वाली लाइट नया आइटम है। इसमें कई तरह के आकार की लाइट बाजार में उपलब्ध हैं। इस मंहगाई में कई दिन तक बिना तेल, घी के जलने वाली लाइटें लोग ज्यादा पसंद कर रहे हैं। ये कई तरह के आकार में में बाजार में उपलब्ध है। इसमें 40 रुपए से लेकर 150 रुपए तक के लाइट उपलब्ध है। इसकी बिक्री भी खूब हो रही है।



बड़े घर को सजाने के लिए लोग मल्टी कलर स्ट्रिप लाइट और सिंगल कलर स्ट्रिप लाइट का इस्तेमाल करते है। इस बार भी लोग इसी तरह की लाईट ज्यादा पसंद कर रहे। इसकी बिक्री भी ज्यादा मात्रा में लोग कर रहे हैं। साथ ही एसएमडी पाइप लाइट भी लोग खरीद रहे है। इस लाइट को दीवाली पर लगाने में थोड़ी दिक्कत होती थी। इसलिए अब मार्केट में इन्हीं लगते को स्ट्रिप में लगा दिया है। इस लिए इसका डिमांड ज्यादा है। इन लाइटों की कीमत 70 रुपए मीटर से लेकर 100 रुपए मीटर तक है। क्रिस्टल लाइट 80 से 120 रुपया 10 मीटर, लाइटेड झूमर 2500 से 10000, स्ट्रिप लाइट 1700 से 2100 रुपए 20 मीटर, एसएमडी लाइट 1400 से 1600 रुपए 20 मीटर, बोटल लाईट 150 से 200 रुपए 30 मीटर, चाइनीज म्यूजिकल लाइट 250 से 300 रुपए 50 मीटर, पानी वाला दिया 30 से 120 रुपया 1 पिस, बैटरी वाली लाईट 20 से 100 रुपया 1 पीस, ट्री लाईट 600 रुपए 2.5 से 3 फिट। घर को सजाने के लिए और रंगोली बनाने के लिए अब न पेंट की जरूरत नही है। बाजार में रेडिमेड कैंडल रंगोली उपलब्ध है। खूबसूरत हैंडमेड रंगोली की खासियत है कि इसके कैंडल को बस जलाकर रख देना है। हथुवा मार्केट के दुकानदार सुमन गुप्ता ने



बताया कि पिछले कुछ सालों में लोगों में रंगली या लाइटेड रंगोली का क्रेज बढ़ा है। इस साल भी लोग इन रगोलियों की खरीद रहें है। इस रंगोली को बनाने में कलर की जरूरत नही है। इस रंगोली में मेहनत भी नही लग रहा। पटना में चांदनी मार्केट के अलावा हाथुवा बाजार, बाकरगंज लाइटों के बड़े बाजार हैं। भास्कर ने कुछ दुकानदारों से बात कि। चांदनी मार्केट के दुकानदार पवन गुप्ता ने बताया कि दिवाली को महज कुछ दिन ही रह गए है। लेकिन जैसी उम्मीद थी उस हिसाब से ग्राहक नही आ रहे है। पीछले साल दिवाली के बहुत पहले से मार्केट से खरीदारी शुरू हो गई थी। इस साल कस्टमर दुकान तक नही आ रहा। इसका कारण कहीं लाइटों का दाम बढ़ना तो नही के जवाब में पवन ने बताया कि इस साल लाइटों के दाम में कोई खास अंतर नहीं है। लाइटों की कीमत में बढ़ोतरी ना होने का कारण मेक इन इंडिया का लाइट है। इसके मार्केट में आने से बाहर से आने वाले लाइटों की कीमत में बहुत उछाल देखने को नही मिला है। लोग भी चाइनीज लड़ी की जगह इंडियन लड़ी ले रहे हैं। मार्केट नही उठने का कारण के जवाब में पवन ने बताया कि मार्केट अभी मंदा है। मार्केट में



पेमेंट नही आया है। अभी दिवाली में 11 दिन बाकी है। उम्मीद है 2 से 3 दिनों में मार्केट में कस्टमर फ्लो बढ़ेगा। दुकानदार अफजल नईम ने बताया की अभी आर्थिक मंदी चल रही है। इसीलिए धंधा मंदा है। लोगों को इस महीने की सैलरी अब मिलेगी। आने वाले 2 से 3 दिन में मार्केट अपनी रफ्तार पड़ेगा। इस बार इंडियन लाईट जैसे डीसी लाइट का ज्यादा डिमांड है।

# अधिकारियों और कर्मचारियों को दिलाई राष्ट्रीय एकता की शपथ

**वैशाली।** भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर आयोजित ह्यराष्ट्रीय एकता दिवस पर हाजीपुर रेलवे मुख्यालय प्रांगण में पूर्व मध्य रेल के अपर महाप्रबंधक तरूण प्रकाश ने सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। जिसके बाद सभी उच्चाधिकारी और कर्मचारियों ने भी सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी बीके सिंह सहित अन्य उच्चाधिकारी उपस्थित थे। महाप्रबंधक ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा, अखण्डता, सुरक्षा और राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। साथ ही उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को यह संदेश फैलाने के लिए प्रयास का आह्वान किया। इसके साथ ही आज पूर्व मध्य रेल मुख्यालय प्रांगण में सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर एकता दौड़ (फ्ञल्ल ड्ढ्ढ१ वल्ल३८) का अयोजन किया गया। एकता दौड़ का शुभारंभ पूर्व मध्य रेल खेल क्रीड़ा संघ के अध्यक्ष सह प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक डॉ. मनोज सिंह ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस एकता दौड़ में पूर्व मध्य रेल, मुख्यालय के सभी अधिकारी और कर्मचारियों ने भाग लिया।



## संक्षिप्त डायरी

### मोबाइल पर बात करने से रोका, नाबालिग ने की खुदखुशी:मां के डांटने से नाराज थी, पेड़ से लटका मिला शव



**बगहा।** वाल्मीकिनगर थाना क्षेत्र के कदमहिया गांव निवासी बंधु राय की नाबालिग पुत्री (17) ने घर के नजदीक आम के एक पेड़ में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। दरअसल मंगलवार की सुबह युवती अपने चाची का मोबाइल लेकर किसी से बात कर रही थी। चाची ने इसकी शिकायत युवती के माँ से किया। जिसके बाद मां ने बेटी को डांटा और इसी बात को लेकर लड़की के चाची से माँ की कहा सुनी भी हुई। इसके बाद मां खेतों में काम करने चली गई । लौट के बाद लड़की को ढूंढने लगी तब पास के बगीचे में लड़की का शव पेड़ से लटका हुआ पाया। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना वाल्मीकि नगर थाना के पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल बगहा भेज दिया है । थानाध्यक्ष विजय प्रसाद राय ने बताया कि घटना की सूचना पर पुलिस अग्रेतर कार्रवाई में जुट गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मामले का खुलासा हो पाएगा। मृत युवती के पिता बाहर में मजदूरी का काम करते हैं। इसकी सूचना पिता को दे दी गई है । उसकी माता लीला देवी ने बताया कि उनकी लड़की आठवीं क्लास में पढ़ाई करती थी । उनकी दो संतान हैं। जिसमें एक पुत्र और एक पुत्री है।

### नीतीश-तेजस्वी हिंदुओं को बांटने की कोशिश मत करो: पद्म विभूषण रामभद्राचार्य बोले- जाति के नाम पर नहीं मिलेगा वोट



**बगहा।** बिहार में जातीय गणना करवा कर हिंदुओं को बांटने का षड्यंत्र किया गया। अब इन्हें कौन समझाए..नीतीश जी और तेजस्वी बाबू को। ऐसी गलती मत करो। इस देश को जाति के आधार पर मत बांटो। जाति के आधार पर हिंदु नहीं बंटेगा। जाति के नाम पर वोट नहीं मिलेगा। जो काम करेगा..उसे वोट मिलेगा। जो राम-कृष्ण की बात करेगा..वह भारत पर राज करेगा। पद्म विभूषण से सम्मानित जगद्गुरु रामभद्राचार्य महाराज ने बगहा में आयोजित 9 दिवसीय रामकथा के पहले दिन ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि यह हमारी 1378वीं कथा है। इस महायज्ञ की शुरूआत गणपति आराधना के साथ शुरू की गई। कथा सुनने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु के साथ साथ राज्यसभा सांसद सतीश चंद्र दुबे और उनकी पत्नी अलका दुबे भी पहुंची थीं। रामभद्राचार्य महाराज ने कहा कि भगवान श्री राम हमारे आदर्श हैं। हजारों वर्षों पहले उन्होंने समाज में जो आदर्श स्थापित किया, वह आज भी लोगों के लिए अनुकरणीय है। जगद्गुरु जैसे ही मंच पर पहुंचे, वैसे ही श्रद्धालुओं ने जय श्री राम के नारे लगाए। माल्यार्पण के बाद रामकथा की शुरूआत की। चित्रकूट धाम के तुलसी मण्डलाधीश्वर के आगमन से पूरा शहर भक्ति में डूब गया। मौके पर जिला शिक्षक संघ अध्यक्ष गौतम प्रसाद राव, राष्ट्रपति से सम्मानित शिक्षक सदाकांत शुक्ला, कार्यक्रम के संयोजक मधुकर राय, पंकज झुनझुनवाला के साथ साथ सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### अंतरराज्यीय चोर गिरोह के चार सदस्य गिरफ्तार, टनल निर्माण कंपनी से एक करोड़ की मशीन पार्ट्स की हुई थी चोरी



नवादा। पुलिस ने रेलवे टनल निर्माण कंपनी के एक करोड़ की मशीन चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए चार अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। साथ ही चोरी गई मशीनों को भी बरामद कर लिया गया है। पकड़े गए अपराधी पश्चिम बंगाल के कूच बिहार जिला के पुदीबरी थाना क्षेत्र के माटी कटा गांव के रहने वाले हैं। आरोपी निपु राय व नयन राय को महाराष्ट्र और छोटुन राय व अरुपकर उर्फ सौरभ को पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया गया है। उक्त जानकारी रजौली थानाध्यक्ष पवन कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि चोरी करने वाले इस अंतरराज्यीय गिरोह में छह सदस्य हैं। जिसमें दो अभी भी फरार हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। रजौली थाना क्षेत्र के जमुनदाहा रेल लाइन भारत सरकार का ईस्ट रेलवे का प्रोजेक्ट है। इसी प्रोजेक्ट के अंतर्गत बरबा जमुनदाहा के पास रेलवे का टनल बनाने का कार्य चल रहा है। इस कार्य हेतु एक टैमरॉक मशीन से कार्य किया जा रहा था। 20 अक्टूबर की रात को अज्ञात चोरों के द्वारा इस मशीन का दो पार्टस वाल्व असेम्बली की चोरी कर ली गई थी। जिसकी कीमत करीब एक करोड़ रूपए है। एसपी ने घटना को गंभीरता से लेते हुए घटना में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु रजौली एसडीपीओ पंकज कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। जिसमें पुनि सह थानाध्यक्ष पवन कुमार, पुनि सहरोज अख्तर, पुअनि अविनाश कुमार, पुअनि गौतम कुमार एवं जिला सुचना इकाई को शामिल किया गया। टीम ने वैज्ञानिक तरीके से जांच की और अपराधियों को धर दबोच लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि सभी चोर घूम-घूम कर चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे। गिरोह काफी शातिर यह घूम-घूमकर ऐसी स्थानों को खोजते थे जहां कोई निर्माण कार्य किया जा रहा है। माना जा रहा है कि गिरोह के सदस्य पूर्व में निर्माण कार्य से जुड़े रहे हैं। क्योंकि इन्हें मशीन की पूरी जानकारी है। तभी बेशकीमती मशीन पार्ट्स की चोरी करते हैं।

# छह साल से जर्जर है कलवर्ट, पुल की मांग

**अररिया।** सदर प्रखंड क्षेत्र के बोची पंचायत से चरारनी गांव जाने वाले रास्ते में बना कलवर्ट 2017 में आई बाढ़ में जर्जर हो गया। जिसके बाद स्थानीय लोगों की मुसीबत बढ़ गई है। स्थानीय लोगों के मुताबिक कलवर्ट से होकर हजारों लोगों का आना-जाना अररिया जिला मुख्यालय होता है। चरारणी गांव के लोगों के लिए जिला मुख्यालय जाने का एकमात्र यही साधन है। कलवर्ट के पास रहने वाले गांव के लोगों की मुश्किलें सालों भर बनी रहती हैं, लेकिन सबसे ज्यादा दिक्कत बरसात के दिनों में होती है। मिट्टी भरकर कलवर्ट को ठीक किया गया। एक किसान ने कहा कि मिट्टी डालकर पानी को दिया गया है।



जिससे एक तरफ का पानी जमा हो गया है। फसल बर्बाद हो जाएगी। स्थानीय वार्ड पार्षद मो. रेयान ने कहा कि यहां पर पुल बनना चाहिए। क्योंकि 4 से 5 हजार की आबादी का आने-जाने का एक मात्र यही पुल है। यहां बहुत बड़ा गड्ढा है। छोटा गड्ढा होता तो कोई बात नहीं। स्थानीय निवासी मंटू कुमार यादव ने कहा कि इधर से आने-जाने में बहुत कठिनाई का सामना करना पड़ता है। बरसात के दिनों में अधिक पानी भर जाने से कई बच्चों की डूबने से मौत हो जाती है। मैं सरकार से यही गुजारिश करता हूं जितनी जल्द से जल्द हो इस कलवर्ट का निर्माण कार्य शुरू किया जाए। स्थानीय किसान मोहम्मद कारू ने कहा कि यहां मिट्टी तो डाल दिया गया है। लेकिन इसकी वजह से पानी का आने-जाने का रास्ता बंद हो गया है। जिसकी वजह से फसल नुकसान हो जाएगा। वहीं, अररिया विधायक अबिदुर रहमान ने कहा कि वहां पर पुल पास हो चुका है। जल्द ही निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। इस गांव में पढ़ने वाले स्कूली बच्चों के लिए पानी बढ़ने के बाद आफत से कम नहीं होता पढ़ाई छूटने के साथ-साथ डूबने का भी खतरा बना रहता है।

# प्रदूषण से पस्त

देश की राजधानी दिल्ली की दिन-ब-दिन बिगड़ती वायु-गुणवत्ता पर सुप्रीम कोर्ट की दखल न सिर्फ वाजिब है, बल्कि इस महानगर के बाशिंदों के लिए आश्वस्तकारी भी है कि अब इस दिशा में कोई त्वरित व माकूल कार्रवाई हो सकेगी। इन दिनों वायु प्रदूषण के कारण राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में जीने वालों, खासकर सांस की बीमारियों से पीड़ित लोगों की जिंदगी दुश्वार हो गई है। गौर कीजिए, विशेषज्ञ शून्य से 50 अंकों तक वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) को अच्छा और 100 अंक तक संतोषजनक बताते हैं, मगर पिछले कई दिनों से दिल्ली और नोएडा में एक्यूआई 300 से भी अधिक दर्ज किया जा रहा है। आने वाले कुछ और दिनों तक ऐसी ही स्थिति की आशंका जताई जा रही है। ऐसे में, राजधानी के वायु प्रदूषण से जुड़े मामले की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने उचित ही दिल्ली और इसके पड़ोसी राज्यों से पूछा है कि आखिर प्रदूषण कम करने के लिए उन्होंने कौन-कौन से कदम उठाए हैं? अदालत ने दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश और राजस्थान से एक हफ्ते में जवाब मांगा है। वायु प्रदूषण एक ऐसी समस्या है, जिससे कमोबेश सभी जीव प्रभावित हैं। इंसानों के बीच भी यह अमीरी-गरीबी या मजहब-जाति के आधार पर किसी के साथ कोई मुरव्वत नहीं बरतता, फिर भी सरकारी पहल से नागरिक जागरूकता तक इसे लेकर एक अजीब सी उदासीनता दिखती है। मगर इसकी मार हाशिये के लोगों पर अधिक पड़ती है, क्योंकि न तो वे ह्यएयर प्यूरीफायरह्ल जैसे आधुनिक महंगे उपायों की मदद ले सकते हैं और न ही बीमार पड़ने की हालत में जरूरी स्वास्थ्य सेवाओं तक उनकी आसान पहुंच है। ऐसे में, एक लोक-कल्याणकारी राज्य का यह प्राथमिक दायित्व बनता है कि वह हाशिये के लोगों का ख्याल करे। जाहिर है, सर्वोच्च न्यायालय इसी कसौटी पर इन राज्यों की पहल को परखेगा। मौजूदा वायु प्रदूषण के बारे में कहा जा रहा है कि हवा की धीमी रफ्तार और अधिक नमी की वजह से यह स्थिति बनी है। मगर इस मौसम में तो हर साल यह स्थिति पैदा होती है और इस तथ्य से प्रशासन व नागरिक, दोनों अब वाकिफ हैं, फिर भी यह समस्या लगातार बनी हुई है, तो यह सोचने की बात है। हमारे पास इस बात के ठोस साक्ष्य मौजूद हैं कि दुनिया के कई देशों ने शासकीय पहल और नागरिक सहयोग से न सिर्फ अपने महानगरों की वायु गुणवत्ता को ठीक किया है, बल्कि कई देशों ने तो दूषित नदियों को निर्मल करने में सफलता हासिल की है। हम अब तक पराली जलाने व निर्माण-कार्यों पर खास अवधि में अपेक्षित रोक का तंत्र नहीं विकसित कर सके हैं। निस्संदेह, विकास परियोजनाएं जरूरी हैं, मगर जब पता है कि हमारे कई शहर दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों में गिने जा रहे हैं, तब भी क्या इस मोर्चे पर गंभीर पहल के लिए अदालती दखल की बाट जोहनी चाहिए? दिल्ली को पिछले साल देश में सबसे प्रदूषित शहर आंका गया था? इस लिहाज से अनुमान लगाइए कि यदि पटाखों पर रोक न लगी होती, तो दिवाली व उसके बाद के दिनों में दिल्ली की आबोहवा कैसी रहती?

# रेलवे सुरक्षा पर बढ़े ध्यान

आंध्र प्रदेश के विजयनगरम जिले में दो ट्रेनों के बीच हुई टक्कर ने एक बार फिर रेलवे सुरक्षा से जुड़े सवालों की ओर ध्यान खींचा है। अब तक मिली सूचनाओं के मुताबिक विशाखापत्तनम से पलासा जा रही एक पैसेंजर ट्रेन सिगनल न होने की वजह से धीमी रफ्तार से जा रही थी जिसे उसी लाइन पर तेज रफ्तार से आ रही दूसरी ट्रेन ने पीछे से टक्कर मार दी। रेलवे अधिकारियों की राय है कि यह हादसा दूसरी ट्रेन के लोको-पायलट की गलती का नतीजा लगती है, जो खुद भी इस दुर्घटना का शिकार हो गए। इस दुर्घटना ने करीब 5 महीने पहले ओडिशा में हुए भीषण ट्रेन हादसे की याद दिला दी, जिसमें 280 से ज्यादा यात्रियों की मौत हो गई थी। वैसे इसी महीने की 12 तारीख को बिहार के बक्सर में भी नॉर्थ-ईस्ट एक्सप्रेस के 23 कोच पटरी से उतर गए थे। भूलना नहीं चाहिए कि भारतीय रेल रोज औसतन सवा सौ करोड़ लोगों को उनकी मंजिल तक पहुंचाती है। ऐसे में ये छोटे-बड़े हादसे उन तमाम लोगों के मन में चिंता पैदा करते हैं, जो कहीं जाने के लिए बेखटके रेलवे का सहारा लेते हैं। जहां तक रेलवे के सेफ्टी सिस्टम का सवाल है तो रेलवे से जुड़ी संसदीय समिति और सीएजी दोनों की रिपोर्टें इस ओर ध्यान खींचती रही हैं। दिसंबर 2016 से मार्च 2023 के बीच ही ऐसी कम से कम तीन रिपोर्ट हैं, जो बताती हैं कि रेलवे अपने सुरक्षा मानकों पर खरा नहीं उतर पा रहा। जहां तक सुरक्षा पर होने वाले खर्च की बात है तो 2017-18 में राष्ट्रीय रेल संरक्षा कोष तैयार कर दिया गया था। इस कोष में धन की कमी नहीं पड़ने दी गई, लेकिन मार्च 2023 में संसदीय समिति ने बताया कि कभी एक साल भी ऐसा नहीं गुजरा, जिसमें इस सालाना रकम का पूरी तरह इस्तेमाल किया गया हो। ध्यान रहे, ओडिशा में जून में हुए हादसे के पीछे भी सिगनलिंग सिस्टम की गड़बड़ियां बताई गई थीं। हालांकि उस मामले में सीबीआई ने तीन रेलकर्मियों के खिलाफ चार्जशीट फाइल की है। अब आंध्र प्रदेश में हुई दुर्घटना की जिम्मेदारी उस लोको-पायलट के सिर डाली जा रही है, जो अपना पक्ष रखने के लिए अब जीवित भी नहीं। हो सकता है उससे मानवीय भूल हुई हो, लेकिन आखिरकार यह रेल सुरक्षा से जुड़ा मामला ही है, जिसकी जिम्मेदारी रेलवे सिस्टम पर आती है।

# भारतीय विपक्ष ले रहा हमास का पक्ष!

ANALYSIS



मृत्युंजय दीक्षित

**इजराइल का हमास को जड़ से उखाड़ फेंकने का संकल्प नैतिक है। गाजा पट्टी पर इजराइल के कहर से घबराये हमास के चालाक आतंकी अब आम नागरिकों के पीछे छुपकर उनको अपनी ढाल बना रहे हैं। हमास समर्थक संगठन और कुछ देश आतंकवादियों की तरफ से विक्टिम कार्ड खेल रहे हैं। इस प्रकरण में भारत ने आतंकवाद के प्रति शून्य सहनशीलता ( जीरो टॉलरेंस ) की नीति का पालन करते हुए इजराइल को समर्थन देने की घोषणा के साथ फिलिस्तीन और इजराइल के मध्य वार्ता के माध्यम से समस्या के स्थायी शांतिपूर्ण समाधान की पक्षधरता की है। संयुक्त राष्ट्र में जॉर्डन द्वारा लाए गए प्रस्ताव पर भारत के प्रतिनिधि ने इसे रेखांकित भी किया। इस प्रस्ताव में हमास के आतंकी हमले की निंदा न होने के कारण स्वयं को मतदान से अलग रखा। भारत के इस संतुलित कदम की सभी जगह प्रशंसा हो रही है। स्वाभाविक रूप से इस अंतरराष्ट्रीय घटना का प्रभाव भारत की आंतरिक राजनीति में भी दिखाई पड़ रहा है।**

फिलिस्तीन के आतंकी संगठन हमास ने सात अक्टूबर को इजराइल पर भीषण हमला कर उसके लगभग 1400 नागरिकों को मौत के घाट उतार दिया। लगभग 200 लोगों को बंधक बनाकर गाजा ले गया। मानवता के इन दुश्मनों ने इस हमले में क्रूरता की सारी सीमाएं लांघ दीं। बच्चों के सामने माता-पिता को मार देने फिर मासमूों को जलाकर कोयले में बदल देने जैसी जघन्य हरकत की। ऐसी बर्बरता और अपने नागरिकों की दुर्दशा को देखकर इजराइल का शोक और क्रोध में डूबना स्वाभाविक है। इजराइल का हमास को जड़ से उखाड़ फेंकने का संकल्प नैतिक है। गाजा पट्टी पर इजराइल के कहर से घबराये हमास के चालाक आतंकी अब आम नागरिकों के पीछे छुपकर उनको अपनी ढाल बना रहे हैं। हमास समर्थक संगठन और कुछ देश आतंकवादियों की तरफ से विक्टिम कार्ड खेल रहे हैं। इस प्रकरण में भारत ने आतंकवाद के प्रति शून्य सहनशीलता ( जीरो टॉलरेंस ) की नीति का पालन करते हुए इजराइल को समर्थन देने की घोषणा के साथ फिलिस्तीन और इजराइल के मध्य वार्ता के माध्यम से समस्या के स्थायी शांतिपूर्ण समाधान की पक्षधरता की है। संयुक्त राष्ट्र में जॉर्डन द्वारा लाए गए प्रस्ताव पर भारत के प्रतिनिधि ने इसे रेखांकित भी किया। इस प्रस्ताव में हमास के आतंकी हमले की निंदा न होने के कारण स्वयं को मतदान से अलग रखा। भारत के इस संतुलित कदम की सभी जगह प्रशंसा हो रही है। स्वाभाविक रूप से इस अंतरराष्ट्रीय घटना का प्रभाव भारत की आंतरिक राजनीति में भी दिखाई पड़ रहा है। विरोधी दलों का इंडी गठबंधन




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व भाजपा को हराने के लिए इसका राजनीतिक लाभ उठाने के प्रयास में है। सात अक्टूबर को जब हमास ने इजराइल पर एयर स्ट्राइक की तो भारत के किसी भी विरोधी दल के नेता ने इस आतंकी घटना की निंदा नहीं की। किंतु जैसे ही इजराइल की सेना ने हमास के आतंकवाद को समाप्त करने के लिए अपना अभियान प्रारम्भ किया वैसे ही ये सोते से जाग गए और फिलिस्तीन के नाम पर अपने मुस्लिम वोट बैंक को साधने का प्रयास करने लगे। यह सभी लोग अच्छी तरह से जानते हैं कि हमास व हिजबुल्लाह जैसे संगठन बहुत ही खतरनाक और क्रूर आतंकवादी संगठन हैं। भारत में क्योंकि अगले कुछ माह में पांच राज्यों और उसके बाद लोकसभा चुनाव होने वाले हैं, इसलिए कांग्रेस सहित सभी विरोधी दल मुसलमानों के वोट पाने के लिए हमास जैसे आतंकवादी संगठन का साथ देते दिख रहे हैं। वोट बैंक को रिझाने के लिए ये कितना नीचे जा सकते हैं इसका अनुमान इसी बात से लगाया जा सकता है कि इजराइल पर हमला करने के बाद हमास के जिन आतंकवादियों ने एक महिला के नग्न शव की परेड निकाली, भारत में मुस्लिम वोट बैंक को प्रसन्न करने में जुटी ह्ललड़की हूं लड़ सकती हूं ह्व का नारा देने वाली कांग्रेस की एक नेता फिलिस्तीन के पीछे छुपकर उसी हमास के समर्थन में खड़ी दिखाई दे रही हैं और इस कुकृत्य की निंदा करने के बजाय इजराइल द्वारा आत्मरक्षा के लिए गाजा पर की जा रही बमबारी की निंदा कर रही हैं। कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर तो कुछ अन्य विरोधी दलों के नेताओं के साथ फिलिस्तीन के दूतावास तक पहुंच गए। बाटला हाउस एनकाउंटर पर आंसू बहाने वालीं सोनिया गांधी संयुक्त राष्ट्र में भारत के रुख का विरोध करते हुए लेख लिख रही हैं। बीच के कुछ वर्षों को छोड़ दें तो 2013 तक भारत में कांग्रेस या उसके सहयोग वाली सरकारें ही रहीं किंतु इन सरकारों ने एक बार भी पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों पर एक शब्द भी नहीं कहा। भारत में कश्मीरी हिन्दुओं का पलायन, 1984 में सिखों का नरसंहार जैसी घटनाएं हुईं, तब भी ये चुप रहीं। आज यही पार्टियां वोट बैंक के लिए फिलिस्तीन के नाम पर हमास का साथ दे रही हैं। मोहब्बत की दुकान के व्यापारी खूंखार हमास के साथ खड़े होकर आतंक की खरीद-फरोख्त कर रहे हैं। इन दलों की वर्तमान कार्यप्रणाली ने साफ कर दिया है कि 2013 के पूर्व जम्मू कश्मीर का आतंकवाद और अलगाववाद, मुंबई जैसी बड़ी आतंकी घटनाओं सहित देश के विभिन्न हिस्सों में होने वाले बम धमाकों को कांग्रेस व इन मुस्लिम तुष्टिकरण करने वाले दलों का संरक्षण प्राप्त था। इन्हीं दलों की सरकारों की नीतियों के कारण दाऊद इब्राहीम जैसा आतंकवादी पाकिस्तान के संरक्षण में पल रहा है। इंडी गठबंधन में शामिल समाजवादीपार्टी का बस चलता तो उत्तर प्रदेश में हुए आतंकवादी हमलों में शामिल सभी आतंकियों को मुसलमान होने के नाम पर छुड़वा देती। किंतु न्यायपालिका के कारण समाजवादियों का यह प्रयास विफल हो गया। आज समाजवादी पार्टी खुलकर हमास जैसे आतंकवादी संगठन का समर्थन कर रही है । इजराइल के पलटवार के बाद से हर जुमे की नमाज के बाद फिलिस्तीन व हमास के समर्थन की आड़ में प्रधानमंत्री मोदी व उनकी नीतियों के खिलाफ जमकर प्रदर्शन हो रहे हैं । इन प्रदर्शनों में एआईएआईएम नेता ओवैसी तथा कांग्रेस सहित सभी विपक्षी दल भारत के सामाजिक वातावरण को अशांत करने का या फिर देश को दंगों की आग में झोंकने का प्रयास करते दिखाई दे रहे हैं। सबसे घृणित व विकृत बात यह है कि विपक्षी दलों के प्रवक्ता दो हाथ आगे जाकर हमास को एक क्रांतिकारी संगठन बता रहे हैं। टीवी चैनलों पर बहस के दौरान हमास को मानवाधिकार संगठन तक बताया जा रहा है। कुछ लोग यह भी कह रहे है कि फिलिस्तीन, गाजा और हमास के प्रति हमारी श्रद्धा है। मानसिक संतुलन खो चुके एक पार्टी के प्रवक्ता ने हमास के समर्थन में कहा कि वह बिल्कुल वैसा ही क्रांतिकारी कार्य कर रहा है जैसा भारत के लोगों ने अंग्रेजों के विरुद्ध किया था और अंग्रेजों को मार भगाया था। विपक्षी गठबंधन द्वारा हवा दिए जाने का ही परिणाम है कि हमास के एक आतंकवादी ने केरल में एक रैली को वर्चुअल संबोधित किया। केरल में एनार्कुलम जिले में ईसाई समुदाय के एक सम्मेलन में हुए धमाकों में तीन लोगों की दुखद मौत हो गई और 51 लोग घायल हो गए। वहीं बिहार के पूर्णिया जिले में भी एक युवक द्वारा सोशल मीडिया पर कुछ आपत्तिजनक पोस्ट लिखे जाने के बाद हिंसा भड़क उठी। उसके बाद भी बिहार की नीतीश कुमार सरकार अल्पसंख्यक तुष्टिकरण पर उतारू है । मुस्लिम वोट बैंक के तुष्टिकरण में अंधे विपक्षी गठबंधन को समझना पड़ेगा कि इजराइल सदा भारत के साथ मजबूती खड़ा रहा है। संयुक्त राष्ट्र महासभा में जब भारत को आवश्यकता पड़ी इजराइल ने भारत का साथ दिया। अटल जी की सरकार के समय परमाणु परीक्षण होने पर विश्व के अनेक देशों ने भारत पर प्रतिबंध लगा दिये थे तब भी इजराइल भारत के साथ खड़ा रहा। ऐसे मित्र देश पर आतंकी हमला हो और भारत उसके साथ न खड़ा हो तो यह आत्मघाती होगा। केरल में हमास के पूर्व प्रमुख खालिद मशाल ने फिलिस्तीन समर्थक रैली को संबोधित कर हिन्दुत्व और यहूदीवाद को उखाड़ फेंकने का आह्वान कर चुका है। यह वामपंथी सरकार के संरक्षण से ही संभव हो पाया है। यह हिन्दुओं के चेतने का समय है।

**लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।**

# अमृतकाल और अखंड भारत का प्रतिबिंब

लाल किले की प्राचीर से 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था- 'यह देश प्राचीन सांस्कृतिक विरासत की ऐसी आधारशिला पर बना है, जहां वैदिक काल में हमें केवल एक ही मंत्र बताया जाता थाङ्कजिसे हमने सीखा है, जिसे हमने याद किया हैझ्र'संगच्छध्वं संवदध्वं सं वो मनांसि जानताम्।' अर्थात हम साथ चलते हैं, हम साथ आगे बढ़ते हैं, हम साथ मिलकर सोचते हैं, हम मिलकर संकल्प लेते हैं और हम साथ मिलकर इस देश को आगे ले जाते हैं। प्रधानमंत्री ने तब एक ऐसे भारत के लिए अपना दृष्टिकोण अर्थपूर्ण तरीके से सामने रखा जिसमें प्रत्येक भारतीय का साझा लक्ष्य था। उन्होंने ऐसे भविष्य का संकेत दिया था, जहां जनभागीदारी सबसे मजबूत हथियार के रूप में और विश्व गुरु के रूप में सत्ता के शिखर पर उभरेगी। इसके बाद प्रधानमंत्री ने कैलेंडर पर एक महत्वपूर्ण तिथि अंकित की 'राष्ट्रीय एकता दिवस' के रूप में 31 अक्टूबर। यह भारत के लौह पुरुष और देश के प्रथम गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की विरासत के प्रति एक श्रद्धांजलि है। इसका मतलब सिर्फ एक तारीख से कहीं अधिक है। इसने सरदार पटेल परिकल्पित एकता और अखंडता के सार को फिर जागृत करने की पवित्र प्रतिबद्धता को मूर्त रूप दिया। यह उनके दिखाए रास्ते पर चलने का एक वादा था तथा एकजुटता और सामूहिक प्रयासों के शाश्वत मूल्यों पर आगे बढ़ने की प्रतिज्ञा थी। एक दशक बाद आज हमने फिर राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया। इसी के साथ भारत ने एकता के स्थायी सिद्धांत और सहयोग की मजबूत ताकत से आलोकित पथ पर की गई उल्लेखनीय यात्रा को पुनर्जीवित किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोक-केंद्रित शासन के लोकाचार के तहत, भारत विश्व का एक अग्रणी देश बन गया है। आज का भारत 2023 में 3.75 ट्रिलियन डॉलर की जीडीपी के साथ, 2004-2014 के खोए हुए दशक से उबरते हुए तेजी से चमक रहा है। यह जानना दिलचस्प है कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में, वार्षिक वित्तीय बजट मात्र एक वित्तीय रूपरेखा से परिवर्तित होकर एक गतिशील नीति दस्तावेज बन चुका है। यह लोगों की आकांक्षाओं पर आधारित है। हमारी उल्लेखनीय वृद्धि ने राष्ट्रीय गौरव, नवीनीकृत गरिमा और साझा स्वामित्व की भावना को जागृत किया है। लोगों ने सरकार पर भरोसा जताते हुए व्यापक विकास को गति दी है। 'स्वच्छ भारत अभियान' के तहत लगभग 12 करोड़ शौचालय बनाए गए हैं तथा खुले में शौच की प्रथा की समाप्त हुई है। 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' अभियान के तहत लड़कियों के अधिकारों को प्रोत्साहन दिया गया है। और 'गिव इट अप' अभियान के अंतर्गत एक करोड़ से अधिक परिवारों ने कम विशेषाधिकार प्राप्त लोगों का समर्थन करने के लिए स्वेच्छा से एलपीजी सब्सिडी छोड़ दी है। यह 'जनभागीदारी' और 'राष्ट्रीय एकता' के कुछ शानदार उदाहरण हैं। ा इंडिया' और 'वोकल फॉर लोकल' ने हमारी भारतीयता को पुनर्जीवित किया है। इससे एक राष्ट्रव्यापी लोकप्रिय भागीदारी-केन्द्रित अभियान की शुरूआत हुई है। हमने अपने एमएसएमई को बढ़ावा दिया, युवा उद्यमिता को प्रेरित किया और भारत के अद्वितीय कौशल और प्रचुर संसाधनों का लाभ उठाया। भारत ने 2014 के बाद से खुद को इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण में 300 प्रतिशत की वृद्धि के साथ एक शुद्ध आयातक से एक प्रमुख वैश्विक मोबाइल फोन निमार्ता के रूप में स्थापित किया है। भारत के पास अब दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इको सिस्टम है। पेटेंट आवेदनों की संख्या में तेज वृद्धि दर्ज की गई है और वित्त वर्ष 2022-23 में 448 बिलियन डॉलर के मूल्य का रिकॉर्ड माल निर्यात हुआ है। 'डिजिटल इंडिया' कार्यक्रम डिजिटल क्रांति का प्रतिनिधित्व करता है, जो 'कैशलेस' अर्थव्यवस्था की ओर आगे बढ़ने का एक अभियान है। यह कार्यक्रम आम नागरिकों के साथ सरकार की सहयोग आधारित साझेदारी को रेखांकित करता है तथा डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देता है। फिनटेक को अपनाने की 87 प्रतिशत की दर के साथ भारत आज दुनिया के सबसे बड़े डिजिटल बाजारों में से एक है, जो दुनिया के औसत 64 प्रतिशत से बहुत अधिक है। 2014 के बाद से, भ्रष्टाचार विरोधी अभियान एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन के रूप में उभरा है। 2015 से 2022 तक, जेएएम (जन धन, आधार और मोबाइल फोन) के माध्यम से 2.73 लाख करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि अंतरित की गई, जिससे नकली लाभार्थी उजागर हुए और वितरण प्रणाली में लीकेज को रोका गया, जो 2014 से पहले बड़े पैमाने पर मौजूद थे। कोविड-19 महामारी के दौरान, भारत की एकजुटता और जनभागीदारी एक बार फिर उजागर हुई। प्रधानमंत्री मोदी की दूरदर्शिता ने देश को निवारक उपायों को तेजी से लागू करने के लिए प्रेरित किया। सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाते हुए कोविड योद्धा उभरकर सामने आए और महामारी का मुकाबला करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके बाद, वैक्सीन के तेजी से हुए टीकाकरण ने एक सशक्त भारत का प्रदर्शन किया, जो आत्मरक्षा में सक्षम है और विश्व को समर्थन भी प्रदान कर रहा है। भारत की जी-20 अध्यक्षता ने अपने एक करोड़ से अधिक नागरिकों के समर्थन से आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से, राष्ट्रीय एकता का प्रदर्शन किया। शिखर सम्मेलन ने वैश्विक शासन को फिर से स्वरूप प्रदान करने तथा लोगों की जी-20 में समावेश और जन-केंद्रित नेतृत्व को सुनिश्चित करने के लिए भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा और वसुधैव कुटुंबकम की पुष्टि की। राष्ट्रीय एकता दिवस केवल एक स्मरणोत्सव नहीं है; यह लोगों को सशक्त बनाने और पुरानी प्रथाओं से मुक्ति दिलाने वाला एक गहन दर्शन है।

## Social Media Corner

सच के हक में...



ग्वालियर और संगीत का बहुत खास रिश्ता है। UNESCO से इसे सबसे बड़ा सम्मान मिलना बहुत गर्व की बात है। ग्वालियर ने जिस प्रतिबद्धता के साथ संगीत की विरासत को संजोया और समृद्ध किया है, उसकी गूंज दुनियाभर में सुनाई दे रही है। मेरी कामना है कि इस शहर की संगीत परंपरा और उसे लेकर लोगों का उत्साह और बढ़े, ताकि आने वाली पीढ़ियों को इससे प्रेरणा मिलती रहे।

**(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ट्विटर अकाउंट से)**



माननीय मुख्यमंत्री हेमंत जी, चार साल में टेंडर नहीं कर आपने बालू को सोना बना दिया। आपके अपनों ने इतना कोयला, लोहा, बालू, गिट्टी-मिट्टी बेचा की दिल्ली वाले भी हिसाब क्या ही करेंगे? सिर्फ एक जिले साहिबगंज में आपके चहेते पंकज मिश्रा ने 1000 करोड़ का गिट्टी बेचवा दिया, उसे इतना हिम्मत कहां से मिला, जरा ये ही बताइए। बालू को सोना बना बेचने और काले हीरे की तस्करी, ट्रांसफर-पोस्टिंग समेत अभी तो कितने चीजों का आपसे हिसाब-किताब होना बाकी ही है। जाईये, ईडी वालों को जाकर अपने काले धंधे का एक-एक कर हिसाब दीजिये। डरिये, थरथराइये मत।

**(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी के ट्विटर अकाउंट से)**

# चुनौती बनते जा रहे हैं हृदय संबंधी रोग

हाल ही में भारत में 45 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के बारे में एक अध्ययन की रिपोर्ट प्रकाशित हुई। प्रीवेंटिव मेडिसीन नामक जर्नल में प्रकाशित इस रिपोर्ट में कहा गया है कि जिन लोगों पर अध्ययन किये गये उनमें कार्डियोवैस्कुलर बीमारी के कई कारण मौजूद थे, लेकिन उनमें सबसे ज्यादा प्रमुखता से दो बातें देखी गयीं। एक, कि उनके पेट के हिस्से पर काफी चर्बी थी जिसे सेंट्रल ऐडिपॉसिटी कहते हैं। और दूसरा, कि शारीरिक तौर पर वह सक्रिय नहीं थे। अध्ययन में शामिल लोगों को विश्व स्वास्थ्य संगठन के एक मानक वेस्ट-हिप अनुपात के आधार पर मापा गया जो पुरुषों के लिए 0.90 से अधिक और महिलाओं के लिए 0.81 से अधिक तय है। इस मानक के हिसाब से 77.2 प्रतिशत लोगों के पेट पर अत्यधिक चर्बी थी (चंडीगढ़ में 95.3 प्रतिशत से लेकर मिजोरम में 63 प्रतिशत तक)। वहीं 73.9 फीसदी लोग बहुत कम शारीरिक क्रियाएं करते थे। इनकी तुलना में ओवरवेट और मोटे लोगों के लिए यह अनुपात क्रमशः 17.7 प्रतिशत और 6.8 प्रतिशत था, जो काफी कम था। ये एक बहुत ही महत्वपूर्ण खोज है क्योंकि शरीर के वजन का संबंध मुख्यतः कैलोरी की कुल मात्रा के सेवन से होता है, और इसमें बदलाव मुश्किल होता है क्योंकि इसके लिए खान-पान की आदतों में बुनियादी बदलाव करने की जरूरत होती है। वहीं दूसरी ओर, पेट की चर्बी से निबटना ज्यादा आसान है क्योंकि इसे सामान्य दैनिक व्यायाम से कम किया जा सकता है। पेट की चर्बी का संबंध इंसुलिन रेसिस्टेंस या प्रतिरोध से होता है और इसका कई तरह की बीमारियों से संबंध होता है, जैसे उच्च रक्त चाप और डायबिटीज। इंसुलिन प्रतिरोध का मतलब शरीर में इंसुलिन का स्तर बढ़ने पर प्रतिक्रिया के कमजोर होने से होता है, और हमारे विकास के इतिहास से इसकी उत्पत्ति का एक अंदाजा मिलता है। हमारा विकास एक ऐसे माहौल में हुआ, जहां भोजन और नमक की कमी थी, और हमलों से घायल होने और संक्रमित होने का खतरा ज्यादा था। ऐसे माहौल में, गर्भावस्था के दौरान, संक्रमण या सूजन और दूसरे प्रकार के तनावों के दौरान, जब रक्त में ग्लूकोज के उच्च स्तर को बनाये रखना जरूरी होता है, तब इंसुलिन के प्रतिरोध के लिए ढलना मददगार साबित हुआ। लेकिन, जब माहौल बदला और खाना व नमक मिलने लगे, तो इंसुलिन प्रतिरोध हमारे अस्तित्व के लिए मददगार साबित होने की जगह अनेक बीमारियों का कारण बन गया। पेट की चर्बी अब इतनी आम हो चुकी है कि मान लिया जाता है कि बढ़ती उम्र में ऐसा होना सामान्य है। कुछ संस्कृतियों में तो इसे आकर्षक भी समझा जाता है, और इसे संपन्नता का एक प्रतीक मान लिया जाता है। लेकिन, अब ये स्पष्ट हो चुका है कि पेट की चर्बी का उच्च रक्तचाप, उच्च मधुमेह और उच्च कोलेस्ट्रोल स्तर से संबंध है। ये तीनों स्थितियां कार्डियोवैस्कुलर बीमारियों का सबसे बड़ा कारण होती हैं, और सामान्य वजन वाले लोगों को भी इनसे बीमारियों का खतरा होता है। ऐसे लोग जिनके पेट पर बहुत ज्यादा चर्बी है और जिनका ब्लड प्रेशर ज्यादा है, उन्हें डायबिटीज होने का जोखिम ज्यादा होता है। इससे उनका पाचन तंत्र प्रभावित हो सकता है, जिससे उन्हें सीने में जलन की शिकायत हो सकती है। इससे नींद की गुणवत्ता प्रभावित होती है और पीठ के निचले हिस्से में दर्द हो सकता है। कैंसर और डिप्रेशन होने का संबंध भी पेट की चर्बी से हो सकता है। पेट की चर्बी की चुनौती का सामना करने के लिए, इसके कारणों की पड़ताल करना जरूरी है। इसका संबंध ज्यादा कैलोरी वाला खाना और अपर्याप्त व्यायाम से हो सकता है। हालांकि, साधारण व्यायाम से भी, पूरे शरीर का वजन घटाने की तुलना में, पेट की चर्बी को कम करना ज्यादा आसान होता है।

# खो गई आवाज

भारत ने इजराइल-फिलिस्तीन संघर्ष में युद्धविराम के लिए संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में पिछले सप्ताह में हुए मतदान में गैरहाजिर रहने के अपने फैसले को इजराइल पर हमास के उग्रवादियों द्वारा किए गए 7 अक्टूबर के जघन्य आतंकवादी हमले की स्पष्ट निंदा करने में हुई चूक का विरोध करने का अपना तरीका करार दिया है। आतंकवाद पर भारत के सैद्धांतिक रुख, जिसे संयुक्त राष्ट्र में उप स्थायी प्रतिनिधि ने व्यक्त किया, पर सवाल नहीं उठाया जा सकता। पर, मरने वालों की तादाद लगातार बढ़ रही है और हिंसा को रोकने के लिए वैश्विक एकजुटता की बेहद जरुरत है। इस मुद्दे पर अपने पारंपरिक संतुलित रुख और वैश्विक विभाजन को पाटने में अपनी हालिया जी-20 वाली भूमिका के साथ वैश्विक एकजुटता के इस काम को सिरे चढ़ाना नई दिल्ली के लिए माफिक रहता। पड़ोस, विस्तारित ब्रिक्स समूह में शामिल और विकासशील दुनिया के अधिकांश देश उन 120 देशों में शुमार रहे जिन्होंने शुक्रवार को यूएनजीए के प्रस्ताव पर मतदान किया। नई दिल्ली के तमाम तर्कों के बावजूद, उसके पास आजमाने के लिए अन्य विकल्प भी मौजूद थे जिन्हें उसने छोड़ या नजरअंदाज कर दिया। इस आपातकालीन विशेष सत्र में लाए गए नागरिकों की सुरक्षा और कानूनी एवं मानवीय दायित्वों को कायम रखना शीर्षक वाले इस प्रस्ताव में एक पैराग्राफ शामिल है जिसमें आतंकवाद और अंधाधुंध हमलों के सभी कृत्यों सहित फिलिस्तीनी और इजरायली नागरिकों के खिलाफ हिंसा के सभी कृत्यों की निंदा की गई है। भारत 7 अक्टूबर के हमलों का स्पष्ट उल्लेख सुनिश्चित करने के लिए प्रस्ताव पेश करने वाले देशों के साथ मिलकर एक अहम राजनयिक भूमिका निभा सकता था, जिसमें इस संघर्ष के बारे में जॉर्डन के राजा अब्दुल्ला बिन अल हुसैन के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हालिया बातचीत भी शामिल थी।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, 835222, Jharkhand And Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. Editor- Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# एप्पल ने नया मैकबुक प्रो और आईमैक लैपटॉप नए एम3 चिपसेट पेश किए

**क्यूपर्टिनो ।** एप्पल ने अपना नया मैकबुक प्रो और आईमैक लैपटॉप नए एम3 चिपसेट के साथ बाजार में उतार दिया है। एम3 प्रो और एम3 मैक्स 14 और 16 इंच के मॉडल अब एक नए स्पेस ब्लैक फिनिश में उपलब्ध हैं। कंपनी ने इसके साथ एम3, एम3 प्रो, एम3 मैक्स प्रोसेसर को भी लांच किया। मैकबुक प्रो मॉडल में 20 प्रतिशत उज्जवल एसडीआर सामग्री के साथ एक शानदार लिक्विड रेटिना एक्सडीआर डिस्प्ले, 1080पी कैमरा, एक इमर्सिव छह-स्पीकर साउंड सिस्टम और कनेक्टिविटी विकल्पों की एक विस्तृत श्रृंखला है। कंपनी ने कहा, ग्राहक नए मैकबुक प्रो को ऑर्डर कर सकते हैं और डिवाइस 7 नवंबर से एप्पल स्टोर और अधिकृत पुनर्विक्रेताओं के पास पहुंच जाएगा। एम3 के साथ 14 इंच मैकबुक प्रो की कीमत 169,900 रुपये से शुरू होती है और एडुकेशन के लिए 158,900 रुपये है। एम3 प्रो के साथ 14 इंच मैकबुक प्रो की कीमत 199,900 रुपये और एडुकेशन के लिए 184,900 रुपये है और 16 इंच मैकबुक प्रो की कीमत 249,900 रुपये और शिक्षा के लिए 229,900 रुपये है।एप्पल के हार्डवेयर इंजीनियरिंग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जॉन टर्नस ने कहा, मैकबुक प्रो 22 घंटे की बैटरी लाइफ, एक शानदार लिक्विड रेटिना एक्सडीआर डिस्प्ले और उन्नत कनेक्टिविटी के साथ उपयोगकर्ताओं को सक्षम बनाता है। एम3 के साथ नया 14-इंच मैकबुक प्रो न केवल रोजमर्रा के कार्यों के लिए बढ़िया है, बल्कि प्रो ऐप्स और गेम में भी अभूतपूर्व निरंतर प्रदर्शन प्रदान करता है। एम3 मैक्स के साथ 14 और 16 इंच मैकबुक प्रो बेहतर प्रदर्शन और क्षमताएं प्रदान करता है जो कंप्यूटिंग की सीमाओं को आगे बढ़ाता है।

नया आईमैक सबसे लोकप्रिय 27 इंच मॉडल की तुलना में 2.5 गुना तेज है, और सबसे शक्तिशाली 21.5-इंच मॉडल की तुलना में 4 गुना तेज है। इसमें 11.3 मिलियन पिक्सेल और एक अरब से अधिक रंगों के साथ एक विस्तृत 4.5के रेटिना डिस्प्ले, तेज वायरलेस कनेक्टिविटी और आईफोन के साथ एक सहज अनुभव भी है। एम3 के साथ 24 इंच का आईमैक ऑर्डर के लिए उपलब्ध है और यह 7 नवंबर से ग्राहकों तक पहुंचना शुरू हो जाएगा। 8-कोर जीपीयू वाले आईमैक की कीमत 134,900 रुपये और शिक्षा के लिए 129,900 रुपये से शुरू होती है, और यह हरे, गुलाबी, नीले और सिल्वर रंग में उपलब्ध है।

# व्यावसायिक उपयोग वाले गैस सिलेंडर की कीमतें बढ़ीं



**नई दिल्ली ।**

नवंबर की शुरुआत से ही व्यवसायिक उपयोग वाले सिलेंडर की कीमत बढ़ गयी है हालांकि रसाई गैस की कीमतें पहले की तरह ही रहेंगी। आज से 19 किलोग्राम वाले व्यवसायिक सिलेंडर के लिए 100 रुपये ज्यादा देने पड़ेंगे। इंडियन ऑयल का 19 किलोग्राम का सिलेंडर की कीमत अब दिल्ली में 1833 रुपये हो गयी है। इससे पहले यह 1731 रुपये का मिल रहा था। इस प्रकार इसकी कीमतों में 102 रुपये की बढ़त हुई है। वहीं मुंबई में सिलेंडर की कीमत 1684 रुपये से बढ़कर 1785.50 रुपये पहुंच गई है जबकि कोलकाता में व्यवसायिक सिलेंडर 1839.50 रुपये से बढ़कर 1943 रुपये हो गई है। वहीं चेन्नई में जो व्यवसायिक सिलेंडर 1898 रुपये की जगह अब 1999.50 रुपये का हो गया है। बता दें कि चारों महानगरों में से कोलकाता में इस बार व्यवसायिक गैस के दाम सबसे अधिक 103.50 रुपये बढ़े हैं। गत एक महीने में ही व्यवसायिक गैस सिलेंडर की कीमत में 300 रुपये से अधिक की बढ़ोतरी कर दी गई है। 1 अक्टूबर को भी कमर्शियल सिलेंडर की कीमत में 209 रुपये बढ़ाए गए थे और अब एक महीने बाद ही इसकी कीमतों में एक बार फिर से 100 रुपये की बढ़ोतरी कर दी गई है।

# मेगा ब्लॉकबस्टर सेल की सफलता के बाद मीशो कर्मचारियों को देगी 9 दिन का अवकाश

**नई दिल्ली ।**

ई-कॉमर्स क्षेत्र की कंपनी मीशो मेगा ब्लॉकबस्टर सेल की सफलता के बाद अपने कर्मचारियों को 9 दिन का अवकाश देगी। कंपनी से मिली जानकारी के अनुसार अपने कर्मचारियों को खुशमिजाज रखने के लिए लगातार तीसरी बार सालाना 'रीसेट और रिचार्ज' अवकाश शुरू किया है। इस पहल के अंतर्गत कंपनी के कर्मचारी इस साल 11 से 19 नवंबर के बीच 9 दिन की छुट्टी पर रहेंगे। इस दौरान वे कई कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे और अपने मानसिक स्वास्थ्य को वरीयता देने के लिए सभी उपाय करेंगे। हाल ही में मीशो के 'मेगा ब्लॉकबस्टर सेल' को शानदार सफलता मिली और इससे उत्साहित होकर कंपनी ने अपने कर्मचारियों को यह सौगात दी है। कंपनी ने कहा है कि वह इस बात पर जोर देती है कि कर्मचारियों के सर्वांगीण विकास एवं खुशियों का खास ध्यान रखा जाए। यह छुट्टी कंपनी के सभी कर्मचारियों के लिए होगी। गौरतलब है कि कंपनी में इस समय कुल 1,300 लोग काम करते हैं। मीशो के मुख्य मानव संसाधन अधिकारी आशिष कुमार सिंह ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों के दौरान हमने अनुभव किया है कि रीसेट और रिचार्ज ब्रेक के तौर पर दी गई छुट्टियों से कर्मचारियों को खुश मिजाज रखने में मदद मिली है। इससे कर्मचारियों पर अच्छा असर देखने को मिला है। हमने यह भी देखा है कि जब भी वे छुट्टी से तरोताजा होकर लौटते हैं तो उनमें एक अलग उत्साह दिखता है और वह पूरे जोश के साथ फिर काम में जुट जाते हैं। कंपनी ने अपने कर्मचारियों को पूरा समर्थन देने के लिए पैरेंटल पॉलिसी में भी बदलाव किए हैं। इसके तहत कर्मचारियों को कई तरह के फायदे दिए जाते हैं, जिनमें वित्तीय मदद और शिशु की देखभाल करने वाले कर्मचारियों को 30 सप्ताह की छुट्टियां भी दी जाती हैं। उद्योग जगत में अमूमन इसके लिए 26 सप्ताह का अवकाश दिया जाता है। कंपनी अपने कर्मचारियों को अपरिहार्य परिस्थितियों जैसे स्वास्थ्य संबंधी मुद्दे या कुछ अन्य विशेष मामलों में अतिरिक्त छुट्टियों का प्रावधान भी कर रही है। सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में कार्यस्थल पर कर्मचारियों को अक्सर कई तरह की चिंताएं एवं तनाव का शिकार होते देखा गया है। कंपनी ने कहा कि इसे देखते हुए उसने एक अलग उदाहरण पेश किया है ताकि दूसरी कंपनियां भी कर्मचारियों के हितों के अनुकूल नीतियों की शुरुआत कर सके।

# पेट्रोल ओर डीजल की कीमतों में कुछ जगहों पर आया बदलाव

**नई दिल्ली ।**

अंतरराष्ट्रीय बाजार में बुधवार को कच्चे तेल की कीमतों में अधिक अंतर नहीं रहा। जहां डब्ल्यूटीआई क्रूड 81.28 डॉलर प्रति बैरल पर बिक रहा है। वहीं, ब्रेंट क्रूड के दाम 87.41 डॉलर प्रति बैरल पर बने हुए थे। वहीं घरेलू बाजार में भी ईंधन की कीमतों में बदलाव आया है। छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, मणिपुर और त्रिपुरा में इसकी कीमतें कम हुई हैं। छग में पेट्रोल 50 पैसे और डीजल 49 पैसे सस्ता हो गया है। दूसरी ओर महाराष्ट्र और बिहार में इसकी कीमतें बढ़ी हैं। महाराष्ट्र में पेट्रोल 33 पैसे और डीजल 32 पैसे बढ़ा है। इसके साथ ही हरियाणा, हिमाचल प्रदेश , केरल, ओडिशा और उत्तर प्रदेश में भी पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़े हैं। वहीं नोएडा में पेट्रोल 96.59 रुपये और डीजल 89.76 सस्ता होकर रुपये प्रति लीटर है। गाजियाबाद में भी कीमतें घटीं हैं और से 96.44 रुपये और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर हो गया है। इसके अलावा लखनऊ में पेट्रोल कम होकर 96.36 रुपये और डीजल 89.56 रुपये प्रति लीटर हो गया है दूसरी ओर पटना में कीमतें बढ़ी हैं जिससे पेट्रोल 107.74 रुपये और डीजल 94.51 रुपये प्रति लीटर हो गया है। वहीं चारों महानगरों की बात करें तो दाम पहले की तरह ही हैं। दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये और डीजल 89.76 रुपये प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये और डीजल 92.76 रुपये प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.74 रुपये और डीजल 94.33 रुपये प्रति लीटर पर बना हुआ है।




# अक्टूबर में यूपीआई लेनदेन बढ़कर 17.16 लाख करोड़ रुपये के उच्च स्तर पर पहुंचा

**नई दिल्ली।**


यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) लेनदेन अक्टूबर में 17.16 लाख करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। आंकड़ों के मुताबिक यह इस साल सितंबर में 15.8 लाख करोड़ रुपये से 9 प्रतिशत अधिक है। रियल टाइम पेमेंट प्लेटफॉर्म चलाने वाली नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) के आंकड़ों से पता चला है कि मात्रा के संदर्भ में भी लेनदेन की संख्या रिकॉर्ड 11.41 बिलियन तक पहुंच गई, जो सितंबर में 10.56 बिलियन की तुलना में 8 प्रतिशत अधिक है। एनपीसीआई के अनुसार, नवीनतम आंकड़ों के आधार पर, यूपीआई ने लेनदेन की मात्रा के मामले में साल-दर-साल 55 प्रतिशत और मूल्य के मामले में 42 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। यूपीआई ने सितंबर में 10.56 बिलियन का लेनदेन वॉल्यूम दर्ज किया और अगस्त में 10 बिलियन का आंकड़ा पार कर लिया था। इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय ने एक्स पर पोस्ट किया, अक्टूबर 2023 में 11 बिलियन से अधिक यूपीआई लेनदेन किए गए। लोग यूपीआई के साथ रियल टाइम में मोबाइल से निर्बाध भुगतान कर रहे हैं।



## रुपया गिरावट पर बंद

**नई दिल्ली ।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले बुधवार को रुपया दो पैसे की गिरावट के साथ ही 83.28 पर बंद हुआ। वहीं आज सुबह डॉलर के मुकाबले रुपया 2 पैसे कमजोर होकर 83.27 के स्तर पर खुला। वहीं गत दिवस डॉलर के मुकाबले रुपया 83.26 के स्तर पर बंद हुआ था। रुपया का आज उच्च स्तर 83.28 स्तर है जबकि निचला स्तर 83.25 है। वहीं डॉलर का सबसे अधिक स्तर 106.78 पर है जबकि निचला स्तर 106.65 रहा। इसके बाद डॉलर 106.76 के स्तर पर रहा। दूसरी ओर अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने में दबाब आया उससे भी रुपये पर प्रभाव पड़ा है। इसके अलावा लगातार तीसरे दिन कच्चे तेल में भी गिरावट आई। डॉलर के मुकाबले दूसरी एशियाई मुद्रा में भी कमजोरी देखने को मिल रही है। दक्षिण कोरिया की मुद्रा में 0.5 फीसदी की गिरावट दर्ज की गयी। वहीं इंडोनेशियाई रुपिया में 0.4 फीसदी की गिरावट रही। जापानी येन में 0.34 फीसदी की बढ़त रही।






# शीर्ष स्तर की निकासियों के बीच यूएनएकेडमी ने नए मुख्य लोक अधिकारी की नियुक्ति की

**बेंगलुरु।** एडटेक प्लेटफॉर्म यूएनएकेडमी ने बुधवार को मुख्य लोक अधिकारी के रूप में संध्यादीप पुरी की नियुक्ति की घोषणा की, क्योंकि गौरव मुंजाल द्वारा संचालित एडटेक कंपनी यूएनएकेडमी में 'हाई-प्रोफाइल एग्जिट' जारी है।विभिन्न उद्योगों और भौगोलिक क्षेत्रों में नेतृत्व की भूमिकाओं में 25 से अधिक वर्षों के अनुभव के साथ पुरी ने पहले पिज़्ज़ा हट और केएफसी जैसे ब्रांडों के लिए मानव संसाधन रणनीतियों की देखरेख करते हुए सफायर फूड्स में मुख्य लोक अधिकारी का पद संभाला था। पुरी ने कहा, मैं यूएनएकेडमी में प्रतिभाशाली टीम के साथ सहयोग करने और परिवर्तनकारी व्यावसायिक पहल करने के लिए उत्सुक हूं, जो लोगों के चार्टर के माध्यम से कंपनी की निरंतर वृद्धि और सफलता में योगदान देगा। सफायर फूड्स से पहले वह आदित्य बिड़ला समूह के खुदरा क्षेत्र में संगठन विकास और संगठन प्रभावशीलता पहल के लिए जिम्मेदार थीं।यूएनएकेडमी के सह-संस्थापक और सीईओ गौरव मुंजाल ने कहा, उनका व्यापक अनुभव और विशेषज्ञता हमारे मिशन को बढ़ाने का वादा करती है और यह अमूल्य होगा, क्योंकि हम अपनी टीम का विस्तार करना और एक संगठन के रूप में आगे बढ़ना जारी रखेंगे। यह नियुक्ति यूएनएकेडमी के मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) सुब्रमण्यम रामचंद्रन के कंपनी छोड़ने के बाद हुई। हाल के महीनों में एडटेक स्टार्टअप से यह दूसरा वरिष्ठ निकास है।द मॉर्निंग कॉन्टेक्स्ट की रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा गया है, रामचंद्रन ने अपने कागजात जमा कर दिए हैं और इस समय अपनी नोटिस अवधि पूरी कर रहे हैं। अगस्त में यूएनएकेडमी के मुख्य परिचालन अधिकारी विवेक सिन्हा ने इस्तीफा दे दिया था।

# अहमदाबाद में आयोजित रोड शो में मुख्यमंत्री धामी हुए शामिल, निवेशकों को किया आमंत्रित

**देहरादून/अहमदाबाद।** उत्तराखंड में 8 और 9 दिसंबर को होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट हेतु मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को अहमदाबाद में आयोजित रोड शो में शिरकत की। इस दौरान मुख्यमंत्री विभिन्न उद्योग समूहों के साथ बैठक करते हुए सभी निवेशकों को समिट के लिए आमंत्रित भी किया। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के तहत अहमदाबाद में छठा रोड शो आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने 8 और 9 दिसंबर को देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में निवेशकों को आमंत्रित किया।मुख्यमंत्री ने कहा कि गुजरात भगवान श्रीकृष्ण की धरा है। महात्मा गांधी और सरदार पटेल जैसे महापुरूषों की यह भूमि है। इस भूमि ने भारत को नरेंद्र मोदी जैसे प्रधानमंत्री दिए हैं। उनके नेतृत्व में भारत ने वैश्विक पटल पर एक अलग पहचान बनाई है। आज दुनिया में भारत का मान-सम्मान और स्वाभिमान बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में उद्योगों के विकास के लिए सरकार लगातार कार्य कर रही है। उद्योग जगत से जुड़े लोगों के सुझावों को ध्यान में रखते हुए 30 नई नीतियां बनाई गई हैं। कई नीतियों को सरल बनाया गया है। उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान भी जो सुझाव प्राप्त हो रहे हैं, उन सभी पर अमल किया जा रहा है। राज्य में निवेश को बढ़ावा देने के लिए सिंगल विंडो सिस्टम बनाया गया है। इसको और प्रभावी बनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड राज्य को बने 23 साल हो गये हैं। राज्य स्थापना के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने उत्तराखंड को विशेष औद्योगिक पैकेज दिया। इसके बाद उत्तराखंड में औद्योगिक निवेश तेजी से बढ़ा है। उत्तराखंड में निवेश के लिए अपार संभावनाएं हैं। राज्य में 6 हजार एकड़ का लैंड-बैंक बनाया गया है। राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में निवेश करने वालों के लिए और प्रोत्साहन दिया जायेगा। उत्तराखंड का प्राकृतिक सौंदर्य और बेहतर मानव संसाधन निवेशकों को उत्तराखंड आने के लिए आकर्षित कर रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में ईकोलॉजी और ईकोनॉमी में संतुलन बनाते हुए कार्य हो रहे हैं। उत्तराखंड कर्मभूमि बनाने के लिए अच्छा डेस्टिनेशन है। राज्य में हवाई, रेल, रोड और रोपवे कनेक्टिविटी के साथ तेजी से विस्तार हो रहा है। उत्तराखंड में चारधाम यात्रा में इस वर्ष अभी तक 52 लाख से अधिक श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं।

# मारुति सुजुकी सलेरियो कार है सबसे कीफायती

## -सीएनजी वेरिएंट में भी उपलब्ध होगी

नई दिल्ली । ऑटोमोबाइल सेक्टर की कंपनी मारुति सुजुकी की कार सलेरियो सबसे किफायती कार है। यह कार सीएनजी वेरिएंट में भी उपलबे ध होगी। कार का माइलेज भी इस सेगमेंट में सबसे ज्यादा है।इस हैचबैक में इंजन भी दमदार दिया गया है। इस कार पर दिवाली पर कई तरह के ऑफर्स भी अवेलेबल हैं और ये आपको जीरो डाउनपेमेंट पर फाइनेंस हो जाएगी। कंपनी सिलेरियो में 1.0 लीटर का पेट्रोल इंजन देती है। ये इंजन 67 बीएचपी की पावर जनरेट करता है और इसका मैक्सिमम टॉर्क 89 एनएम का है। कार 5 स्पीड मैनुअल और ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन के साथ मिलती है। कार पेट्रोल पर 25 किलोमीटर प्रति लीटर से भी ज्यादा माइलेज देती है। वहीं इसके सीएनजी वेरिऐंट की बात की जाए तो ये 36 किलोमीटर प्रति कों लो तक का माइलेज देता है। हालांकि सीएनजी पर कार की पावर कुछ कम हो जाती है और ये 56 बीएचपी जनरेट करती है और इसका मैक्सिमम टॉर्क 82 एनएम का आता है।सेफ्टी के लिए कार में डुअल फ्रंट एयरबैग, हिल-होल्ड असिस्ट, ईबीडी के साथ एबीएस और रियर पार्किंग सेंसर जैसे फीचर्स मिल रहे हैं।कार के फीचर्स की बात करें तो 7 इंच का टचस्क्रीन, पुश-बटन स्टार्ट/स्टॉप सिस्टम, पैसिव कीलेस एंट्री और मैनुअल एसी जैसी सुविधाएं शामिल हैं।




# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

## सेंसेक्स 284 , निफ्टी भी 90 अंक टूटा

**मुम्बई ।**

घरेलू शेयर बाजार बुधवार को गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के तीसरे ही कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से प्राप्त मिश्रित संकेतों के साथ ही धातु और आई टी शेयरों में बिकवाली हावी होने से आई है। आज कारोबार के दौरान व्यापक बाजारों में बीएसई मिडकैप इंडेक्स में गिरावट आई और यह 0.4 फीसदी नीचे रहा है हालांकि, स्मॉलकैप इंडेक्स केवल 0.1 फीसदी गिरा। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई मानक सूचकांक सेंसेक्स 283.60 अंक करीब 0.44 फीसदी नीचे आकर 63,591 अंक पर बंद हुआ। वहीं कारोबार के दौरान सेंसेक्स 63,896 की ऊंचाई तक जाने के बाद 63,550 तक फिसला। दूसरी ओर 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 90.45 अंक तकरीबन 0.47 फीसदी नीचे आने के बाद अंत में 18,989 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान निफ्टी 19,096 तक ऊपर जाने के बाद 18,973 तक टूटा। आज के कारोबार के दौरान सेंसेक्स के शेयरों में केवल 5 शेयर ही लाभ के साथ ऊपर आये हैं। इसके अलावा सन फार्मा, बजाज फिनसर्व, रिलायंस, एसबीआई और भारती एयरटेल के शेयर सबसे अधिक लाभ वाले पांच शेयरों में रहे। वहीं सबसे ज्यादा लाभ 2.67 फीसदी सन फार्मा के शेयरों को हुआ।

वहीं दूसरी ओर सेंसेक्स के शेयरों में से 25 शेयर नुकसान के साथ ही नीचे आये हैं। नीचे आने वाले शेयरों में एशियन पेंट्स, टाटा स्टील, नेस्ले इंडिया, मारुति और जेएस डब्यू स्टील आदि हैं। सबसे ज्यादा 2.04 फीसदी नीचे एशियन पेंट्स के शेयर आये हैं।




इससे पहले आज सुबह बाजार की सपाट शुरुआत हुई। सुबह सेंसेक्स 95.04 अंक करीब 0.15 फीसदी नीचे आकर 63,779.89 के स्तर पर जबकि निफ्टी 10.00 अंक तकरीबन 0.05 फीसदी नीचे आकर 19069.60 के स्तर पर कारोबार कर रहा था। आज सुबह एशियाई बाजार में तेजी दर्ज की गयी। बैंक ऑफ जापान द्वारा अपनी यील्ड कर्व नियंत्रण नीति में अधिक लचीलापन दिए जाने के बाद जापान का निक्की 2 फीसदी ऊपर आया। वहीं दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.62 फीसदी बढ़ा। दूसरी ओरहांगकांग में हैंग सेंग 0.05 फीसदी उछला। अमेरिका में, एसएंडपी 500 0.65 फीसदी जबकि नैस्डैक 0.48 फीसदी बढ़ा। डॉव जोन्स कल रात 0.38 फीसदी बढ़कर बंद हुआ।

# टाटा नेक्सॉन के फेसलिफ्ट मॉडल लॉन्च

## -5-स्टार की सेफ्टी, 25 किलोमीटर का माइलेज

**नई दिल्ली ।**

स्वदेशी कंपनी टाटा नेक्सॉन अपनी सेफ्टी रेटिंग के वजह से ही देश भर में लोकप्रिय हो रही है। यह कार अब नए डिजाइन के स्प्लिट एलईडी हेडलाइट सेटअप के साथ आ रही है। वहीं इसमें नए फ्रंट और बैक बंपर के साथ नया एलईडी टेल लाइट सेटअप भी दिया गया है।

कंपनी ने सिर्फ कार के बाहरी डिजाइन ही नहीं बल्कि इंटीरियर को भी अपडेटेड लुक दिया है। कार के अंदर अब नया 2 स्पोक स्टीयरिंग व्हील, डैशबोर्ड लेआउट और इंटीरियर कलर मिलता है।टाटा नेक्सन में पेट्रोल और डीजल दोनों इंजन विकल्प मिलते हैं। इसमें पहला 1.2-लीटर टर्बो पेट्रोल इंजन है जो 120 बीएचपी पॉवर और 170 एनएम का टॉर्क जनरेट करता है। वहीं दूसरा 1.5-लीटर डीजल इंजन है जो 115 बीएचपी पॉवर और 260 एनएम टॉर्क का आउटपुट देता है। ट्रांसमिशन विकल्प में 5-स्पीड मैनुअल, 6-स्पीड मैनुअल, 6-स्पीड एएमटी और एक नया 7-स्पीड डुअल क्लच ट्रांसमिशन (डीसीटी) शामिल है। डीजल यूनिट के साथ 6-स्पीड मैनुअल और 6-स्पीड एएमटी का विकल्प दिया गया है।

नेक्सान में 25 किलोमीटर प्रति लीटर की माइलेज मिलने का दावा किया गया है।टाटा नेक्सान में 10.25-इंच टचस्क्रीन का इंफोटेनमेंट सिस्टम, 10.25-इंच डिजिटल ड्राइवर डिस्प्ले, ऑटोमैटिक क्लाइमेट कंट्रोल, वायरलेस फोन चार्जिंग, वेंटिलेटेड फ्रंट सीटें, क्रूज कंट्रोल और पैडल शिफ्टर्स जैसे फीचर्स मिलते हैं। इसमें सबवूफर और हरमन-एन्हांस्ड ऑडियोवॉरएक्स के साथ 9-स्पीकर जेबीएल साउंड सिस्टम भी मिलता है। बता दें कि टाटा नेक्सॉन के फेसलिफ्ट मॉडल को हाल ही में लॉन्च किया गया है। अपने नए वर्जन में यह एसयूवी ग्लोबल एनसीएपी क्रैश टेस्ट में सेफ्टी के लिए 5-स्टार सेफ्टी रेटिंग लेकर आई है।




# रूस ने भारतीयों के लिए बैंक खाते खोलने के नियम बनाए सरल




**नई दिल्ली।** रूस ने भारतीय नागरिकों के लिए अपने वित्तीय संस्थानों में बैंक खाते खोलने के लिए नियमों को आसान बना दिया है। 'एक्स' पर भारत में रूसी दूतावास ने बुधवार को घोषणा की कि अब भारतीयों द्वारा रूस पहुंचने पर रूसी बैंक में बैंक कार्ड प्राप्त करना और वित्तीय लेनदेन शुरू करना संभव होगा। रूसी दूतावास ने कहा कि यह सुविधा भारतीय पर्यटकों और छात्रों के लिए विशेष रूप से सुविधाजनक है। रूसी दूतावास ने कहा, 'हम रूसी वित्तीय संस्थानों में बैंक खाते खोलने के इच्छुक भारतीय नागरिकों के लिए सरलीकृत मानदंड पेश करने के रूसी सरकार के फैसले की घोषणा करते हुए उत्साहित हैं। अब दूर से ही रूसी बैंकों में बैंक खाते खोलना या धन जमा करना संभव है।' रूस पहुंचने पर, साझेदार रूसी बैंक में तुरंत बैंक कार्ड प्राप्त करना और वित्तीय लेनदेन शुरू करना संभव होगा। यह सुविधा भारतीय पर्यटकों और छात्रों के लिए विशेष रूप से सुविधाजनक है।'''प्रक्रिया सीधी है: ऐसे बैंक खाते खोलने के इच्छुक भारतीय नागरिकों को मार्गदर्शन के लिए उस भारतीय बैंक से संपर्क करने की सलाह दी जाती है जिसका रूसी संघ के सेंट्रल बैंक के साथ समझौता है।'

फूड

## घर पर ऐसे बनाएं लादी पाव, मार्केट की पाव भाजी खाना छोड़ देंगे आप



अगर आपको मार्केट में जाते ही पाव भाजी खाने का मन करता है तो आप एक बार घर पर लादी पाव बनाकर इसे भाजी के साथ खाएं।यकीन मानिए इसके बाद आपको मार्केट की दूसरा कोई भी पाव पसंद नहीं आएगा।पाव भाजी का असली स्वाद तभी आता है जब पाव नर्म हो।मार्केट में मिलने वाले पाव फ्रेश नहीं होते इसलिए आप उसे खा तो लेते हैं लेकिन जिन लोगों ने लादी पाव खाया है उन्हें ये पाव कभी पसंद नहीं आएंगे।घर की रसोई में रखे सामान से आप आसानी से लादी पाव घर पर बना सकते हैं।हम आपको इस स्टोरी में कढ़ाई में लादी पाव बनाने की रेसिपी बता रहे हैं।इसे बनाने के लिए आपको क्या सामग्री चाहिए और इसे बनाने की विधि क्या है आइए जानते हैं। - सबसे पहले एक कप में इन्सटेंट एक्टिव यीस्ट, चीनी, हल्का गुनगुना दूध डाल कर मिक्स करें और इसे 6-7 मिनट के लिए एक ओर रख दें. - एक बाउल लें और उसमें मैदा और नमक डालें - 6-7 मिनट बाद मैदा और नमक वाले बाउल में इन्सटेंट एक्टिव यीस्ट, चीनी, हल्का गुनगुना दूध वाला मिक्चर डालकर इसे गूंथे - थोड़ा-थोड़ा तेल डालकर भी आप इस डो को अच्छे से मुलायम होने तक गूंखे।याद रखें कि डो जितना मुलायम होगा आपके पाव भी उतने ही मुलायम बनेंगे। - अब इसे कम से कम 1 घंटे के लिए किसी गर्म जगह पर रख दें या कपड़े से ढ़ककर रखें। 1 घंटे बाद डो से ऐसे बनाएं मुलायम पाव - एक कंटेनर को तेल से ग्रीस करें। - अब हाथ में थोड़ा सा आटा लगाकर डो से लोई निकालें और हाथ से गोल करके उसे कंटेनर पर रखकर दबा दें।इसी तरह सारे डो की या कंटेनर में जितना आ सके उतनी लोई लेकर बना लें। - अब इस पर आप पानी और क्रीम का घोल बनाकर ब्रश से लगाएं और फिर कपड़े से ढककर इसे आधें घंटे के लिए छोड़ दें।इतनी देर में... - एक कढ़ाई में 2 कप नमक डालकर इस पर एक जाली स्टेंड लगाकर इसे अच्छे से फूल फ्लेम पर गर्म करें। - जितनी देर में ये गर्म होगा उतनी देर में आपके कंटेनर पर डो की लोई भी सेट हो जाएगी. - अब गर्म नमक वाली कढ़ाई में आप कंटेनर को रख दें - इसे 20 मिनट ढ़ककर रखें और फिर इसे चेक करें। - 20 मिनट बाद चेक करने के बाद इसे आप तब तक स्टीम में पकाएं जब तक ये गोल्डन ब्राउन ना हो जाएं।




## जानें स्टाइलिश और ग्लैमरस लुक के लिए कौन सी जींस है बेस्ट, इस तरह करें कैरी



आजकल जींस स्टाइल स्टेटमेंट है। स्टाइलिश लुक के लिए लड़कियां जींस कैरी करती है। आजकल कई टाइप की जींस की है जिसे कैरी कर आप स्टाइलिश और ग्लैमरस लुक कैरी कर सकते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं स्टाइलिश लुक के लिए अपनी हाइट और बॉडी टाइप के अनुसार जींस कैरी करना चाहिए। अगर आप भी कंफ्यूज रहती है कि कौन सी जींस पहने या फिर नहीं चालिए जानते हैं स्टाइलिश और ग्लैमरस लुक के लिए कौन सी जींस है बेस्ट। इन दिनों हाई वेस्ट जींस काफी ट्रेंड मे हैं। बहुत ही महिलाएं हाई वेस्ट जींस को लेकर हमेशा की कंफ्यूज रहती है कि हाई वेस्ट जींस कैरी करें या नहीं। स्टाइलिश और ग्लैमरस लुक के लिए आप हाई वेस्ट जींस कैरी कर सकती हैं। हाई वेस्ट जींस और क्रॉप टॉप आपको स्टनिंग लुक देगा। अगर आप बेली फेट से परेशान है तो हाई वेस्ट जींस आपके लुक को खराब कर सकती हैं। स्किनी फिट जींस का ट्रेंड कभी नहीं जाता है। स्किनी फिट जींस हमेशा ट्रेंड में रहती हैं। दुनिया भर में स्किनी फिट जींस को काफी पसंद किया जाता है। स्किनी फिट जींस को आप आसानी से कैरी कर सकती हैं। स्किनी फिट जींस के साथ स्टाइलिश टॉप कैरी कर आप पार्टी में भी जा सकती हैं। जिसकी टांगे मोटी है उनके लिए स्किनी फिट जींस बेस्ट है।





पिछले दो तीन सालों से फ्लेयर्ड जींस का ट्रेंड देखने को मिल रहा है। हॉलीवुड एक्ट्रेस से लेकर बॉलीवुड एक्ट्रेस फ्लेयर्ड जींस कैरी करती है। स्टाइलिश लुक के लिए प्लेन लूज टीशर्ट के साथ फ्लेयर्ड जींस कैरी करें। जिन महिलाओं की टांगे काफी पतली है उनके लिए प्लेयर्ड जींस काफी बेस्ट है। रिप्ड जींस पिछले काफी टाइम से ट्रेंड में है। स्टाइलिश और स्टनिंग लुक के लिए आप रिप्ड जींस को कैरी कर सकती हैं। प्लेन व्हाइट टीशर्ट के साथ ब्लू रिप्ड जींस बेहद कमाल की लगती हैं। बॉलीवुड एक्ट्रेस और टीवी एक्ट्रेस भी स्टाइलिश लुक के लिए रिप्ड जींस कैरी करती हैं।

हेल्थ



## पॉल्यूशन और सिगरेट के घातक जहर से फेफड़ों का ऐसे करें बचाव

सर्दी के मौसम में प्रदूषण के कारण लोगों की परेशानियां काफी ज्यादा बढ़ जाती है। पिछले कई सालों से सर्दी आते ही इस तरह की समस्याएं परेशान करने लगी है। बता दें कि प्रदूषण की वजह से सबसे ज्यादा दिक्कत फेफड़ों को होती है। वहीं जिन लोगों को सांस संबंधी समस्या होती है, उनको सर्दी में ज्यादा परेशानी होती है। प्रदूषण की वजह से ब्रोंकाइटिस से लेकर क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज और गले में जलन आदि की समस्या होने लगती है। ऐसे में लंग्स को हेल्दी रखना काफी ज्यादा जरूरी होता है। ऐसे में जरूरी है कि लंग्स को इतना मजबूत बनाया जाए, जिससे कि प्रदूषण की मार लंग्स पर बहुत कम हो। आज इस आर्टिकल के जरिए आपको कुछ ऐसे टिप्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको फॉलो कर आप अपने लंग्स को हेल्दी रख सकते हैं। बता दें कि गुड़ सांस की नली को साफ करने का काम करता है। गुड़ में एंटी-इंफ्लामेटरी गुण पाया जाता है। वहीं सांस में लिए गए विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में भी गुड़ सहायक होता है। गुड़ को एक प्राकृतिक सफाई एजेंट माना जाता है। यह श्वसन रोगों और अस्थमा के लक्षणों को कम करने में मदद कर सकता है। प्रदूषण के समय सांस की दिक्कतों को कम करने में नीलगिरी का तेल बहुत फायदेमंद है। अगर छाती में प्रदूषण की वजह से कंजेशन हो गया है, तो वायु मार्ग को आराम देने के लिए आपको नीलगिरी तेल की कुछ बूंदे डाल देनी चाहिए। हांलाकि हम सब अदरक के लाभकारी गुणों से भलीभांति वाकिफ हैं। अदरक के सर्दी में अनेकों फायदे हैं। क्योंकि सर्दी के मौसम में प्रदूषण का सबसे ज्यादा सामना करना पड़ता है। ऐसे में अदरक और तुलसी के पत्ते का मिश्रण आपके गले की दिक्कतों को कम करने में मददगार होता है। ऐसे में अगर आप भी प्रदूषण से बचना चाहते हैं, तो ज्यादा से ज्यादा समय घर पर ही रहें।

फिटनेस




## 3 आर्म एक्सरसाइज



कोरोना महामारी ने हमारे जीवन को कई तरह से बदल दिया है। यही कारण है कि हम में से ज्यादातर लोग जरूरी एहतियात बरतते हुए ज्यादा भीड़-भाड़ वाली जगहों पर जाने से बच रहे हैं। जैसा कि हम सभी जानते हैं एक्सरसाइज करना स्वास्थ्य के लिए बेहद जरूरी है, लेकिन ज्यादातर लोग इन दिनों जिम जानें से कतरा रहे हैं। लेकिन अच्छी बात यह है कि कुछ एक्सरसाइज ऐसी हैं, जिन्हें करने के लिए आपको जिम जाने की आवश्यकता नहीं है, आप घर पर रहकर ही इन एक्सरसाइज को कर सकते हैं। जिनमें से एक है आर्म वर्कआउट । बाजुओं की ऐसी कई एक्सरसाइज हैं जो कोर मसल्स को टारगेट करते हुए आपकी बाजुओं को मजबूत और टोन करने में मदद कर सकती हैं- वो भी घर पर आराम से। हम यहां आपको ऐसी ही 3 सरल आर्म एक्सरसाइज के बारे में बता रहे हैं, साथ ही आप इन्हें घर पर कैसे कर सकते हैं।

### इंचवर्म

शरीर के अधिकतम और पूर्ण लाभों प्राप्त करने के लिए इंचवर्म को रुटीन में शामिल। यह न केवल आपकी बाहों, कंधों, कोर और निचले शरीर को मजबूत करता है बल्कि आपकी हृदय गति को भी बढ़ाता है। अपने पैरों को कूल्हों की चौड़ाई के समान सीधा लंबा खड़ा करें और अपने हाथों को फर्श पर रखें। अपनी रीढ़ को यथासंभव तटस्थ रखते हुए अपने कोर को कस कर रखें, अपने हाथों को आगे बढ़ाएं। आपकी एड़ी फर्श से ऊपर उठ जाएगी, और जब आप अपने हाथों को आगे की ओर एक उच्च प्लैंक पोजीशन में ले जाएंगे तो आपके पैर सीधे रहेंगे।

### ट्राइसेप्स डिप्स

डिप्स एक बेहतरीन बॉडीवेट एक्सरसाइज है। जो मुख्य रूप से ट्राइसेप्स को टार्गेट करता है, वहीं कंधे और छाती की मांसपेशियों को भी टोन करता है। लेकिन अगर आपको कंधे की समस्या है, तो इस एक्सरसाइज को करने से बचें। अपने पैरों को मजबूती से फर्श को छूते हुए एक कुर्सी के किनारे पर बैठें। आपके हाथ की हथेलियां आपके कंधों के नीचे होनी चाहिए, जो आपके कूल्हों के बगल में कुर्सी के किनारे पर टिकी हों। अपने ग्लूट्स को कस लें और अपने कूल्हों को कुर्सी से तब तक उठाएं जब तक कि आपकी बाहें सीधी न हो जाएं। अपनी कोहनी मोड़ें और अपने शरीर को जितना नीचे कर सकते हैं उतना नीचे करें जब तक कि आप अपने कंधों को महसूस न करें या अपनी पीठ को आगे की ओर गोल करना शुरू न करें।

### चतुरंगा

चतुरंगा स्टैंडर्ट प्लैंक का एक रूप है जो अन्य प्लैंक पोजीशन की तुलना में बाइसेप्स की मांसपेशियों को अधिक टार्गेट करता है। कैसे करें: अपने कोर को मिलाते हुए, अपने हाथों को कोहनी के नीचे और अपने शरीर के करीब रखते हुए एक पारंपरिक प्लैंक पोजीशन में शुरू करें। अपने पैर की उंगलियों को आगे रोल करें और अपनी कोहनी को तब तक मोड़ें जब तक कि आपकी बाहें 90 डिग्री का कोण न बना लें।

ब्यूटी

### गाउन पर सेलिब्रिटी की तरह बनाएं हेयर स्टाइल

## सबसे खूबसूरत दिखेंगी आप



**अप-टू-डेट और स्टाइलिश दिखने के लिए हम अपने आपको अलग-अलग लुक कैरी करते हैं। मेकअप और आउटफिट के बार परफेक्ट हेयर स्टाइल होना बहुत जरूरी है। आजकल गाउन का ट्रेंड काफी ज्यादा चल रहा है। ऐसे में आज हम आपको गाउन के साथ स्टाइल किए जाने वाले कुछ ट्रेंडी हेयर स्टाइल के बारे में बताने जा रहे हैं। यह हेयर स्टाइल आपकी खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करेंगे। साथ ही आपका लुक भी स्टाइलिश लगेगा।**

### ओपन ट्विस्टिंग हेयर स्टाइल

कुछ लोग बालों को खुला रखना पसंद करते हैं। ऐसे में अगर आप भी अपने बालों को खुला रखना पसंद है। तो हम आपको मिनटों में बनने वाले हेयर स्टाइल के बारे में बताने जा रहे हैं। बता दें कि ओपन ट्विस्टिंग हेयर स्टाइल बनाना काफी ज्यादा आसान है। इस हेयर स्टाइल को बनाने के लिए सबसे पहले आप बालों की एक-एक लेयर की ट्विस्टिंग करनी होगी। इसके बाद उसे पिनअप करना होगा। बचे हुए बालों को भी लेंथ तक कर्ल कर दें। इसके बाद इसे सजाने के लिए आप बीड्स या फ्लोरल हेयर क्लिप का भी इस्तेमाल कर सकती हैं।

### मेसी पोनीटेल

मेसी लुक देखने में काफी मॉडर्न लगने के साथ बेहतरीन भी लगता है। इस हेयर स्टाइल को बनाना काफी ज्यादा आसान होता है। इस हेयर स्टाइल को सजाने के लिए बालों की सिर्फ एक लेयर को पोनीटेल के शुरूआत में गोल-गोल व्रैप कर लें। बता दें कि इस हेयर स्टाइल को बनाने के लिए हेयर स्टाइलर की मदद से पहले सारे बालों को कर्ल कर लें। बालों को कर्ल करने से एक बाउंस बनकर तैयार हो जाएगा। यह हेयर स्टाइल आपको खूबसूरत होने के साथ प्रोफेशनल टच देगा।



### हाफ-टाई बन हेयर स्टाइल


बता दें कि आज के समय में हाफ-टाई बन हेयर स्टाइल काफी चलन में है। इस हेयर स्टाइल को बनाने के लिए सबसे छोटे साइज वाले डोनट का उपयोग करना चाहिए। वहीं बचे हुए बालों को हेयर स्टाइलिंग टोंग की मदद से कर्ल कर लें। इस तरह से आपका हेयर स्टाइल बन जाएगी।

# अमृतसर के प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों की दो दिन में करें सैर, बजट में बनाएं सफर की योजना


सैर-सपाटा



दिल्ली-हरियाणा के पास घूमने के लिए बहुत सारे पर्यटन स्थल हैं। पहाड़ों से लेकर झरनों-झीलों के बीच आप अपने खाली वक्त को सुकून से बिता सकते हैं। छुट्टी है तो पंजाब की खूबसूरत को करीब से निहारने के लिए सफर पर निकल सकते हैं। पंजाब में बहुत से पर्यटन स्थल हैं, जिनकी सुंदरता और कहानियां आपको अपनी ओर आकर्षित करती हैं। अपनी प्राकृतिक सुंदरता के साथ ही पंजाब धार्मिक और आध्यात्मिकता के लिए भी प्रसिद्ध है। यहां आप हरे-भरे लहराते खेत, ट्यूबवेल से गिरते पानी और स्वर्ण मंदिर की छवि देखने मात्र से आनंदित हो सकते हैं। हालांकि अगर घूमने के लिए वक्त की कमी है और महज दो से तीन दिन में आपको पंजाब की खूबसूरती को करीब से देखना है तो यहां के कुछ मुख्य शहरों की यात्रा करें। पंजाब के सबसे प्रमुख शहरों में से एक अमृतसर है, जहां स्वर्ण मंदिर स्थित है। लेकिन अमृतसर केवल स्वर्ण मंदिर के लिए प्रसिद्ध नहीं, इसके अलावा इस शहर में देशभक्ति से सराबोर कर देने वाला वाघा बॉर्डर, जलियांवाला बाग, अकाल तख्त जैसे दार्शनिक स्थल भी स्थित हैं। सफर के पहले दिन की शुरूआत अमृतसर के मशहूर स्वर्ण मंदिर से करें। लगभग 400 साल पुराना स्वर्ण मंदिर गहरी झील के बीच स्थित है। यहां आकर मन को शांति मिलती है और सेवा का मौका मिलता है। दो मंजिला गोल्डन टेंबल सोने का बना हुआ है। स्वर्ण मंदिर के दर्शन के बाद अकाल तख्त और दुर्गियाना मंदिर के लिए निकल सकते हैं। एक दिन में ये तीन जगह घूमी जा सकती है। अकाल तख्त और दुर्गियाना मंदिर में भी काफी पर्यटक दूर दराज से आते हैं। सफर के दौरान रात्रि बिताने के बाद अगले दिन वाघा बॉर्डर रवाना हो जाएं।



भारत-पाकिस्तान सीमा से पहले जो अंतिम भारतीय क्षेत्र है, वही सीमा वाघा बार्डर है। किसी राष्ट्रीय पर्व या खास मौके पर वाघा बार्डर जाना अधिक बेहतर रहता है, क्योंकि इस दौरान यहां विशेष आयोजन देखने को मिलता है। सीमा द्वार का कोई प्रवेश शुल्क नहीं है। सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक वाघा बार्डर पर्यटकों के लिए खुला रहता है। अमृतसर में दूसरा दिन देशभक्ति के नाम कर दें।



वाघा बार्डर से निकलकर जलियांवाला बाग घूमने जा सकते हैं। जलियांवाला बाग गुलाम भारत के इतिहास के उस काले दिन का गवाह है, जब निहत्थे भारतीयों का नरसंहार किया गया था। इसके अलावा आप गोबिंदगढ़ फोर्ट भी घूमने जा सकते हैं। दो दिन के अमृतसर ट्रिप के दौरान यहां के स्थानीय लजीज पकवानों का लुत्फ भी उठाएं। मक्के की रोटी, सरसों का साग, लस्सी और छाछ का स्वाद ले सकते हैं।

THE PHOTON NEWS

09 www.thephotonnews.com
Thursday, 02 November 2023

## एक्स ने बर्बाद कर दिया एलन मस्क को, आधी रह गई कंपनी की वैल्यू

नई दिल्ली । दुनिया के सबसे बड़े रईस एलन मस्क को एक्स ने बर्बाद कर दिया है। बताया जा रहा है कि मस्क ने माइक्रोब्लॉगिंग साइट ट्विटर यानी एक्स को पिछले साल 44 अरब डॉलर की भारीभरकरम रकम देकर खरीदा था। लेकिन अब इसकी कीमत आधी रह गई है। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के मुताबिक कर्मचारियों को जो रेस्ट्रिक्टेड स्टॉक यूनिट्स दिए गए हैं, उनके मुताबिक कंपनी की वैल्यू 19 अरब डॉलर रह गई है। यानी कंपनी का शेयर अब केवल 45 डॉलर का रह गया है। मस्क के मालिक बनने के बाद कंपनी के अधिकांश कर्मचारी निकाले जा चुके हैं या वे खुद ही छोड़कर चले गए हैं। मस्क ने इसका नाम बदलकर एक्स दिया है और कंटेंट रूल्स में भी बदलाव किए हैं। लेकिन इस दौरान कंपनी का एडवरटाइजिंस रेवेन्यू आधे से भी कम रह गया है। मस्क के मालिक बनने के बाद एक्स को वित्तीय मोर्चे पर काफी संघर्ष करना पड़ रहा है। जब उन्होंने ट्विटर को



खरीदा था तो डेट और इक्विटी के आधार पर इसकी वैल्यू 44 अरब डॉलर आंकी गई थी। कंपनी की कमान मस्क के हाथ में आने के बाद से उसकी सेल्स में 60 फीसदी की गिरावट आई है। कंपनी को हर साल कर्ज के ब्याज के रूप में 1.2 अरब डॉलर चुकाने पड़ रहे हैं। मस्क की योजना कपनी को एडवरटाइजिंग से पेड सब्सक्रिप्शन की तरफ ले जाने की है। लेकिन अब तक केवल एक परसेंट यूजर्स ने ही मंथली प्रीमियम सर्विस के लिए साइन किया है। इससे कंपनी को सालाना 12 करोड़ डॉलर की ही कमाई होगी। इस बीच मस्क को सोमवार को 7.14 अरब डॉलर यानी 5,94,34,43,10,000 रुपये की चपत लगी है। अमेरिकी शेयर बाजार में तेजी के बावजूद मस्क की इलेक्ट्रिक कार कंपनी टेस्ला के शेयरों मे सोमवार को भारी गिरावट देखने को मिली। कंपनी का शेयर 4.79 प्र??तिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। इससे कंपनी का मार्केट कैप 627.39 अरब डॉलर रह गया है।

## मणिपुर में मोबाइल इंटरनेट प्रतिबंध 5 नवंबर तक बढ़ा दिया गया

इंफाल। मणिपुर सरकार ने असामाजिक तत्वों द्वारा हानिकारक संदेशों, फ़ोटो और वीडियो के प्रसार को रोकने के लिए मोबाइल इंटरनेट प्रतिबंध को अगले पांच दिनों के लिए 5 नवंबर तक बढ़ा दिया। मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने हाल ही में संकेत दिया था कि सरकार अगले कुछ दिनों के भीतर प्रतिबंध वापस लेने पर विचार करेगी, जिसके बाद राज्य ने एक सप्ताह से भी कम समय में मोबाइल इंटरनेट प्रतिबंध को दो बार बढ़ाया। गृह विभाग की एक अधिसूचना में कहा गया कि प्रतिबंध को इस आशंका के बाद बढ़ाया गया था कि कुछ असामाजिक तत्व जनता की भावनाएं भड़काने वाली तस्वीरें, नफरत भरे भाषण और नफरत भरे वीडियो प्रसारित करने के लिए बड़े पैमाने पर सोशल मीडिया का इस्तेमाल कर सकते हैं, जिसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं। मणिपुर के पुलिस महानिदेशक ने 30 अक्टूबर को बताया कि अभी भी केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती, सार्वजनिक सम्मेलनों, विभिन्न स्थानीय क्लबों और ब्लॉक स्तरों पर बैठकों, निर्वाचित सदस्यों के आवासों पर हमले के प्रयासों, सीएसओ नेताओं के खिलाफ सार्वजनिक विरोध प्रदर्शन की खबरें हैं। ऐसी आशंका है कि कुछ असामाजिक तत्व जनता की भावनाएं भड़काने वाली तस्वीरें, नफरत भरे भाषण और नफरत भरे वीडियो संदेश प्रसारित करने के लिए बड़े पैमाने पर सोशल मीडिया का इस्तेमाल कर सकते हैं, जिसका मणिपुर राज्य में कानून और व्यवस्था की स्थिति पर गंभीर असर हो सकता है। अधिसूचना में यह भी कहा गया है कि भड़काऊ सामग्री और झूठी अफवाहों के परिणामस्वरूप जीवन की हानि या सार्वजनिक/निजी संपत्ति को नुकसान पहुंचने और सार्वजनिक शांति और सांप्रदायिक सद्भाव में व्यापक गड़बड़ी का आसन्न खतरा है, जिसे प्रसारित/प्रसारित किया जा सकता है।

## दिल्ली की वायु गुणवत्ता लगातार पांचवें दिन 'बहुत खराब' श्रेणी में, न्यूनतम तापमान 16.4 डिग्री सेल्सियस

नई दिल्ली। दिल्ली की वायु गुणवत्ता बुधवार को लगातार पांचवें दिन बहुत खराब श्रेणी में रही जिसमें वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 372 दर्ज किया गया। राष्ट्रीय राजधानी में न्यूनतम तापमान 16.4 डिग्री सेल्सियस रहा। शहर में सापेक्षिक आद्रर्ता सुबह साढ़े आठ बजे 85 प्रतिशत दर्ज की गई। मौसम विभाग ने दिन में आसमान साफ रहने का पूर्वानुमान जताया है। दिल्ली के विभिन्न इलाकों जैसे आनंद विहार, बवाना और रोहिणी में एक्यूआई 'गंभीर' श्रेणी में पहुंच गया। एक्यूआई शून्य से 50 के बीच 'अच्छा', 51 से 100 के बीच 'संतोषजनक', 101 से 200 के बीच 'मध्यम', 201 से 300 के बीच 'खराब', 301 से 400 के बीच 'बहुत खराब' और 401 से 500 के बीच 'गंभीर' माना जाता है।

## तेदेपा प्रमुख चंद्रबाबू नायडू जमानत पर रिहा होने के बाद घर पहुंचे



अमरावती। तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू कौशल विकास निगम घोटाला मामले में जमानत पर रिहा होने के बाद बुधवार तड़के यहां उंदावल्ली स्थित अपने घर पहुंचे। आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री राजामहेंद्रवरम जेल से 13 घंटे की लंबी यात्रा के बाद सुबह लगभग छह बजे अपने घर पहुंचे, जहां परिवार के सदस्यों और पार्टी समर्थकों ने उनका स्वागत किया। तेदेपा प्रमुख ने बाद में पत्नी एन भुवनेश्वरी और रिश्तेदारों के साथ प्रार्थना में भाग लिया। आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय ने मंगलवार को स्वास्थ्य आधार पर नायडू को चार सप्ताह की अवधि के लिए अंतरिम जमानत दी थी। नायडू का काफिला मंगलवार शाम करीब पांच बजे पूर्वी गोदावरी जिले के राजामहेंद्रवरम से निकला। गुंटूर जिले के उंदावल्ली के रास्ते में उनके सैकड़ों समर्थक सड़क के किनारे इक्ट्ठा हुये थे। बड़ी संख्या में समर्थकों के जुटे होने के कारण उनकी यात्रा के शुरुआती मार्ग में लगभग पांच किलोमीटर तक जाम रहा। तेदेपा के कई नेता भी उनके काफिले के साथ रहे।

## भारत में सड़क दुर्घटनाओं में 12प्र. की वृद्धि, दिल्ली, बेंगलुरु में सबसे अधिक मौतें दर्ज की गईं

नई दिल्ली। 2022 में भारत में सड़क दुर्घटना में होने वाली मौतों (9.4 प्रतिशत) और चोटों (15.3 प्रतिशत) में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई, देश भर में सड़क दुर्घटनाओं में 11.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इसी अवधि के दौरान, दिल्ली के बाद बेंगलुरु में सड़क दुर्घटना में होने वाली मौतों की दूसरी सबसे अधिक संख्या दर्ज की गई, जबकि तमिलनाडु में राष्ट्रीय राजमार्गों पर सबसे अधिक सड़क दुर्घटनाएं दर्ज की गईं। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (स्ल्त्रञ्ज॥) की हालिया रिपोर्ट के अनुसार, 2022 में बेंगलुरु की संकरी सड़कों पर 3,822 दुर्घटनाओं में 772 लोगों की जान चली गई, जबकि 2021 में 654 सड़क दुर्घटनाओं में मौतें हुईं। इसके अलावा, 3,189 बेंगलुरुवासी घायल हुए हैं। शहर की सड़कें, जो आमतौर पर अपनी ख़राब हालत के लिए सुर्खियाँ बनती हैं। इस बीच, चेन्नई में मृत्यु दर में उल्लेखनीय 49 प्रतिशत की कमी देखी गई, 2021 में 998 की तुलना में 2022 में 507 सड़क मौतें हुईं। हालांकि, तमिलनाडु में 2022 में राष्ट्रीय राजमार्गों पर सबसे अधिक सड़क दुर्घटनाएं दर्ज की गईं, जिसमें कुल 64,105 मामले थे। पूरे भारत में, 2022 में कुल 4,61,312 सड़क दुर्घटनाएँ हुईं, जिनमें 1,68,491 मौतें हुईं और 4,43,366 घायल हुए। रिपोर्ट में इन दुर्घटनाओं का प्राथमिक कारण तेज़ गति बताया गया है और इसमें नशे में गाड़ी चलाने और यातायात नियमों के उल्लंघन को भी योगदान कारक बताया गया है।

# भारत बंगलादेश के प्रधानमंत्रियों ने किया विकास परियोजनाओं का लोकार्पण




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और बंगलादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने बुधवार को भारत की सहायता से तैयार तीन विकास परियोजनाओं-अखौरा-अगरतला सीमा पार रेल सम्पर्क, खुलना-मंगला बंदरगाह रेल लाइन और मैत्री सुपर ताप विद्युत संयंत्र की दूसरी इकाई का संयुक्त रूप से लोकार्पण किया। दोनों नेताओं ने आज पूर्वाह्न 11 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इन तीन परियोजनाओं का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। ये परियोजनाएं क्षेत्र में कनेक्टिविटी और ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करेंगी।

अखौरा-अगरतला सीमा पार रेल सम्पर्क परियोजना भारत सरकार द्वारा बंगलादेश को दी गई 392.52 करोड़ रुपये की अनुदान सहायता के तहत तैयार की गई है। बंगलादेश में 6.78 किलोमीटर लंबी दोहरी गेज रेल लाइन और त्रिपुरा में 5.46 किलोमीटर लंबी रेल लाइन के साथ रेल सम्पर्क की कुल लंबाई 12.24 किलोमीटर है। खुलना-मंगला बंदरगाह रेल लाइन परियोजना भारत सरकार की रियायती ऋण सुविधा के तहत 38.892 करोड़ अमेरिकी डॉलर की लागत से तैयार की गई है। इस परियोजना में मंगला बंदरगाह और खुलना में मौजूदा रेल नेटवर्क के बीच लगभग 65 किलोमीटर ब्रॉडगेज रेल मार्ग का निर्माण शामिल है। इसके साथ ही बंगलादेश का दूसरा सबसे बड़ा बंदरगाह, मंगला, ब्रॉडगेज रेलवे नेटवर्क से जुड़ गया है।

इसी तरह से 1.6 अरब अमरीकी डालर के भारतीय रियायती वित्तपोषण योजना ऋण के अंतर्गत मैत्री सुपर ताप विद्युत परियोजना, बंगलादेश के खुलना डिवीजन के रामपाल स्थित 1320 मेगावाट (2गुणा660) का सुपर ताप विद्युत संयंत्र (एमएसटीपीपी) लगाया गया है। यह परियोजना बंगलादेश-भारत मैत्री पावर कंपनी (प्राइवेट) लिमिटेड (बीआईएफपीसीएल) द्वारा कार्यान्वित की गई है, जो भारत की एनटीपीसी लिमिटेड और बंगलादेश विद्युत विकास बोर्ड (बीपीडीबी) के बीच 50-50 की संयुक्त उद्यम कंपनी है। मैत्री सुपर ताप विद्युत संयंत्र की इकाई-1 का सितम्बर 2022 में दोनों प्रधानमंत्रियों द्वारा संयुक्त रूप से अनावरण किया गया था और इकाई-2 का उद्घाटन आज किया गया। मैत्री सुपर थर्मल बिजली संयंत्र के संचालन से बंगलादेश में ऊर्जा सुरक्षा बढ़ेगी।

## सीएम शिंदे ने कहा, सभी दल मराठा आरक्षण के पक्ष में, सरकार को समय दें

मुंबई। महाराष्ट्र के सभी दलों ने मराठा समुदाय को आरक्षण देने पर सहमति व्यक्त की है. सीएम एकनाथ शिंदे की अध्यक्षता में मुंबई में हुई बैठक में सभी दलों ने मराठाओं को आरक्षण देने पर सहमति व्यक्त की। बैठक के बाद सीएम ने कहा कि कानूनी प्रक्रिया के लिए सरकार को समय दें. इसके बाद सीएम ने मराठा आरक्षण को लेकर हो रहे आंदोलन को खत्म करने की अपील की. बता दें कि सीएम शिंदे ने मराठा आरक्षण को लेकर एक सर्वदलीय बैठक बुलाई थी. बुधवार सुबह 10 बजे हुई इस बैठक में शरद पवार समेत 32 दलों के नेताओं ने शिरकत की. बैठक के बाद सीएम शिंदे मीडिया से मुखातिब हुए और मराठा समुदाय से इस आंदोलन को खत्म करने की अपील की. मीडिया के सामने सीएम ने कहा कि हमारी ईमानदारी पर भरोसा रखें. यह आंदोलन एक नई दिशा में जा रहा है, आम जनता असुरक्षित महसूस कर रही है, इसलिए सहयोग करें. कानून एवं व्यवस्था बनाए रखें. हम आरक्षण देने के लिए प्रतिबद्ध हैं. कोई भी हिंसा न करे, हमें थोड़ा वक्त दें, हम आपको स्थायी आरक्षण देंगे. सीएम शिंदे ने आगे कहा कि सर्वदलीय बैठक में सभी नेताओं ने मराठाओं को आरक्षण देने के मुद्दे पर सहमति व्यक्त की है. हालांकि सभी ने यह निर्णय लिया है कि आरक्षण कानून के दायरे और अन्य समुदाय के साथ अन्याय किए बिना लागू किया जाएगा. सीएम ने मराठा आंदोलन के अगुवा मनोज जरांगे से भूख हड़ताल को खत्म करने की अपील की.

# राजस्थान में बोले सीएम योगी, कांग्रेस तालिबानी सोच की सरकार

### –पवन खेड़ा ने किया पलटवार



**अलवर (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इजराइल-गाजा युद्ध और राजस्थान में कांग्रेस बनाम भाजपा की लड़ाई के बीच समानताएं बताईं। राजस्थान के अलवर में एक रैली को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा, 'क्या आप देख रहे हैं, गाजा में तालिबानी मानसिकता को कैसे कुचला जा रहा है? लक्ष्य पर निशाना लगाना और सटीकता से उसे कुचलना।' उन्होंने आगे कहा कि तालिबान का समाधान बजरंग बली की गदा है। राजस्थान कांग्रेस पर हमला बोलते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अराजकता, गुंडागर्दी और आतंकवाद समाज के लिए अभिशाप है। जब इनमें राजनीति शामिल हो जाती है तो इसका असर सभ्य समाज पर पड़ता है।

कांग्रेस पर हमला बोलते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरदार पटेल ने कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाया, लेकिन कांग्रेस नेता जवाहरलाल नेहरू ने यहां भी समस्याएं पैदा कीं, जिससे आतंकवाद फैल गया। इसके बाद जब बीजेपी की सरकार आई तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने कश्मीर को समस्या मुक्त बनाया। वहां से आतंकवाद को खत्म करने के लिए कदम उठाए गए। उन्होंने राज्य में महिलाओं के खिलाफ अपराध के बढ़ते मामलों पर भी राजस्थान सरकार की आलोचना की। उन्होंने आरोप लगाया कि याद रखें अगर कांग्रेस सफल रही तो तालिबानी मानसिकता के कारण बहनों और बेटियों का शोषण किया जाएगा।

योगी ने कहा कि देश जिन समस्याओं का समाधान एक एक कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज कर रहा है वे सभी समस्याएं कांग्रेस की देन हैं। उन्होंने कहा कि समस्या का समाधान करने का नाम ही 'डबल इंजन' की सरकार है। उन्होंने कहा, जहां जहां भारतीय जनता पार्टी की 'डबल इंजन' की सरकार है वहां सुरक्षा, समृद्धि और विकास है तथा वहां बिना भेदभाव के शासन की योजनाओं का लाभ समाज के हर तबके को उपलब्ध कराने का कार्य किया जा रहा है। योगी पर पलटवार करते हुए पवन खेड़ा ने कहा कि मैं किसी को भी अपने राज्य का माहौल खराब करने की इजाजत नहीं दूंगा। उत्तर प्रदेश में कल गुंडों ने पुलिस कर्मियों की पिटाई कर दी। कृपया अपना राज्य संभालें...वे अपना राज्य नहीं संभाल सकते और यहां आ जाते हैं।

## एप्पल मामले पर मोइत्रा का बिरला को पत्र: सदस्यों को संरक्षण दिया जाए

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा ने कई विपक्षी नेताओं द्वारा उनके आईफोन में 'सरकार प्रायोजित सेंधमारी' के प्रयास का दावा किए जाने का हवाला देते हुए बुधवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर आग्रह किया कि वह सदन के सदस्यों को संरक्षण प्रदान करें, ताकि वे अपने कर्तव्य का निर्वहन करना जारी रख सकें। उन्होंने कहा कि यह 'सरकार द्वारा गैरकानूनी निगरानी' है जो संविधान द्वारा दिए गए मौलिक अधिकारों पर सबसे बुरा हमला है। विपक्ष के कई नेताओं ने मंगलवार को दावा किया था कि उन्हें उनके आईफोन में 'सरकार प्रायोजित सेंधमारी के प्रयास' के बारे में एप्पल से चेतावनी संदेश मिला है तथा इस कथित हैकिंग के प्रयास के लिए सरकार जिम्मेदार है। केंद्रीय सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने विपक्ष के आरोपों को खारिज किया था और कहा था कि सरकार इसकी गहन जांच कराएगी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पार्टी नेता केसी वेणुगोपाल, शशि थरूर, पवन खेड़ा, सुप्रिया श्रीनेत एवं टी एस सिंहदेव, शिवसेना (यूबीटी) की सांसद प्रियंका चतुर्वेदी, तृणमूल कांग्रेस की महुआ मोइत्रा, आम आदमी पार्टी (आप) के राघव चड्ढा, माकपा महासचिव सीताराम येचुरी, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव और आल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के असदुद्दीन ओवैसी को भी इसी तरह का संदेश मिला। बिरला को लिखे पत्र में मोइत्रा ने कहा, 'विपक्षी नेताओं को एक संदेश मिला है कि उन्हें सरकार प्रायोजित सेंधमारों द्वारा निशाना बनाया जा रहा है जो उपकरणों के साथ दूर से छेड़छाड़ करने और उनके डेटा, संचार तथा यहां तक कि कैमरा और माइक्रोफोन तक पहुंच बनाने का प्रयास कर रहे हैं।' तृणमूल कांग्रेस की सांसद ने कहा, 'उस पेगासस सॉफ़्टवेयर (केवल सरकारों को बेचा गया) के मामले के मद्देनजर यह खतरा दोगुना चौंकाने वाला है जिसका उपयोग 2019-2021 के दौरान विपक्ष के विभिन्न सदस्यों, असंतुष्ट पत्रकारों और सामाजिक संगठनों के सदस्यों के उपकरणों से छेड़छाड़ करने के लिए किया गया था।'

## अरविंद केजरीवाल का बड़ा दिवाली गिफ्ट, एमसीडी के 5000 सफाई कर्मचारी होंगे स्थायी

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने घोषणा की है कि दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के 5000 संविदा कर्मचारियों को स्थायी पदों की पेशकश की जाएगी। सीएम केजरीवाल ने कहा कि इन 5000 का कई तरह से शोषण किया गया। अपने फैसले की घोषणा करते हुए दिल्ली सीएम ने कहा कि यह आम आदमी पार्टी की प्रतिबद्धता है कि हम कच्चे कर्मचारियों की इस व्यवस्था को खत्म करेंगे। जब नगर निगम में बीजेपी की सरकार थी तो बहुत भ्रष्टाचार था। अब सब कुछ खत्म हो गया है। उन्होंने दावा किया कि कर्मचारियों को समय पर वेतन मिलना शुरू हो गया है। दिवाली के मौके पर यह बड़ी घोषणा है। अपने बयान में केजरीवाल ने कहा कि कल नगर निगम की सदन में बैठक हुई जिसमें प्रस्ताव पारित कर



कहा गया है कि निगम के लगभग 5,000 सफाई कर्मचारियों को पक्का (स्थायी) किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारियों का शोषण किया जाता रहा है। 15 साल से निगम में भाजपा की सरकार थी और उन्होंने सफाई कर्मचारियों का शोषण किया। उन्होंने कहा कि दिवाली के मौके पर यह बहुत बड़ी घोषणा है, दिवाली– छठ पूजा सभी के लिए शुभ हो। उन्होंने कहा कि जनवरी में सरकार बनने के बाद अब तक 6494 सफ़ाई कर्मचारियों को पक्का किया जा चुका है। संबोधन में केजरीवाल ने कहा कि भाजपा के 15 साल में सिर्फ़ 2 ही तरह की खबरें आती थी –भ्रष्टाचार और कर्मचारियों को कई महीनों से वेतन नहीं मिली। एमसीडी में 'आप' सरकार बनने के बाद समय पर सैलरी मिलती है और सफ़ाई कर्मचारियों को पक्का किया जा रहा है।

## राघव चड्ढा का दावा, पहले केजरीवाल की होगी गिरफ्तारी, फिर ममता-स्टालिन सहित अन्य मुख्यमंत्रियों के पीछे पड़ेंगी एजेंसियां

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की प्रवर्तन निदेशालय के समक्ष पेशी से एक दिन पहले, आम आदमी पार्टी नेता और राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने दावा किया कि भाजपा सरकार ने 2024 के लोकसभा चुनाव में छूट पाने के लिए विपक्ष शासित राज्यों के सभी मुख्यमंत्रियों को जेल में डालने की योजना तैयार की है। एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए चड्ढा ने कहा कि केंद्रीय एजेंसियां पहले अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करेंगी और फिर ममता बनर्जी और एमके स्टालिन सहित अन्य मुख्यमंत्रियों के पीछे जाएंगी।




आप नेता ने कहा कि झारखंड में जब से हेमंत सोरेन मुख्यमंत्री बने हैं, तब से उनकी लोकप्रियता इतनी बढ़ गई है। इसके साथ ही वे अगली गिरफ्तारी हेमंत सोरेन की करेंगे। अगली गिरफ्तारी राजद नेता तेजस्वी यादव की हो सकती है, ताकि राजद बिहार में चुनाव लड़ने में सक्षम न रह जाए। इसके बाद बीजेपी एजेंसियों की अगली एंट्री जिस राज्य में होगी वो है पश्चिम बंगाल। उन्होंने कहा कि केंद्रीय एजेंसियों द्वारा दर्ज किए गए सभी मामलों में से 95 फीसदी मामले बीजेपी के राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ हैं। उन्होंने मनीष सिसौदिया, राहुल गांधी और फारूक अब्दुल्ला समेत सभी बड़े नेताओं के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं।

चड्ढा ने कहा कि इंडिया गठबंधन के सामने आने के बाद बीजेपी को समझ आ गया कि वे इस संयुक्त मोर्चे के खिलाफ जीत नहीं पाएंगे। उन्होंने कहा, 'इस प्रकार भाजपा ने इंडिया गठबंधन के सभी राजनीतिक दलों के शीर्ष नेताओं को गिरफ्तार करने की योजना तैयार की। जब शीर्ष नेता जेल में होंगे, तो वे चुनाव नहीं लड़ पाएंगे क्योंकि वे अदालती मामलों में व्यस्त होंगे।' राज्यसभा सांसद ने आगे आरोप लगाया कि भाजपा ने राष्ट्रीय राजधानी की सभी सात संसदीय सीटें जीतने के लिए अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करने की योजना बनाई है। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा केरल, तमिलनाडु, तेलंगाना और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्रियों और शीर्ष विपक्षी नेताओं के पीछे जाकर उन्हें गिरफ्तार करेगी। चड्ढा ने कहा कि भाजपा राज्य और संसदीय चुनावों में खुली छूट चाहती है और दावा किया कि भाजपा राज्य में एक पार्टी का एकाधिकार चाहती है।

### 'कमल' छोड़ 'झाड़ू' थामने वाले भागीरथी नाम वापस लेकर भाजपा में आए

गरियाबंद। भाजपा से बागी होकर 'आप' पार्टी की ओर से नामांकन दाखिल करने वाले भागीरथी मांझी ने नाम वापसी के पहले ही दिन अपना नाम वापस ले लिया. इस घटनाक्रम से जहां आप पार्टी में हड़कंप मच गया है, वहीं मांझी ने कहा कि मैने बहकावे में आकर आप को ज्वाइन किया था, मेरी निष्ठा हमेशा भाजपा के साथ है. बिंद्रा नवागढ़ के सियासत में अब फिर से नया मोड़ आ गया. भागीरथी मांझी आज सुबह निर्वाचन कार्यालय पहुंचकर अपना नाम वापस ले लिया. रिटर्निंग अफसर अर्पिता पाठक ने इसकी पुष्टि भी किया है. नामांकन वापसी के बाद मांझी ने कहा कि वे किसी पार्टी के पास टिकट मांगने नहीं गए थे. भाजपा में टिकट के दावेदार था, नहीं मिलने का दु ख था.

# लद्दाख में आध्यात्मिक और प्राकृतिक पर्यटन के विकास की अनंत संभावनाएं : मुर्मु

**लद्दाख/नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि लद्दाख में आध्यात्मिक, रोमांचकारी एवं साहसिक और प्राकृतिक पर्यटन के विकास की अनंत संभावनाएं हैं। राष्ट्रपति ने बुधवार को लद्दाख में उनके नागरिक अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि लद्दाख के लोगों के लिए पूरे देश में विशेष स्थान है। उन्होंने कहा, ''सभी देशवासियों के दिल में आप सब के लिए विशेष स्नेह और आदर का भाव है। वे जानते हैं कि शूरवीरों की भूमि लद्दाख के सामान्य नागरिकों ने भी सैनिकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर देश की रक्षा में सदैव अपना योगदान दिया है।'

उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के लोग वीरता और बुद्ध में आस्था दोनों के लिए जाने जाते हैं। कारगिल के सूफी संतों और महापुरूषों ने भी भारत की आध्यात्मिक परंपरा को मजबूत बनाया है। सिंधु नदी सभी देशवासियों की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना में विद्यमान है। इसे ध्यान में रखते हुए वर्ष 1997 के बाद से यहां हर वर्ष सिंधु दर्शन उत्सव मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि यहां की सभी नदियों और ग्लेसियर से उपलब्ध जल संसाधनों का संरक्षण और उनका समुचित उपयोग बहुत महत्वपूर्ण है। जल संसाधनों के संरक्षण के क्षेत्र में कार्य करने के लिए प्रसिद्ध छेवांग नोरफेल की उन्होंने विशेष रूप से सराहना की।

उन्होंने कहा कि लद्दाख में आध्यात्मिक, साहसिक एवं रोमांचकारी तथा प्राकृतिक पर्यटन के विकास की अतंत संभावनाएं हैं। कारगिल, सुरू, नुबरा, लेह, जंस्कर और द्रास सहित सभी क्षेत्र इतने सुंदर हैं कि उनका वर्णन करने के लिए विशेष प्रतिभा होनी चाहिए। पद्मश्री से सम्मानित चेवांग मोटुप गोबा का उल्लेख करते हुए श्रीमती मुर्मु ने कहा कि उन्होंने लद्दाख में साहसिक पर्यटन के विकास को नई ऊर्जा दी है। पर्यावरण संरक्षण के उनके कार्य से भी बहुत लोगों को प्रेरणा मिली है। उन्होंने कहा कि लद्दाख में स्वास्थ्य पर्यटन के विकास की भी प्रचुर संभावना है। सोवा-रिगपा यानी आमची चिकित्सा पद्धति के प्रति लोगों में अच्छा रूझान दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों के साथ साथ ऐसी प्राचीन परन्तु वैज्ञानिक चिकित्सा प्रणालियों को प्रोत्साहित करना समग्र स्वास्थ्य तंत्र के लिए लाभप्रद सिद्ध होगा।



THE PHOTON NEWS
10
www.thephotonnews.com
Thursday, 02 November 2023

## अरब लीग, मिस्र व जॉर्डन ने की गाजा शरणार्थी शिविर पर हमले की निंदा

काहिरा। अरब लीग, मिस्र व जॉर्डन ने इजरायल द्वारा गाजा शरणार्थी शिविर पर हमले की निंदा की है। मिली जानकारी के अनुसार अरब लीग (एएल) के महासचिव अहमद अबुल-घेत ने उत्तरी गाजा पट्टी में जबालिया शरणार्थी शिविर पर घातक इजरायली हवाई हमले की कड़ी निंदा की है। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार मंगलवार को एक बयान में एएल प्रमुख ने कहा कि यह गाजा में भयंकर अपराध है और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को अब चुप नहीं रहना चाहिए। इस बीच, मिस्र के विदेश मंत्रालय ने भी एक बयान में कहा कि हमला अंतरराष्ट्रीय कानूनों का घोर उल्लंघन है। जॉर्डन के विदेश मंत्रालय ने भी हमले की निंदा करते हुए कहा कि जॉर्डन ने खतरनाक घटनाक्रम के लिए इजरायल को जिम्मेदार ठहराया है। वेस्ट बैंक में इजरायल द्वारा लगातार बढ़ाए जा रहे तनाव और फिलिस्तीनी नागरिकों पर इजरायली निवासियों के बढ़ते हमलों की भी निंदा की। इसने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से अपनी जिम्मेदारी मानने, चल रहे संघर्ष को रोकने और फिलिस्तीनियों को अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा प्रदान करने का भी आह्वान किया। यहां गौरतलब है कि इजरायली युद्धक विमानों ने मंगलवार को घनी आबादी वाले जबालिया शरणार्थी शिविर पर हमला किया था। हमले के बाद, गाजा स्थित स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इस हमले में 50 से ज्यादा लोग मारे गए, जबकि लगभग 150 अन्य घायल हो गए। हमले से दर्जनों अन्य लोग मलबे के नीचे दब गए।

## आत्मघाती हमले की धमकी देने वाली महिला को पुलिस ने गोली से उड़ाया

पेरिस। पेरिस पुलिस ने एक महिला को ट्रेन में गोली मार दी। एक-दो नहीं बल्कि 8 गोलियां दाग दीं। गनीमत रही महिला की मौत नहीं हुई लेकिन गंभीर रूप से घायल हो गई है। उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। माना जा रहा है कि महिला आत्मघाती हमले की धमकी दे रही थी, इससे गुस्से पुलिस के जवानों ने उस पर गोलियां दाग दीं। पेरिस अभियोजक कार्यालय ने बताया कि महिला पर दो पुलिस अधिकारियों ने मिलकर आठ गोलियां चलाईं जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। इसने कहा कि महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। महिला पर आतंकवाद का समर्थन करने और पुलिस को धमकी देने के आरोपों में मामला दर्ज किया गया है। अभियोजक कार्यालय के अनुसार, महिला ने अबाया पहन रखा था। अबाया मुख्य रूप से मुस्लिमों द्वारा पहना जाता है। फ्रांस में सुरक्षा संबंधी यह नवीनतम घटना है जहां 13 अक्टूबर को एक स्कूल में एक इस्लामी चरमपंथी द्वारा चाकूबाजी किए जाने के बाद आतंकवाद के खिलाफ अलर्ट जारी है।

## इजरायल के हमलों से बच्चों की मौत पर यूनिसेफ ने जताई चिंता



जिनेवा। इजरायल के हमलों से बच्चों की मौत पर संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) ने चिंता जताई है। यूनिसेफ ने गाजा पट्टी में इजरायल की तरफ से लगातार जारी बमबारी में बच्चों की मौत की बढ़ती संख्या को दुखदायी बताया है। यूनिसेफ के प्रवक्ता जेम्स एल्डर ने स्विस शहर जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र की प्रेस वार्ता में कहा कि गाजा में बच्चे न केवल हवाई हमलों के कारण मर रहे हैं, बल्कि मेडिकल सुविधाओं की कमी के कारण भी मर रहे हैं। प्रवक्ता ने अफसोस जताया कि बच्चों की मौत का आंकड़ा 3,450 से अधिक हो गया है। एल्डर ने चेतावनी देते हुए कहा कि आश्चर्यजनक रूप से यह संख्या हर दिन काफी बढ़ रही है। अब तो गाजा बच्चों का कब्रिस्तान बन गया है। वहीं जिंदा बचे लोगों के लिए एक नरक बन गया है। आंकड़े बताते हैं कि पिछले 4 वर्षों में वैश्विक संघर्षों में वार्षिक कुल संख्या की तुलना में गाजा में तीन सप्ताह में अधिक बच्चे मारे गए हैं। यूनिसेफ प्रवक्ता ने गाजा में पानी और अन्य खतरों को रेखांकित करते हुए कहा कि बच्चों के लिए खतरा बमों से भी ज्यादा है। उन्होंने चेतावनी दी कि गाजा में 1 मिलियन से अधिक बच्चों को गंभीर जल संकट का सामना करना पड़ा, क्योंकि गाजा का दैनिक जल उत्पादन इसकी उत्पादन क्षमता का महज 5 प्रतिशत है। इसके चलते डीहाइड्रेशन और प्यास के कारण भी बच्चों की मौत हो रही है। गौरतलब है कि इजरायल और हमास के बीच जारी युद्ध को 25 दिन हो चुके हैं। गाजा पट्टी में लगातार हो रहे हमलों में अब तक लगभग 3,500 बच्चों सहित 8,500 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। वहीं 21,000 से अधिक फिलिस्तीनी घायल हुए हैं। गाजा में अधिकारियों का कहना है कि हमलों में नष्ट हुई इमारतों के मलबे के नीचे 1,000 से अधिक लोग अभी भी लापता हैं।

## हमास की कसाम ब्रिगेड को बताया जा रहा है दुनिया की सबसे हाइटेक आर्मी

गाजा। इजरायल और हमास की जंग में दुनिया की सबसे हाइटेक आर्मी कसाम ब्रिगेड से इजरायल की सेना मुकाबला कर रही है। हालांकि युद्ध को तीन हफ्ते से ज्यादा हो गए हैं। 7 अक्टूबर को इजरायल में हमास के हमले के बाद से गाजा में लगातार ये संघर्ष चल रहा है। इजरायल में हमले करने के पीछे हमास की अलग-अलग शाखाओं का नाम सामने आया है। इसमें एक प्रमुख नाम कसाम ब्रिगेड है। ये हमास की मिलिट्री विंग है। 1992 में बनी इस विंग का काम ही इजरायल से सशस्त्र लड़ाई लड़ना है। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की ओर से जब सैनिक हमास और उसकी सभी विंग को खत्म करने की कसम खाई गई तो इसका जवाब कसाम ब्रिगेड की ओर से आया। कसाम प्रवक्ता अबू आबदेह ने कहा कि जमीनी आक्रमण हमें डराता नहीं है। हम इजरायल को जवाब देने के लिए तैयार हैं। कसाम की ओर से इस प्रतिक्रिया के बाद सवाल उठ रहा है कि इजरायल से लड़ने का दम भर रही हमास की ये विंग बहुत खतरनाक है। विश्लेषकों का कहना है कि जमीनी लड़ाई में कसाम के लड़ाके सुरंगों के नेटवर्क का इस्तेमाल करके इजरायली सैनिकों के लिए परेशानी खड़ी कर सकते हैं। जानकार बताते हैं कि हरकत अल-मुकावामा अल-इस्लामिया यानी हमास का गठन शेख अहमद यासीन ने 1987 में मिस्र के मुस्लिम ब्रदरहुड की एक शाखा के तौर पर किया था। हमास के गठन के कुछ साल में ही इसकी लोकप्रियता फिलिस्तीन में हो गई। इसके बाद इसकी एक आर्मी विंग बनाने का फैसला लिया गया। हमास ने फिलिस्तीन पर इजरायली कब्जे के खिलाफ सशस्त्र लड़ाई लड़ने के लिए 1992 में अपनी सैन्य इकाई कसाम ब्रिगेड की स्थापना की। जिसका नाम सीरियाई स्वतंत्रता सेनानी एजेदीन अल-कसम से लिया गया। कसाम ब्रिगेड को गाजा के सबसे बड़े और सबसे सुसंगठित सशस्त्र समूह के तौर पर जाना जाता है। कसाम का सैन्य कमांडर मोहम्मद दीफ और डिप्टी कमांडर मारवान इस्सा है। कसाम ब्रिगेड अपने गठन के बाद से ही इजरायल के खिलाफ हमलों को अंजाम देता रहा है।

## थाई नागरिकों की रिहाई के लिए हमास से बात करेंगे अब्दुल्लाहियन

तेहरान। ईरान के विदेश मंत्री हुसैन अमीर अब्दुल्लाहियन ने कतर में थाईलैंड के विदेश मंत्री पारनप्री बहिद्धा-नुकारा से मुलाकात की और बंधक बनाए गए थाईलैंड के नागरिकों की रिहाई के लिए फिलिस्तीनी आंदोलन हमास के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा करने की बात कही। ईरानी मीडिया ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। गौरतलब है कि इस सप्ताह की शुरुआत में मीडिया रिपोर्ट में कहा गया था कि श्री पारनप्री गाजा पट्टी में हमास द्वारा बंधक बनाए गए थाईलैंड नागरिकों की रिहाई में मदद लेने के लिए कतर और मिस्र के अधिकारियों के साथ बातचीत करेंगे। न्यूज एजेंसी मेहर ने मंगलवार को अपनी रिपोर्ट में बताया कि बैठक के दौरान थाईलैंड के शीर्ष राजनयिक ने गाजा पट्टी में हाल के गठित हुयी घटना पर चिंता व्यक्त की और अपने ईरानी विदेश मंत्री से थाईलैंड के नागरिकों की रिहाई में सहायता करने के लिए कहा। इसके बाद श्री अमीर बदोल्लाहियन ने श्री पारनप्री के संदेश को हमास तक पहुंचाने का वादा किया। थाईलैंड के अधिकारियों के अनुसार हमास द्वारा बंधक बनाए गए विदेशियों में सबसे अधिक थाईलैंड के नागरिक हैं। हमास ने थाईलैंड के 22 नागरिकों को बंधक बनाया है। वहीं बंधकों की कुल संख्या 240 से अधिक हो गई है, जिनमें से ज्यादातर इजरायली हैं।

# पाकिस्तान से विदेशियों को निकालने के फैसले से मानवीय संकट उत्पन्न हो सकता है: मानवाधिकार संगठन

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान के जाने माने मानवाधिकार संगठनों ने बिना दस्तावेज वाले विदेशियों को निष्कासित करने के सरकार के फैसले पर चिंता प्रकट करते हुए मंगलवार को चेतावनी दी कि इससे 'मानवीय संकट' पैदा हो जाएगा। ऐसे लोगों में ज्यादातर अफगान नागरिक हैं।

इस माह के प्रांरभ में अंतिरम सरकार ने बिना दस्तावेज वाले सभी प्रवासियों को 31 अक्टूबर तक पाकिस्तान छोड़ देने अन्यथा जेल में डाल दिये जाने या देश से निकाल दिये जाने का जोखिम उठाने के लिए तैयार रहने का अल्टीमेटम दिया था। इस कदम की कई स्थानीय एवं अंतरराष्ट्रीय संगठनों एवं तालिबान के नेतृत्व वाली अफगान सरकार ने आलोचना की। पाकिस्तान मानवाधिकार आयोग की अध्यक्ष हीना जिलानी ने संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायुक्त फिलिप्पो ग्रांडी को पत्र भेजकर कहा है कि अफगानों को निष्कासित करने के पाकिस्तान के फैसले से मानवीय संकट पैदा हो सकता है। महिला की स्थिति को लेकर गठित राष्ट्रीय आयोग ने भी गृहमंत्री को पत्र लिखकर अफगानिस्तान की करीब 25 लाख विधवाओं को लेकर चिंता प्रकट की है जो आजीविका के लिए पाकिस्तान आ गयी थीं।



## पाकिस्तान से लाखों अफगान लोगों को निकाले जाने की कार्रवाई को रोके संयुक्त राष्ट्र: भारतीय समुदाय

अमेरिका में भारतीय समुदाय की एक संस्था ने अमेरिका, संयुक्त राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से पाकिस्तान से लाखों अफगान नागरिकों को निकाले जाने की कार्रवाई को रोकने और पाक सरकार के इस कदम की निंदा करने की अपील की है। संस्था ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से पाकिस्तान को दी जाने वाली वित्तीय सहायता रोकने का भी अनुरोध किया है। पाकिस्तान के फैसले की निंदा करते हुए 'फाउंडेशन फॉर इंडिया एंड इंडियन डायस्पोरा स्टडीज' (एफआईआईडीस) ने कहा कि यह अवैध है और अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन है। एफआईआईडीएस में नीति एवं रणनीति मामलों के प्रमुख खंडेराव कांड ने कहा, ''तालिबान के बर्बर शासन से डरकर पलायन करने वाले अफगान शरणार्थियों को सुनियोजित तरीके से जबरन निकालने की पाकिस्तान इस्लामिक गणराज्य की योजना न केवल अंतरराष्ट्रीय कानून के मुताबिक अवैध है, बल्कि इससे भीषण मानवीय संकट भी उत्पन्न हो सकता है।''

## अंतरिक्ष स्टेशन को सुरक्षित धरती पर गिराने पर हो रहा विचार

वॉशिंगटन। अमेरिका के अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन को सुरक्षित धरती पर गिराने के उपायों पर विचार-मंथन चला रहा है। यह एक ऐसा मिशन है जो देखने में जितना मुश्किल है, उससे कहीं अधिक पेचीदा है। यह खुलासा किया है अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने।

अंतरिक्ष एजेंसी नासा इस मामले को बेहद गंभीरता से ले रहा है, क्योंकि हल्की सी भी गलती हुई तो पृथ्वी पर तबाही आ सकती है। नासा के एयरोस्पेस के सुरक्षा सलाहकार पैनल ने बताया स्पेस स्टेशन को इस तरह से डीऑर्बिट करने की योजना बनाई गई है कि इससे जमीन पर कोई हताहत न हो। स्पेस स्टेशन को डीऑर्बिट करने की नई विधि को 'स्पेस टग' के नाम से जाना जा रहा है।

यह एक अंतरिक्ष यान है जिसका उपयोग अंतरिक्ष में मौजूद सामान को एक कक्षा से दूसरी कक्षा में स्थानांतरित करने के लिए किया जाता है। लेकिन एजेंसी के पास इस मिशन के लिए बजट की कमी है, उन्होंने अमेरिका की बाइडन सरकार से अपना अंतरिक्ष बजट बढ़ाने की मांग की है। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन का निर्माण 1980 के दशक के अंत में 15 वर्षों के लिए किया गया था। लेकिन आईएसएस अंतरिक्ष में अपनी उम्र पूरी कर चुका है और पिछले 24 वर्षों से कक्षा में कार्य कर रहा है। एयरोस्पेस के सुरक्षा सलाहकार ने अपनी ब्रीफिंग में बताया कि आईएसएस का जब आखिरी दिन आएगा तब इसे कंट्रोल करना आसान नहीं होगा। इसलिए, समय से पहले उसे डीऑर्बिट करने की प्लानिंग की जा रही है। नासा ने बताया कि वह 2030 तक आईएसएस को रिटायर करना चाहता है, लेकिन सुरक्षित रिटायरमेंट सुनिश्चित करने के लिए, आईएसएस को उसकी लैंडिंग के दौरान मार्गदर्शन करने के लिए सटीक गणना की आवश्यकता होगी। आईएसएस का विशाल आकार वैज्ञानिकों के लिए टेंशन का कारण बना हुआ है। यदि इसे सावधानी से नहीं हटाया गया तो यह पृथ्वी के एक बड़े हिस्से की आबादी को तबाह कर सकता।

# गाजा के सबसे बड़े शरणार्थी शिविर जबालिया पर इज़रायल ने बरसाए बम, हमले में 7 बंधक मारे गए

**गाजा (एजेंसी)।** हमास की सशस्त्र शाखा अल-कसम ब्रिगेड ने बुधवार को दावा किया कि मंगलवार को जबालिया शरणार्थी शिविर पर इजरायल के हवाई हमलों में 7 बंधकों की मौत हो गई, जिनमें तीन विदेशी पासपोर्ट वाले थे। हमास ने 7 अक्टूबर को लगभग 240 लोगों को बंधक बना लिया था, जब उसके आतंकवादियों ने इज़राइल के शहरों पर हमला किया और महिलाओं और बच्चों सहित 1400 लोगों की हत्या कर दी। समूह ने दो अमेरिकी नागरिकों सहित चार नागरिकों को रिहा कर दिया है। इजरायली सेना ने हमास की कैद से एक सैनिक को छुड़ा लिया है।

इजराइल ने बुधवार को दावा किया कि उसने हवाई हमले से हमास के एक कमांडर को मार गिराया. हालाँकि, हमास ने इस बात से इनकार किया है कि हमले में उसका कोई भी सैन्य नेता मारा गया है। फ़िलिस्तीन के अधिकारियों ने दावा किया कि हमले में 50 नागरिकों की मौत हो गई। इस बीच, इज़राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि गाजा पट्टी के अंदर जमीनी लड़ाई में दर्दनाक नुकसान के बावजूद हमास के खिलाफ देश का युद्ध जारी रहेगा। हमारी बहुत सारी महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ हैं, लेकिन दर्दनाक हानियाँ भी हैं। हम जानते हैं कि हमारा हर सैनिक पूरी दुनिया है।



कतर की मध्यस्थता से हुए समझौते के बाद हमास द्वारा कई विदेशियों और गंभीर रूप से घायल लोगों को रिहा किया जा रहा था। फिलिस्तीनी दूरसंचार प्रदाता पालटेल ने आज कहा कि संचार और इंटरनेट सेवाएं बुधवार को बंद कर दी गईं। गाजा पट्टी पर हफ्तों तक बमबारी करने के बाद, इजरायल ने अपनी जमीनी सेना को इलाके में भेज दिया है। देश ने हमास को धरती से मिटा देने की कसम खाई है। इज़रायल के जवाबी हमलों ने गाजा में मानवीय संकट पैदा कर दिया है क्योंकि 7 अक्टूबर से अब तक 3542 बच्चों सहित 8500 से अधिक फिलिस्तीनियों की मौत हो गई है। देश ने बड़े पैमाने पर मानवीय सहायता भी रोक दी है।

## भारत की रक्षा में लद्दाख का योगदान पूरा देश जानता है, राष्ट्रपति ने कहा- कई आदिवासी समुदायों की समृद्ध परंपराएं जीवित हैं

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि भारत के लोगों में लद्दाख में अपने साथी नागरिकों के प्रति विशेष स्नेह और सम्मान की भावना है और वे राष्ट्र की रक्षा में उनके योगदान के बारे में जानते हैं। यहां सिंधु घाट पर उनके सम्मान में आयोजित नागरिक अभिनंदन समारोह में शामिल होते हुए मुर्मू ने कहा कि सिंधु नदी सभी भारतीयों की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना की गहराई में मौजूद है। राष्ट्रपति भवन द्वारा जारी एक बयान में उनके हवाले से कहा गया है कि उन्होंने कहा कि भारत के लोगों में लद्दाख के लोगों के प्रति विशेष स्नेह और सम्मान की भावना है और वे राष्ट्र की रक्षा में लद्दाख के लोगों द्वारा किए गए योगदान के बारे में जानते हैं।

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि इस क्षेत्र के लोग बहादुरी और बुद्ध के प्रति अपनी आस्था के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान बुद्ध का अमर और जीवंत संदेश लद्दाख के माध्यम से दूर-दूर के देशों में फैला। राष्ट्रपति ने कहा कि लद्दाख में आध्यात्मिक पर्यटन, साहसिक पर्यटन और इको-पर्यटन के विकास की अनंत संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में वेलनेस टूरिज्म या स्वास्थ्य पर्यटन के विकास की अपार संभावनाएं हैं। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि यह खुशी की बात है कि लद्दाख में कई आदिवासी समुदायों की समृद्ध परंपराएं जीवित हैं।

उन्होंने कहा कि लोग प्रकृति के प्रति स्नेह और सम्मान के बारे में जानते हैं जो आदिवासी समुदायों की कलाओं, नृत्यों, गीतों और जीवनशैली में परिलक्षित होता है। मुर्मू ने इस बात पर प्रकाश डाला कि हमें पर्यावरण के लिए जीवन शैली के अनुसार आदिवासी समुदायों की जीवन शैली को संरक्षित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि उन समुदायों के लोगों को भी आधुनिक विकास की अच्छाइयों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। मुर्मू ने कहा कि परंपरा और आधुनिकता का यह संगम लद्दाख के लोगों सहित सभी नागरिकों के लिए सतत विकास का सही मार्ग साबित होगा।

## एआई के खतरों से बचाने के लिए ब्रिटेन में दुनियाभर के जानकार करेंगे मंथन

**लंदन (एजेंसी)।** तकनीक फायदेमंद है तो उसके नुकसान भी है। तकनीक का दुरुपयोग हुआ तो परिणाम कितने घातक होंगे इसकी कोई कल्पना भी नहीं कर सकता है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को लेकर भी कई तरह के खतरों की आहट सुनाई दे रही है। ऐसा कुछ न हो इसके लिए ब्रिटेन में पूरी दुनिया के जानकार एकत्रित होकर इस पर विचार मंथन करने जा रहे हैं। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के नेतृत्व में उनसे निपटने के तरीकों पर विचार-विमर्श करने के लिए 100 से ज्यादा विश्व नेता, तकनीकी दिग्गज, शिक्षाविद और शोधकर्ता अगले सप्ताह ब्रिटेन में एकत्रित होंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन कथित तौर पर अगले सप्ताह एआई के जोखिमों की निगरानी करने और एक कार्यकारी आदेश के माध्यम से प्रौद्योगिकी के नए उपयोग विकसित करने के लिए कई संघीय एजेंसियों को तैनात करने जा रहे हैं। यूके में दो दिवसीय 'एआई सुरक्षा शिखर सम्मेलन' में अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस, यूरोपीय आयोग के अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन, संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस और कई अन्य नेता के आने की संभावना है. बीबीसी के अनुसार, उनका उद्देश्य जोखिमों को कम करते हुए इस शक्तिशाली तकनीक के लाभों को अधिकतम करने के सर्वोत्तम तरीके के बारे में चर्चा में भाग लेना है। हाल की एक रिपोर्ट में यूके सरकार ने एआई के कुछ चिंताजनक संभावित खतरों को सूचीबद्ध किया है, जिनमें जैव-आतंकवाद, साइबर हमले और बाल यौन शोषण की डीपफेक इमेज शामिल हैं। जाहिर तौर पर, सुनक के पास एक योजना है, और यह एआई जोखिमों से निपटने के लिए एक महत्वाकांक्षी योजना है। रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है, वह यूके को एआई सुरक्षा के लिए वैश्विक नेता के रूप में स्थापित करना चाहते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, एक कार्यकारी आदेश के माध्यम से बाइडेन से उम्मीद की जाती है कि वह स्वास्थ्य देखभाल से लेकर शिक्षा, व्यापार से लेकर आवास और बहुत कुछ, संघीय सरकार द्वारा छूए गए जीवन के लगभग हर पहलू में अधिक एआई के उपयोग का मार्ग प्रशस्त करेगा।

# गाजा में सबसे बड़े शरणार्थी शिविर पर इज़राइल ने ली हमले की जिम्मेदारी

**जेरूसलम (एजेंसी)।** इजरायली सेना ने गाजा में सबसे बड़े जबालिया शरणार्थी शिविर पर हवाई हमले की जिम्मेदारी ली है। इजरायल ने कहा कि 7 अक्टूबर के हमले के लिए जिम्मेदार हमास के शीर्ष नेताओं में से एक हमले में मारा गया है। एक्स पर एक पोस्ट में, इज़राइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने कहा कि आईडीएफ लड़ाकू विमानों ने हमास की सेंट्रल जबालिया बटालियन के कमांडर इब्राहिम बियारी को मार गिराया। बियारी 7 अक्टूबर को आतंकी हमले के लिए जिम्मेदार नेताओं में से एक था। इजरायल ने क्षेत्र में हमास की कमान और नियंत्रण को नुकसान पहुंचाया और बड़ी संख्या में आतंकवादियों को मार गिराया, जो बियारी के साथ थे। हमले के बाद भूमिगत आतंकवादी बुनियादी ढांचे भी ध्वस्त हो गए। वहीं आईडीएफ ने क्षेत्र के निवासियों से अपनी सुरक्षा के लिए दक्षिण की ओर जाने का अपना आह्वान दोहराया। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार जबल्या गाजा पट्टी के आठ शरणार्थी शिविरों में से सबसे बड़ा है। मंगलवार के हवाई हमले का बचाव करते हुए आईडीएफ के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल जोनाथन कॉनरिकस ने कहा कि शरणार्थी शिविर को बियारी को मारने के लिए निशाना बनाया गया।

एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार वह आईडीएफ के खिलाफ सक्रिय रूप से समन्वय, संचालन और लड़ाकू गतिविधियों का नेतृत्व कर रहा था। आईडीएफ के प्रवक्ता ने कहा कि बियारी की गतिविधियां 2004 से पहले की हैं, जब उसने अशदोद में एक हमले की साजिश रची थी, इसमें 13 इजरायली मारे गए थे। कॉनरिकस ने कहा कि मंगलवार के हमले में हमास के दर्जनों लड़ाके भी मारे गए और शिविर के नीचे भूमिगत सुरंगें ढह गईं। कॉनरिकस ने कहा कि आईडीएफ ने हमला करते समय गैर-लड़ाकों के प्रभावित होने की संभावनाओं सहित सभी कारकों पर विचार किया था। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार सेना ने नागरिकों को पत्रक, सोशल मीडिया पर संदेशों और रेडियो प्रेषण के माध्यम से क्षेत्र छोड़ने के लिए सूचित किया था। कॉनरिकस ने कहा, मैं इस बात पर जोर देना चाहता हूं कि हमला का निशाना सैन्य गतिविधियों का एक केंद्र था। हालांकि इससे पहले मंगलवार को आईडीएफ ने कहा था कि उसके सैनिकों ने जबालिया में हमास के आतंकवादियों के गढ़ को निशाना बनाया था, जिसका इस्तेमाल आतंकवादी गतिविधियों के प्रशिक्षण और कार्यान्वयन के लिए किया जाता था। आईडीएफ ने एक्स पर कहा कि जमीनी हमले में सैनिकों ने लगभग 50 आतंकवादियों को मार गिराया, साथ ही आतंकवादी सुरंगों और हथियारों के प्रवेश द्वारों को भी नष्ट कर दिया। इस बीच, हमास ने इस बात से इनकार किया है कि हमले के दौरान उसका कोई सदस्य शिविर में मौजूद था। हमास के प्रवक्ता हाज़ेम क़ासिम ने इज़राइल पर जबल्या शिविर में रह रहे नागरिकों, बच्चों और महिलाओं की हत्या का आरोप लगाया।



## अब क्या हैं किम जोंग उन के इरादें? दुनिया भर में अपने दूतावास को बंद करने की तैयारी में नॉर्थ कोरिया

**प्योंगयांग (एजेंसी)।** उत्तर कोरिया स्पेन, हांगकांग और कई अफ्रीकी देशों सहित लगभग एक दर्जन दूतावासों को बंद करने की योजना बना रहा है। इस कदम से दुनिया भर में प्योंगयांग के लगभग 25 प्रतिशत राजनयिक मिशन बंद हो सकते हैं। उत्तर कोरिया के राजनयिक मिशनों को हाल ही में बंद करने को अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों के कारण विदेशी गतिविधियों से आय उत्पन्न करने में एकांतप्रिय राष्ट्र के सामने आने वाली चुनौतियों के प्रतिबिंब के रूप में देखा जाता है, जैसा कि मंगलवार को दक्षिण कोरिया के एकीकरण मंत्रालय ने नोट किया था। उत्तर कोरियाई राज्य मीडिया आउटलेट केसीएनए ने कहा कि देश के राजदूतों ने पिछले सप्ताह अंगोलन और युगांडा के नेताओं से विदाई की मुलाकात की, और दोनों अफ्रीकी देशों में स्थानीय मीडिया ने वहां उत्तर के दूतावासों को बंद करने की सूचना दी।

अंगोला और युगांडा दोनों ने 1970 के दशक से उत्तर कोरिया के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध बनाए हैं, सैन्य सहयोग बनाए रखा है और मूर्ति निर्माण परियोजनाओं जैसे विदेशी मुद्रा के दुर्लभ स्रोत प्रदान किए हैं। चाड ओ%कैरोल ने लिखा, दूतावास के बंद होने से दशकों में देश की सबसे बड़ी विदेश नीति में से एक के लिए मंच तैयार हो सकता है, जिसमें राजनयिक जुड़ाव, अलग-थलग देश में मानवीय कार्य और अवैध राजस्व उत्पन्न करने की क्षमता शामिल है। एक रिपोर्ट में कहा, संभवतः अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों, वैश्विक स्तर पर प्योंगयांग के अलग होने की प्रवृत्ति और उत्तर कोरियाई अर्थव्यवस्था के संभावित कमजोर होने के कारण एक दर्जन से अधिक मिशन बंद हो सकते हैं। सियोल के एकीकरण मंत्रालय ने कहा कि यह कदम उत्तर के परमाणु और मिसाइल कार्यक्रमों के लिए वित्त पोषण को रोकने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों के प्रभाव को दर्शाता है। मंत्रालय ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि वे पीछे हट रहे हैं क्योंकि अंतरराष्ट्रीय समुदाय के प्रतिबंधों को मजबूत करने के कारण उनका विदेशी मुद्रा अर्जन व्यवसाय लड़खड़ा गया है, जिससे दूतावासों को बनाए रखना मुश्किल हो गया है। यह उत्तर कोरिया की कठिन आर्थिक स्थिति का संकेत दे सकता है, जहां पारंपरिक रूप से मित्रवत देशों के



साथ न्यूनतम राजनयिक संबंध भी बनाए रखना मुश्किल है।

# विश्वकप : भारत और श्रीलंका के बीच मुकाबला आज

**मुम्बई (एजेंसी)।** एकदिवसीय विश्वकप में गुरुवार को भारतीय टीम का मुकाबला श्रीलंका से होगा। पहले ही सेमीफाइनल के लिए जगह पक्की होने के कारण भारतीय टीम इस मैच में बढ़े हुए मनोबल से उतरेगी। भारतीय टीम करीब 12 साल बाद वानखेड़े स्टेडिम में श्रीलंका के साथ होने वाले मुकाबले को जीतकर अपना विजय अभियन बरकरार रखना चाहेगी। भारतीय टीम ने अपने अब तक के सभी मैच जीते हैं। ऐसे में इस मुकाबले में वह जीत की प्रबल दावेदान नजर आती है। भारतीय टीम जहां लय में है, वहीं श्रीलंकाई टीम बेहद कमजोर स्थिति में है। वह सेमीफाइनल की दौड़ से तकरीबन बाहर हो गयी है। पिछली बार 2011 के विश्व कप फाइनल में भारत और श्रीलंका का मुकाबला इसी स्टेडियम में हुआ था। तब भारत ने मुकाबले के साथ ही खिताब भी जीता था। अब इस बार श्रीलंकाई टीम हिसाब बराबर करना चाहेगी।

इस बार भारतीय टीम पर कोई दबाव नहीं है। उसपर इस मैच के परिणाम से प्रभाव नहीं पड़ेगा पर श्रीलंका के लिए यह मैच जीतना बेहद अहम है। उसे टूर्नामेंट में बने रहने इस टूर्नामेंट में बड़ी जीत दर्ज करनी होगी जिससे कि उसका नेट रन रेट भी बेहतर हो। अभी श्रीलंकाई टीम अंक तालिका में 7वें स्थान पर हैं। 6 मैचों में उसके केवल दो मुकाबलों में ही जीत मिली है। अगर वह ये मैच बड़े अंतर से जीत लेती है तो अंक तालिका में पांचवे नंबर पर आ जाएगी। अभी जिस प्रकार के हालात है उसमें उसका जीतना संभवन नजर नहीं आता। टीम की बल्लेबाजी और गेंदबाजी कमजोर है। चोट के कारण उसके कई प्रमुख खिलाड़ी इस टूर्नामेंट से बाहर हैं।

भारत और श्रीलंका के बीच अब तक कुल 167 एकदिवसीय मैचों में आमना-सामना हुआ है। इस दौरान भारत ने 98 मुकाबलों में जीत दर्ज की है, जबकि श्रीलंका 57 मौकों पर विजयी हुआ है। दोनों टीमों के बीच 11 मैच बिना परिणाम के खत्म हुए और 1 मैच टाई पर खत्म हुआ। भारत और श्रीलंका की टीम के बीच एकदिवसीय विश्व कप में अब तक कुल 9 बार मुकाबला हुआ है। इसमें से चार में टीम इंडिया जीती है, तो इतने ही मैचों में मैदान श्रीलंका ने मारा है। वहीं, एक मैच का कोई परिणाम नहीं निकल सका है। वानखेड़े स्टेडियम की पिच अपनी समान उछाल और गति के कारण बल्लेबाजों को मदद करती है। यही कारण है कि इस पिच को बल्लेबाजों के लिए अच्छा माना जाता है। यहां जमकर रन बनते हैं।




### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**भारतीय टीम:** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, ईशान किशन (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, रवींद्र जडेजा, शार्दुल ठाकुर, कुलदीप यादव, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, आर अश्विन , सूर्यकुमार यादव, जसप्रीत बुमराह और केएल राहुल (विकेटकीपर)

**श्रीलंकाई टीम:** कुसल मेंडिस (ईएमएस), महेश तीक्ष्णा, दिलशान मदुशंका, पथुम निसांका, कुसल जेनिथ, दिमुथ करुणारत्न, चरित असलांका, धनंजय डीसिल्वा, सदीरा समारविक्रमा, दुनिथ वेल्लालागे, कसुन राजिथा, मथीशा पथिराना और लाहिरू कुमारा, चमिका करुणारत्ने

# पंड्या की वापसी के बाद अय्यर का बाहर होना तय



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या अभी अपनी चोट से उबर रहे हैं पर सेमीफाइनल में उनकी वापसी की उम्मीद है। पंड्या की वापसी के बाद बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को बाहर बैठना पड़ सकता है। इसका कारण है कि अब तक विश्वकप में अय्यर का प्रदर्शन खास नहीं रहा है जबकि आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने पिछले मैच में इंग्लैंड के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया था। सूर्यकुमार ने अपनी पारी के दौरान 49 रन बनाकर टीम को संभाला था।

टीम इंडिया के पूर्व चयनकर्ता जतिन परांजपे ने कहा, हम सभी जानते हैं कि सूर्यकुमार ने इंग्लैंड के खिलाफ मैच में रोहित का अच्छा साथ दिया। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ गेंदबाजों का अच्छी तरह से सामना किया। वहीं हार्दिक की टीम में वापसी पर केएल राहुल चौथे नंबर पर श्रेयस अय्यर की जगह बल्लेबाजी करने के लिए उपलब्ध हैं। वहीं पूर्व विकेटकीपर और कॉमेंटेटर दीप दास गुप्ता ने कहा कि सूर्यकुमार यह अंदाजा लगाने में सफल रहे थे कि लखनऊ की पिच पर 280 रन के आस-पास का स्कोर बनाना कठिन होगा। ऐसे में विरोध टीम के लिए 240 रन भी पर्याप्त रहेंगे। उन्होंने कहा कि अय्यर अभी अच्छी बल्लेबाजी भी नहीं कर रहे हैं। ऐसे में हालातों को देखते हुए 5वें और छठे क्रम पर सूर्यकुमार या पंड्या में से किसी एक को अवसर मिल सकता है। अय्यर के अब तक 6 पारियों में 34 की औसत से केवल 134 रन बनाए हैं। वे एक ही अर्धशतक लगा सके हैं। उनका स्ट्राइक रेट 85 का रहा है। वहीं सूर्यकुमार ने अब तक 2 पारियों में 51 रन बनाए हैं और उनका स्ट्राइक रेट 100 का रहा है।

# वानखेड़े स्टेडियम में लगेगी सचिन की प्रतिमा



**मुंबई (एजेंसी)।** महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर की एक प्रतिमा यहां के वानखेड़े स्टेडियम में लगने जा रही है। ये प्रतिमा भारत-श्रीलंका मैच से पहले लग जाएगी। सचिन इसमें अपने पसंदीदा लॉफ्टेड ड्राइव शॉट लगाते दिखेंगे। तेंदुलकर की इस प्रतिमा का अनावरण सचिन तेंदुलकर स्टैंड में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे करेंगे। इस दौरान सचिन सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे। इस महान क्रिकेटर की ये प्रतिमा मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) द्वारा बनाई गई है। वानखेड़े इस क्रिकेटर का घरेलू क्रिकेट मैदान भी है।

तेंदुलकर ने वानखेड़े स्टेडियम में कई बड़े रिकॉर्ड बनाए है। यही पर उन्होंने नवंबर 2013 में अपना आखिरी टेस्ट खेला था। प्रसिद्ध मूर्तिकार प्रमोद कांबले ने इस प्रतिमा को बनाया है। कांबले के अनुसार, तेंदुलकर की प्रतिमा 14 फीट ऊंची है। इसमें वह उस मुद्रा में दिखेंगे जिसके लिए वह जाने जाते थे। पहले इस प्रतिमा को एमसीए क्लब में रखा जाना था लेकिन बाद में एमसीए अधिकारियों ने इसे सार्वजनिक जगह पर लगाने का फैसला लिया ताकि सभी इसे देख सकें।

# चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए बीसीसीआई और पीसीबी में फिर छिड़ेगी जंग, पाकिस्तान नहीं जाएगा भारत?

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एक बार फिर भारतीय क्रिकेट बोर्ड और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के बीच जंग छिड़ती नजर आ रही है। दोनों बोर्डों के बीच अब चैंपियंस ट्रॉफी से पहले विवाद शुरू होता नजर आ रहा है। जिसके चलते भारतीय टीम का चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान जाना मुश्किल ही नजर आ रहा है।

दरअसल, आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी को लेकर बीसीसीआई और पीसीबी में एक नया विवाद शुरू होने वाला है। दोनों बोर्ड में आपसी टकराव सितंबर में खत्म हुए एशिया कप की शुरुआत से ही चल रहा है। पाकिस्तान एशिया कप 2023 का मेजबान था। इसके बाद भारत ने अपनी टीम को पाकिस्तान भेजने से साफ इंकार कर दिया था। काफी समय तक चले इस विवाद के बाद एशिया कप को हाइब्रिड मॉडल के तहत कराना पड़ा। जिसके बाद महज चार मैच पाकिस्तान जबकि शेष मुकाबले श्रीलंका में कराए गए। श्रीलंका में ही भारतीय टीम ने अपने एशिया कप के मैच खेले और आखिर में विजेता भी बना।




वहीं अब एक बार फिर चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की मेजबानी पाकिस्तान को सौंपी गई है। लेकिन बीसीसीआई ने मेन इन ब्लू को इस टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान जाने की अनुमति नहीं दी है। साथ ही भारत सरकार भी देश के खिलाड़ियों को पड़ोसी देश भेजने के लिए बिलकुल भी सहमत नहीं है।

इस स्थिति में आईसीसी के लिए एक दूसरा वेन्यू चुनना बड़ा काम होगा। टूर्नामेंट की मेजबानी के लिए श्रीलंका और यूएई अच्छा विकल्प माना जा रहा है। भारत के आईसीसी चैंपयंस ट्रॉफी का खिताब 2013 में आखिरी बार जीता था। इस मेगा इवेंट का मौजूदा चैंपियन फिलहाल पाकिस्तान है, जिसने आखिरी बार 2017 में भारत को हरा कर टूर्नामेंट पर कब्जा किया था।

फिलहाल, आईसीसी के एक प्रवक्ता ने ईएसपीएल क्रिकइन्फो को बताया है कि, आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए योग्य टीमें मेजबान पाकिस्तान और आईसीसी वर्ल्ड कप 2023 की टॉप 7 टीमें होंगी। इसे नवंबर 2021 आईसीसी द्वारा अप्रूव किया गया था। ऐसे में जो टीमें सेमीफाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहेंगी वे टूर्नामेंट में टॉप 8 में जगह बनाने के लिए कोशिश करेंगी।

# बाबर के प्रदर्शन से नाराज शाहिद अफरीदी बोले, राहुल और विराट से सीखें

लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के दिग्गज ऑलराउंडर शाहिद अफरीदी टीम के कप्तान बाबर आजम के प्रदर्शन से नाराज हैं। उन्होंने कहा कि बाबर ने अब तक न ही रन बनाये हैं और न मैच में जीत दिलायी। अफरीदी ने कहा , रन आना अलग बात है और उनका मैच जिताकर जाना दोनों अलग अलग बातें हैं। भारतीय टीम के केएल राहुल और विराट कोहली को देखिए। वो मैदान पर भी रहते हैं, रन भी बनाते हैं, गेंदे भी खेलते हैं और मैच जिताकर जाते हैं पर हमें बाबर में ऐसा कुछ भी दिखाई नहीं देता है। अफरीदी बोले, बाबर मैदान पर उतरते हैं तो हमें ऐसा लगता ही नहीं है कि ये मैच जिताकर आएंगे। वहीं ऐसा लगता है कि ये 50 रन बनाकर वापस आ जाएगा। हमें एक ऐसा खिलाड़ी चाहिए जो मैच जिताकर वापस आए। हमें सच में एक मैच विजेता खिलाड़ी की जरूरत है। मैं बाबर का प्रशंसक हूं। लेकिन अक्सर वह अपने प्रदर्शन से निराश करते हैं। अगर उन्हें महान वाली कैटेगरी में आना है तो उन्हें अपना शानदार प्रदर्शन दिखाना होगा। आजम का प्रदर्शन विश्व कप में अब तक कुछ खास नहीं रहा है। उन्होंने 7 मैचों में अब तक सिर्फ 216 रन बनाए हैं। इसमें तीन अर्धशतक हैं।

# रोहित ने स्ट्राइक रेट के मामले में विराट को पीछे छोड़ा



नई दिल्ली । भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा विश्वकप में इस बार नये अंदाज में दिखे हैं। रोहित को बल्लेबाजी में किये बदलाव का लाभ भी मिला है। ये पहली बार है जब वह रनों के मामले में विराट कोहली से आगे निकल आये हैं। रोहित ने अब तक आक्रामक तरीके से खेलते हुए 21 पारियों में 56 की औसत से 1056 रन बनाये हैं। इस दौरान उन्होंने 56 छक्के भी लगाये हैं। इसमें 2 शतक और 8 अर्धशतक शामिल हैं। उनका स्ट्राइक रेट भी 113 का रहा है। पहली बार करियर में रोहित बेहद तेजी से बल्लेबाजी कर रहे है जिससे भारतीय टीम अच्छी शुरुआत करने में सफल रही है। इससे टीम को एक दशक के खिताब मिलने की उम्मीदें प्रबल हो गयी हैं। रोहित शर्मा स्ट्राइक रेट के मामले में अब केवल वीरेंद्र सहवाग से ही पीछे हैं। सहवाग ने 2008 में 120 के स्ट्राइक रेट से 824 रन बनाए थे। वहीं स्ट्राइक रेट के मामले में पहली बार रोहित विराट कोहली से भी आगे निकले हैं।

विराट ने अपने एकदिवसीय करियर में 5 बार 100 से अधिक की स्ट्राइक रेट से रन बनाये हैं। वहीं कोहली ने साल 2014 में 104 के स्ट्राइक रेट से 685 रन बनाए थे। तब उन्होंने 3 शतक और 3 अर्धशतक भी लगाये थे। वहीं साल 2023 में कोहली ने अब तक 18 पारियों में 962 रन बनाये हैं। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 103 का रहा है और उन्होंने 4 शतक और 5 अर्धशतक लगाये हैं। दूसरी ओर रोहित ने इस बार 113 के स्ट्राइक रेट से रन बनाये हैं।

# आईसीसी वनडे रैंकिंग: शाहीन बने नंबर वन वनडे गेंदबाज, रोहित शर्मा को भी हुआ फायदा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान के स्टार तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी नंबर वन वनडे गेंदबाज बन गए हैं। शाहीन ने इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल द्वारा बुधवार को जारी की गई वनडे बॉलर्स रैंकिंग में 9 स्थानों की छलांग लगाई है। उनके 673 रेटिंग अंक हैं। वह ऑस्ट्रेलिया गेंदबाज जोश हेजलवनड दूसरे नंबर पर पिछड़ गए हैं। शाहीन ने पहली बार किसी भी फॉर्मेट में नंबर 1 रैंकिंग हासिल की है। दूसरी तरफ भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को भी इस रैंकिंग में फायदा हुआ है।



वर्ल्ड कप 2023 में शाहीन अफरीदी का प्रदर्शन प्रभावी रहा है। वह टूर्नामेंट में संयुक्त रू से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। शाहीन और ऑस्ट्रेलिया के स्पिनर एडम जम्पा 16-16 विकेट झटक चुके हैं। शाहीन ने हाल ही में बांग्लादेश और साउथ अफ्रीका के खिलाफ तीन-तीन विकेट चटकाए।

इस कड़ी में भारतीय पेसर मोहम्मद सिराज और साउथ अफ्रीका के स्पिनर केशव महाराज क्रमश ~ तीसरे और चौथे स्थान पर हैं। दोनों को एक एक स्थान का नुकसान हुआ है। वहीं पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम की नंबर वन बादशाहत खतरे में है। बाबर और भारत के सलामी बल्लेबाज शुबमन गिल के बीच अब सिर्फ दो अंक का फासला बचा है। बाबर के 818 अंक हैं जबकि गिल 816 अंकों के साथ दूसरे पायदान पर हैं।

वहीं कप्तान रोहित शर्मा को तीन स्थान का फायदा हुआ है और वो पांचवें नंबर पर पहुंच गए हैं। हालांकि, विराट कोहली को एक स्थान का घाटा झेलना पड़ा है। वह सातवें स्थान पर खिसक गए हैं।

# भारतीय तैराक वीरधवल खाड़े ने घरेलू टूर्नामेंटों को कहा अलविदा, राष्ट्रीय खेलों में 50 मीटर फीस्टाइल में जीता था गोल्ड



नई दिल्ली। बुधवार यानी 1 नवंबर को भारत के अनुभवी तैराक वीरधवल खाड़े ने राष्ट्रीय खेलों में 50 मीटर फ्रीस्टाइल में स्वर्ण पदक जीतने के बाद घरेलू टूर्नामेंटों को अलविदा कह दिया। बीजिंग ओलंपिक 2008 के लिये क्वालीफाई करने वाले भारत के सबसे युवा तैराक रहे खाड़े ने भारत के उदीयमान स्टार श्रीहरि नटराज को हराया। खाड़े ने 2010 एशियाई खेलों में 50 मीटर बटरफ्लाई में कांस्य पदक जीतकर भारत का 24 साल का इंतजार खत्म किया था। उन्होंने कहा ,''मैने 2001 में गोवा में ही अपना पहला राष्ट्रीय पदक जीता था और आज अपने आखिरी राष्ट्रीय खेल में फिर स्वर्ण पदक जीता है। उस समय मैने सोचा भी नहीं था कि यहां तक पहुंचूंगा। मैं अपने कोचों और इस सफर में साथी रहे सभी लोगों को धन्यवाद देता हूं।'' खाड़े ने चोट के कारण कुछ समय दूर रहने के बाद 2018 में वापसी करके तोक्यो ओलंपिक के लिये क्वालीफाई किया था। उन्होंने कहा ,'' दिल से मैं अभी भी जवान हूं लेकिन शरीर थक गया है। इतने साल बीत गए और अब रिकवरी उतनी तेजी से नहीं होती। यह भारत में मेरा आखिरी टूर्नामेंट है। भविष्य में शायद कोच बनूं लेकिन यह मेरी आखिरी प्रतिस्पर्धी रेस थी।

# ऑस्ट्रेलिया को लगा बड़ा झटका, गोल्फ कोर्ट से गिरे मैक्सवेल, इंग्लैंड के खिलाफ नहीं खेलेंगे

**मुम्बई (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ग्लेन मैक्सवेल के साथ बड़ा हादसा हो गया है। दरअसल, वो गोल्फ कोर्ट से गिरकर चोटिल हो गए हैं। जिस कारण वो अब इंग्लैंड के खिलाफ मुकाबला नहीं खेल पाएंगे। बता दें कि, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया का मुकाबला 4 नवंबर को खेला जाना है। क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू ने बताया कि मैक्सवेल गोल्फ कार्ट पर बैठे थे जब वह गिरे।

इस संबंध में आस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू डोनाल्ड ने कहा, ''क्लबहाउस से टीम बस की ओर लौटते समय ग्लेन मैक्सवेल कार्ट के पीछे से उतरने के दौरान चोटिल हो गए। उन्हें सिर में चोट (कनकशन) लगी है। उसे कनकशन प्रोटोकॉल से गुजरना होगा जिस कारण वह इंग्लैंड के खिलाफ नहीं खेल सकेगा।' बता दें कि, मैक्सवेल आस्ट्रेलिया के स्पिन आक्रमण का दारोमदार एडम जाम्पा के साथ संभालते हैं। इसके अलावा मध्यक्रम के अहम बल्लेबाज भी है जिन्होंने नीदरलैंड के खिलाफ दिल्ली में सिर्फ 40 गेंद में विश्व कप के इतिहास का सबसे तेज शतक बनाया था। मैक्सवेल को इससे पहले मेलबर्न में नवंबर में एक बर्थडे पार्टी के दौरान भी दुर्घटना में पैर में फ्रेक्चर हो गया था। न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ मैच के बीच एक सप्ताह का ब्रेक होने के कारण खिलाड़ी गोल्फ का मजा ले रहे थे। गौरतलब है कि, पिछले साल इंग्लैंड के विकेटकीपर जॉनी बेयरस्टो भी गोल्फ खेलते हुए गिर गए थे और टी20 विश्व कप नहीं खेल पाये थे जो इंग्लैंड ने जीता था। कोच ने कहा कि उनके विकल्प की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा, 'विकल्प की कोई जरूरत नहीं है। वह छह से आठ दिन कनकशन प्रोटोकॉल से गुजरेगा इसलिये इंग्लैंड के खिलाफ नहीं खेल पायेगा। हमारे पास दूसरे खिलाड़ी उपलब्ध हैं।'



# वर्ल्ड कप के बीच डेविड विली ने की इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा

मुम्बई । वर्ल्ड कप के बीच इंग्लैंड के तेज गेंदबाज डेविड विली ने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर खुद इसकी जानकारी दी। वहीं उन्होंने लिखा कि वो भारत में खेले जा रहे वनडे वर्ल्ड कप के बाद इंटरनेशनल क्रिकेट दोबारा कभी नहीं खेलेंगे। बता दें कि, विली ने एक्स पर लिखा, 'मैं कभी नहीं चाहता था कि ये दिन आए, बचपन से ही मैंने हमेशा एक ही सपना देखा–इंग्लैंड के लिए क्रिकेट खेलने का। इसलिए काफी सोच विचार करने के बाद बहुत ही अफसोस के साथ कहना चाहता हूं कि इस वर्ल्ड कप के आखिर में इंटरनेशनल क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से मेरे संन्यास लेने का समय आ गया है।' इस वर्ल्ड कप में विली ने 6 मैचों में से 3 मैच खेले हैं। वहीं वो वाइट बॉल क्रिकेट में इंग्लैंड टीम में बदलाव का हिस्सा थे और भारत में खेले गए 2016 वर्ल्ड कप में इंग्लैंड के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज थे। विली ने 6 मैचों में 10 विकेट लिए थे, उस वर्ल्ड कप के फाइनल में इंग्लैंड वेस्टइंडीज के खिलाफ हारा था। विली दाएं हाथ के बल्लेबाजों के खिलाफ गेंद को स्विंग कराने की क्षमता के लिए जाना जाता है। विली ने अपने पिछले मैच में विराट कोहली, केएल राहुल और सूर्यकुमार यादव के अहम विकेट समेत 3 विकेट लेकर भारत को परेशान किया था। विली के संन्यास का ऐलान ऐसे समय में आया है, जब गत चैंपियन इंग्लैंड की टीम का इस वर्ल्ड कप में प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा है और उसे अपने पहले 6 मैचों में से 5 में हार का सामना करना पड़ा है। इंग्लैंड की वनडे वर्ल्ड कप टीम में शामिल 33 साल के डेविड विली ने 2015 में आयरलैंड के खिलाफ वनडे मैच से इंग्लैंड के लिए अपना डेब्यू किया था। विली ने इंग्लैंड के लिए 70 वनडे में 94 विकेट और 43 टी20 में 51 विकेट झटके हैं।



# टीम इंडिया को विश्वकप में कोई टीम टक्कर नहीं दे पायी: स्मिथ

**मुंबई (एजेंसी)।** (ईएमएस)। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान ग्रीम स्मिथ भारतीय क्रिकेट टीम की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि इस बार विश्वकप में उसे किसी भी टीम ने टक्कर नहीं दी है। स्मिथ के अनुसार अनुभवी हरफनमौला हार्दिक पंड्या के चोटिल होकर बाहर होने से भी भारतीय टीम पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा। साथ ही कहा कि विश्व कप में भारतीय टीम अब तक हावी रही है और कोई भी टीम उसे टक्कर नहीं दे पायी है। भारतीय टीम ने अब तक सभी छह मैचों में जीत हासिल कर अंक तालिका में नंबर एक स्थान हासिल किया है। इस पूर्व कप्तान ने कहा कि भारत ने इतना प्रभावशाली प्रदर्शन किया है कि अभी तक टूर्नामेंट में उसे किसी से भी कड़ी टक्कर नहीं मिली है। इंग्लैंड के खिलाफ टीम के केवल 230 रन बनाने के बाद लगा कि वे इस बार मुश्किल में आ जाएंगे पर जिस प्रकार इंग्लैंड टीम आउट हुई उससे साफ हो गया कि वह पिच बल्लेबाजों के लिए आसान नहीं थी। स्मिथ ने यह भी माना कि एक टीम के रूप में भारत पिछले कुछ साल से घरेलू मैदान पर एक मजबूत प्रतिद्वंद्वी रहा है।


उन्होंने कहा कि घरेलू मैदान पर भारत को हराना हमेशा कठिन होता है। वे अपनी परिस्थितियों में बहुत अच्छा खेलते हैं। उनके पास संतुलित टीम है। इसके साथ ही तेज और स्पिन गेंदबाजी का शानदार मिश्रण है। उन्होंने अपनी सभी कमजोरियों को दूर किया है। दक्षिण अफ्रीका के सबसे सफल कप्तान रहे स्मिथ ने कहा कि हार्दिक के चोटिल होने से भारतीय टीम का संतुलन थोड़ा गड़बड़ा गया था पर उन्होंने एक बल्लेबाज और एक अतिरिक्त गेंदबाज रखकर कमी पूरी कर ली। स्मिथ ने कहा कि भारतीय टीम के पास ऐसे खिलाड़ियों की कोई कमी नहीं है जो इन हालातों से निपटने का तरीका ढूंढ सकते हैं। भारतीय टीम के मैचों में स्टेडियम दर्शकों से पूरी तरह से भरे रहे हैं। स्मिथ ने कहा कि भारतीय टीम ने प्रशंसकों की उम्मीदों का दबाव हावी नहीं होने दिया है।





# ऐश्वर्या-नील के रिश्ते पर विक्की ने किया कमेंट, एक्ट्रेस ने दिया जवाब

पॉपुलर शो बिग बॉस सीजन 17 के बीते एपिसोड में दो वाइल्डकार्ड एंट्री हुई है। समर्थ जुरेल और मनस्वी ममगई के आने से घर का माहौल एकदम बदल गया है। ईशा मालवीय और अभिषेक कुमार की तो लाइफ में वक्त और जज्बात और हालात दोनों बदल गए। बता दें शो में काफी हड़कंप देखने को मिला । वहीं, अब आने वाले एपिसोड में भी काफी कुछ नया देखने को मिलेगा। ईशा और अभिषेक के अलावा, विक्की जैन और ऐश्वर्या शर्मा के बीच भी भयंकर तू-तू, मैं-मैं देखने को मिलेगी। आपको बता दें अपकमिंग एपिसोड में शांत स्वभाव की दिखने वाली ऐश्वर्या शर्मा का गुस्सा फूटने वाला है। इस एपिसोड में वो विकी जैन को लपेटते हुए नजर आएंगी। दरअसल, विक्की ने नील और ऐश्वर्या के रिश्ते को लेकर कुछ ऐसा कह दिया है, जिसकी वजह से ऐश्वर्या का पारा हाई हो गया है। और वे विक्की पर बरसती नजर आ रही हैं। प्रोमो में दिखाया गया है कि, घर के कुछ कंटेस्टेंट्स गार्डन एरिया में चील करते नजर आ रहे हैं। इस दौरान विक्की नील से मजाक करते दिख रहे हैं। वो नील से कहते हैं कि- तूने गलती से डेटिंग के टाइम पर कह दिया था कि तू बहुत क्यूट लगती है ऐसे करते हुए. इसके जवाब में नील हंसते हुए कहते हैं कि हमने डेट नहीं किया सीधा शादी की, जिसके बाद विक्की जोर से हंसते हुए दिखाई देते हैं। वहीं ये सब सुन ऐश्वर्या को बिल्कुल भी अच्छा नहीं लगता और वे काफी अपसेट हो जाती है, जिसके बाद वो नील से भी इस बारे में बात करती हुई नजर आती हैं। एक्ट्रेस कहती है कि खुद की शादी का ठिकना नहीं है। वो हमारी पर्सनल लाइफ पर कैसे कमेंट कर सकता है। आने वाले एपिसोड में ऐश्वर्या विक्की पर बुरी तरह से भड़कती नजर अएंगी। वे कहती हैं कि ये अकेला ही पीड़ित मर्द है यहां पर, जिसके जवाब में विक्की कहते हैं कि ऐसा क्यों लग रहा है तुम्हें, इस बीच दोनों की बहस शुरू हो जाती है और ऐश्वर्या जोर-जोर से चिल्लाने लगती हैं। इस दौरान वो विक्की को कहती हैं कि दूसरे के रिश्तों की पंचायत करने की आपको कोई जरूरत नहीं है।




# पूरे भारत में पहुंची थी प्रेम रतन धन पायो

बॉलीवुड स्टार सोनम कपूर ने खुलासा किया, 'प्रेम रतन धन पायो एक ऐसी फिल्म थी जो पूरे भारत में पहुंची! यह मेरी उन फिल्मों में से एक थी जो बहुत अच्छी चली और मैंने जो भी कपड़े पहने थे, वे सभी अनामिका ने बनाए थे। फिल्म में मैंने खुद को स्टाइल किया था; मैंने पश्चिमी परिधान भी पहने थे, लेकिन मेरे सभी भारतीय परिधान अनामिका खन्ना द्वारा डिजाइन किए गए थे। सोनम आगे कहती हैं, 'मुझे याद है कि मैं कुछ शादियों में गई थी और मैंने बहुत सारी लड़कियों को एक जैसे कपड़े पहने हुए देखा था और मुझे लगा कि यह अद्भुत है। मुझे एहसास हुआ कि यही सिनेमा की ताकत है।

शुरुआत में मुझे यह समझ में नहीं आया और सूरज जी (बड़जात्या) ने मुझे बताया कि यह हरे रंग की साड़ी थी जो माधुरी ने उनकी एक फिल्म में पहनी थी और वह बकाइन और पीली साड़ी थी जो अमृता ने पहनी थी और ये पोशाकें थीं जो वास्तव में काम कर गयी। वह आगे कहती हैं, सूरज जी ने कहा, ये वे रंग हैं जो मुझे चाहिए, और आप देखेंगे कि यह काम करेगा। मेरे लेट ट्वेंटीज में, उस समय मेरे कई दोस्तों की शादियाँ हो रही थीं और मैं उन शादियों में जा रही थी और मैंने उनमें से कई को वही अनामिका पोशाक पहने देखा जो मैंने प्रेम रतन धन पायो में पहनी थी और मुझे वह बहुत अद्भुत लगी और बहुत खुशी और गर्व महसूस हुआ!卐 सोनम, अपनी अविश्वसनीय स्टाइलिंग समझ के माध्यम से, दुनिया में भारत की फैशन एंबेसडर हैं। वह एक उद्यमी भी हैं जिन्होंने रहसन और भाने जैसे अपने व्यावसायिक उद्यमों के माध्यम से फैशन में भारी निवेश किया है। वह वैश्विक स्तर पर फैशन की सबसे प्रभावशाली आवाज़ों में से एक हैं और भारत में एक लक्जरी ब्रांड की इक्विटी पर उनका अविश्वसनीय प्रभाव है।

सोनम का कहना है कि वह आज जो स्टाइल आइकन हैं, बनने के लिए उन्होंने फैशन पर कभी किसी हैंडबुक का पालन नहीं किया। अभिनेत्री कहती हैं, 'मैं मिथुन राशि का हूं, इसलिए जब भी मैं सुबह उठती हूं तो मुझे लगता है कि मेरा मूड हर दिन अलग होता है और मैं हर दिन एक अलग व्यक्ति होता हूं। और मुझे लगता है कि हम खुद को अभिव्यक्त करने का एक तरीका वह है जो हम पहनते हैं। मुझे लगता है, जैसे आप किसी को भी कुछ भी पहने हुए देखते हैं, हम बता सकते हैं कि वे कौन हैं, इंसान के रूप में। यह अभिव्यक्ति का एक रूप है।卐

काम के मोर्चे पर, सोनम अगले साल से शुरू होने वाले दो प्रोजेक्ट्स में दिखाई देंगी, जिनमें से एक बैटल फॉर बिटोरा है और दूसरे को गुप्त रखा गया है। मालूम हो कि फैशन आइकन और बॉलीवुड स्टार सोनम कपूर का भारतीय फैशन परिदृश्य और पॉप संस्कृति पर प्रभाव निर्विवाद है। उन्हें इसका एहसास तब हुआ जब उन्होंने अपनी ब्लॉकबस्टर फिल्म प्रेम रतन धन

# अनुपम खेर की समझाइश, अपने माता-पिता को कभी हल्के में नहीं लें

अभिनेता अनुपम खेर ने समझाइश दी है कि कभी अपने माता ?पिता को हल्के में नहीं लेना चाहिए। उन्होंने माता-पिता का महत?व बताते हुए हाल ही में एक लंबा वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें वह कह रहे हैं कि यह कभी नहीं भूलना चाहिए कि हम जहां भी खड़े हैं, वह हमारे माता-पिता की देखभाल, प्यार और आशीर्वाद का नतीजा है, जिसने हमें उस मुकाम तक पहुंचाया है। अभिनेता अनुपम खेर ने अपने इंस्टाग्राम पर एक लंबा वीडियो पोस्ट किया। बैकग्राउंड में अपनी और अपनी मां की तस्वीर के साथ, द वैक्सीन वॉर अभिनेता ने रील को कैप्शन दिया, माता-पिता के आशीर्वाद से बढ़कर इस दुनिया में कुछ भी नहीं है। खासकर अगर आप अपने माता-पिता से दूर रहते हैं तो इन चार बातों का ध्यान रखें, हम अपने माता-पिता को सबसे ज?यादा महत्व देते हैं। उन्हें दिखाएं कि आप उनसे प्यार करते हैं और नियमित रूप से उनकी देखभाल करते हैं। यह उनके लिए दुनिया है, और ऐसा करने में ज?यादा कुछ नहीं लगता। उन्होंने कहा कि दोस्तों, अगर आप अपने माता-पिता से अलग रह रहे हैं, तो कृपया हमेशा उन्हें याद रखें और हर समय कॉल करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने बात करने के चार कारणों से अवगत कराते हुए कहा कि पहला कारण, हमेशा अपने माता-पिता से उनके स्वास्थ्य के बारे में पूछें और उन्हें अपने स्वास्थ्य के बारे में सूचित करें, क्योंकि आपका स्वास्थ्य हमेशा उनके लिए प्राथमिकता रखता है। दूसरा, उन्हें हमेशा यह बताना सुनिश्चित करें कि आप जहां भी हैं, सुरक्षित और खुश हैं। ऐसा इसलिए कि आपकी खुशी में ही उनकी खुशी छिपी होती है। तीसरी बात, उन्हें यह बताना कभी न भूलें कि आप आज जहां भी हैं, यह उनके प्यार और देखभाल के कारण है। उन्हें हमेशा बताएं कि आप अपनी जड़ों को नहीं भूले हैं। उन्होंने आगे कहा कि अंत में यही कहूंगा कि हमेशा उन्हें यह बताना सुनिश्चित करें कि आप उनसे प्यार करते हैं, और यह उनके आशीर्वाद से है कि आप अब सफल और खुश हैं। वे हमेशा खुश रहेंगे और राहत भी महसूस करेंगे।



# 'टाइगर 3' में सलमान को पूरी टक्कर देंगी कैटरीना, बोलीं- किसी हीरोइन ने नहीं किया होगा ऐसा



कैटरीना कैफ इन दिनों फिल्म 'टाइगर 3' को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। फिल्म के ट्रेलर में सलमान खान की तरह कैटरीना भी खूब मार-धाड़ करती दिखी हैं। अब हाल ही में उन्होंने फिल्म में अपने किरदार पर बात की और बताया कि यह उनके लिए कितनी चुनौतीपूर्ण रहा। इसी के साथ कैटरीना ने फिल्म में अपनी जोया की भूमिका को अपने करियर की सबसे शानदार भूमिका बताया। आइए जानते हैं उन्होंने क्या कुछ कहा। कैटरीन बोलीं, 'टाइगर 3' दिखाएगी कि जब अपने परिवार या देश या मानवता को बचाने की बात आती है तो ऐसा कुछ नहीं है, जो एक महिला नहीं कर सकती। जोया बताती है कि लड़कियां पालन-पोषण करने के साथ-साथ खतरनाक रक्षक भी हो सकती हैं। उन्होंने कहा, जोया अपने धैर्य और साहस से किसी की भी बराबरी कर सकती है। वह लड़ाई से पीछे नहीं हटती और एक्शन के मामले में भी पुरुष के कंधे से कंधा मिलाकर चलती है। कैटरीना ने कहा, जोया मेरे करियर की सबसे पसंदीदा भूमिकाओं में से एक है। अपने किरदार की एक और चीज जो मुझे लुभाती है, वो ये है कि उसका एक्शन करने का तरीका या कहें स्टाइल भी बड़ा अनोखा है। वह बेहद जटिल से जटिल एक्शन दृश्यों को भी बड़ी आसानी से कर सकती है, जैसा कि आप ट्रेलर में देख सकते हैं। कैटरीना के मुताबिक, जोया का मुकाबला दुश्मनों की फौज से है, जिससे वह अकेले ही निपटती है। कैटरीना बोलीं, हम चाहते थे कि जोया में अधिक ताकत हो। मुझे सचमुच कड़ी मेहनत से गुजरना पड़ा। यह यकीनन मेरे करियर का सबसे कठिन प्रशिक्षण था। जोया का एक्शन देख आपको अहसास होगा कि ऐसे दृश्यों को पहले कभी किसी महिला ने नहीं किया। उन्होंने कहा, दुनिया की कुछ बेहतरीन एक्शन टीमों द्वारा बनाए गए इन दृश्यों को मैं दर्शकों को बड़े पर्दे पर दिखाने के लिए बेहद उत्साहित हूं। मैंने इनके लिए 2 महीने तक तैयारी की है। टाइगर फ्रेंचाइजी में जोया एक ऐसा किरदार है, जो किसी भी मामले में पुरुषों से कम नहीं है। वह एक खतरनाक और बुद्धिमान जासूस है, जो एक्शन के मामले में किसी से पीछे नहीं है। इस बार निर्माताओं ने इस किरदार का कद और बढ़ो दिया है। 'टाइगर 3' इस दिवाली यानी 12 नवंबर को रविवार के दिन रिलीज होगी। इस फिल्म के निर्देशन की कमान मनीष शर्मा ने संभाली है, वहीं आदित्य चोपड़ा इसके निर्माता हैं।

# कंगना रनौत की तेजस पर भारी पड़ी विक्रांत मैसी की फिल्म 12वीं फेल




सिनेमाघरों में इस हफ्ते दो फिल्में 'तेजस' और '12वीं फेल' रिलीज की गई हैं। जहां 'तेजस' में कंगना रनौत है तो वहीं '12वीं फेल' में विक्रांत मैसी ने लीड रोल प्ले किया है। दोनों ही स्टार्स की फिल्में सच्ची घटना से प्रेरित हैं लेकिन बॉक्स ऑफिस पर सिर्फ एक ही मूवी बाजी मार पाई है। विक्रात की फिल्म ने दूसरे दिन बॉक्स ऑफिस पर कंगना की फिल्म को पटखनी दे दी है। वो इससे आगे निकल गई है। इसका टोटल कलेक्शन 3 करोड़ के पार पहुंच गया है। मी?डिया रिपोर्ट के अनुसार, कंगना रनौत की फिल्म 'तेजस' ने दूसरे दिन 1.25 करोड़ का कलेक्शन किया, जो फिल्म और स्टारकास्ट के हिसाब से काफी कम है। दूसरे दिन भी बॉक्स ऑफिस पर फिल्म के कलेक्शन में कोई खास कमाल नहीं देखने के लिए मिल पाया है। इसकी ओपनिंग भी काफी खराब रही है। फिल्म ने पहले दिन भी 1.25 करोड़ का बिजनेस किया था। ऐसे में इसका दो दिनों में कुल बिजनेस 2.50 करोड़ तक पहुंच गया है हालांकि, फिल्म की स्टारकास्ट और स्टोरी लाइन के हिसाब से अच्छा नहीं कहा जाएगा। इसे लोगों से मिला-जुला रिएक्शन मिला था।

वहीं, विक्रांत मैसी की फिल्म '12वीं फेल' ने दूसरे दिन बॉक्स ऑफिस पर बंपर कमाई की है। शुरुआत रिपोर्ट्स के अनुसार फिल्म ने दूसरे दिन यानी कि शनिवार को 2 ।20 करोड़ का बिजनेस किया है जबकि, इसका पहले दिन का कलेक्शन 1.10 (हिंदी) करोड़ रहा है। ऐसे में अब विक्रांत की टोटल कमाई 3.30 करोड़ तक पहुंच गई है। ऐसे में अब ट्रेड एनालिस्ट और मेकर्स उम्मीद जता रहे हैं कि फिल्म संडे को और भी अच्छा बिजनेस करेगी। इसे 600 स्क्रीन्स पर रिलीज किया गया है। इसके बहुत ही लिमिटेड शो हैं फिर भी इसने कंगना की फिल्म को पीछे छोड़ दिया है।

# रोहित शेट्टी की फिल्म 'सिंघम 3' का पोस्टर लॉन्च, रणवीर ने कहा- आला रे आला, सिम्बा आला

रोहित शेट्टी की आगामी फिल्म 'सिंघम 3' में बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह एक बार फिर संग्राम भालेराव व सिम्बा की भूमिका को दोहराने के लिए तैयार हैं। रणवीर की सिम्बा वाला 'सिंघम 3' का नया पोस्टर ऊर्जा से भरपूर है। इंस्पेक्टर संग्राम भालेराव या सिम्बा के रूप में रणवीर बिल्कुल आकर्षक, स्टाइलिश और पहले से अधिक मजबूत लग रहे हैं, पोस्टर गारंटी देता है कि वह मनोरंजन के विस्फोट के साथ आने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। अभिनेता ने इंस्टाग्राम पर पोस्टर साझा किया, और लिखा, सबसे नटखट, सबसे निराला, आला रे आला, सिम्बा आला। एक सूत्र ने साझा किया, सुपरस्टार 'सिंघम 3' में वापस आ रहा है, लोग उनके सबसे प्रसिद्ध पात्रों में से एक के बहुप्रतीक्षित अवतार से एक्शन, कॉमेडी और मनोरंजन की उच्च खुराक की उम्मीद कर सकते हैं। सूत्र ने आगे कहा, हमेशा की तरह, उनके वन लाइनर्स हलचल मचा देंगे और दर्शकों को हंसने पर मजबूर कर देंगे। फिल्म में अजय देवगन और दीपिका पादुकोण भी हैं।

